वर्ष-07 - अंक 302
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शनिवार ,08 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा.................................... 3
बोल बम की गूंज और सुशासन का संकल्प : उत्तर प्रदेश की................ 4
छोटे भाई अबान की अंतिम विदाई में शामिल होंगे .................... 11

## भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, 24 घंटे हेल्पलाइन सक्रिय: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** खाड़ी क्षेत्र में भारतीय नाविकों और भारतीय ध्वज वाले जहाजों की सुरक्षा को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार समन्वय कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में स्थित भारतीय मिशनों ने 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन शुरू कर रखी है। यह सुविधा नाविकों के साथ-साथ अन्य भारतीय नागरिकों के लिए भी उपलब्ध है। जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन के माध्यम से तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन शिपिंग मंत्रालय, संबंधित देशों के समुद्री प्राधिकरणों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं, ताकि भारतीय नाविकों या भारतीय ध्वज वाले जहाजों को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को संसद को बताया कि खाड़ी क्षेत्र से 4,052 भारतीय नाविकों को वापस लाया गया है। उन्होंने बताया कि 3 अगस्त तक भारत आने वाले 62 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर चुके हैं। इनमें 23 भारतीय ध्वज वाले और 39 विदेशी ध्वज वाले जहाज शामिल हैं। बदलती समुद्री सुरक्षा स्थिति को देखते हुए समुद्री प्रशासन महानिदेशालय (डीजीएमए) अपनी सलाह लगातार अद्यतन कर रहा है। सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सक्रिय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। इसके अलावा जहाजों और चालक दल का प्रत्यक्ष आंकड़ा तंत्र तैयार किया गया है। जहाजों की आवाजाही, भारतीय नाविकों, घटनाओं और हताहतों की स्थिति पर हर 24 घंटे में अद्यतन जानकारी जारी की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने सभी पक्षों से आम नागरिकों और नागरिक ढांचे को निशाना बनाने से बचने की अपील की है। विशेष रूप से वाणिज्यिक जहाजों और उनमें कार्यरत नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।



जायसवाल ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में स्थित भारतीय मिशनों ने 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन शुरू कर रखी है। यह सुविधा नाविकों के साथ-साथ अन्य भारतीय नागरिकों के लिए भी उपलध है। जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन के माध्यम से तत्काल सहायता उपलध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन शिपिंग मंत्रालय, संबंधित देशों के समुद्री प्राधिकरणों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं, ताकि भारतीय नाविकों या भारतीय ध्वज वाले जहाजों को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। केंद्रीय पान, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को संसद को बताया कि खाड़ी क्षेत्र से 4,052 भारतीय नाविकों को वापस लाया गया है।

# मोदी-बादल मुलाकात से भाजपा अकाली गठबंधन की अटकलें तेज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की संसद परिसर में हुई मुलाकात ने राज्य की सियासत में हलचल बढ़ा दी है। दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद भाजपा और अकाली दल के बीच संभावित चुनावी गठबंधन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, दोनों दलों की ओर से गठबंधन को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बताया गया कि मुलाकात के दौरान सुखबीर बादल ने पंजाब की कानून-व्यवस्था समेत राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रधानमंत्री के सामने रखे। वहीं, पंजाब भाजपा नेतृत्व का कहना है कि पार्टी फिलहाल राज्य की सभी 117 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।



### दो दशक से अधिक साथ रहा गठबंधन

भाजपा और अकाली दल दो दशक से अधिक समय तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख सहयोगी रहे। सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर अकाली दल ने राजग से अलग होने का फैसला किया था। बाद में केंद्र सरकार ने कृषि कानून वापस ले लिए, लेकिन दोनों दलों के बीच राजनीतिक दूरी बनी रही। अब चुनाव से पहले मोदी और बादल की मुलाकात ने पुराने गठबंधन की संभावित वापसी की चर्चाओं को फिर हवा दे दी है। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा और अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। भाजपा को 2 सीटें, जबकि अकाली दल को 3 सीटें मिली थीं। आम आदमी पार्टी ने बहुमत हासिल कर भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। कांग्रेस भी सत्ता से बाहर हो गई थी। अकाली दल के लिए यह विधानसभा चुनाव अब तक के सबसे कमजोर प्रदर्शनों में से एक रहा। पार्टी के सामने संगठनात्मक कमजोरी और जनाधार मजबूत करने की चुनौती बनी हुई है। अकाली दल के साथ संभावित गठबंधन की चर्चाओं के बीच भाजपा ने अभी अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है। पंजाब भाजपा नेतृत्व लगातार सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की बात कह रहा है। ऐसे में मोदी-बादल मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों दलों ने गठबंधन पर चुप्पी साध रखी है, लेकिन मुलाकात ने पंजाब में संभावित नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चाओं को जरूर तेज कर दिया है।

2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में भाजपा और अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। भाजपा को 2 सीटें, जबकि अकाली दल को 3 सीटें मिली थीं। आम आदमी पार्टी ने बहुमत हासिल कर भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। कांग्रेस भी साा से बाहर हो गई थी। अकाली दल के लिए यह विधानसभा चुनाव अब तक के सबसे कमजोर प्रदर्शनों में से एक रहा। पार्टी के सामने संगठनात्मक कमजोरी और जनाधार मजबूत करने की चुनौती बनी हुई है। अकाली दल के साथ संभावित गठबंधन की चर्चाओं के बीच भाजपा ने अभी अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भर्ती विवाद पर निशिकांत दुबे सख्त, 13 अगस्त तक सरकार को अल्टीमेटम

**रांची।** झारखंड में सरकारी भर्तियों को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बीच अभ्यर्थियों का आंदोलन तेज हो गया है। इसी बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार को 13 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। निशिकांत दुबे ने कहा कि यदि तय समय तक सरकार छात्रों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है तो वह पार्टी नेतृत्व से अनुमति लेकर भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि संसद का मौजूदा सत्र 13 अगस्त तक चलेगा और इसके बाद वह आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार करेंगे। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से झारखंड में सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता का अभाव रहा है, जिससे हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने राज्य सरकार से पिछले सात-आठ वर्षों में हुई सभी सरकारी भर्तियों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग की।

### सांसद मुकेश राजपूत समेत 38 नामजद पर एफआईआर, 50 अज्ञात भी आरोपी

**कासगंज।** एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर थाना सहावर पुलिस ने फर्रुखाबाद से सांसद मुकेश राजपूत समेत 38 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में बलवा, लूट, घर में घुसकर हमला और जानलेवा हमले समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने गांव लक्ष्मीपुर निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह की तहरीर के आधार पर यह कार्रवाई की है। शिकायतकर्ता लक्ष्मण सिंह का आरोप है कि उनका तीन मंजिला मकान अवंतीबाई नगर में स्थित है। उनके बेटे रवींद्र कुमार का विवाह रीना राजपूत से हुआ था, जो सांसद मुकेश राजपूत की बहन हैं। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पारिवारिक विवाद को लेकर उन्हें कथित रूप से दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। तहरीर के अनुसार, करीब एक वर्ष पहले सांसद और उनके सहयोगियों के प्रभाव में मकान की दुकान पर कथित रूप से कब्जा कराया गया तथा रवींद्र के साथ मारपीट कर उसे बाहर निकाल दिया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 7 सितंबर 2025 को विवाद के बाद रीना राजपूत ने मायके फोन किया, जिसके बाद उसी शाम करीब आठ बजे दर्जनों लोग हथियारों के साथ घर के बाहर पहुंच गए और मकान को घेर लिया।

## सपा पर बरसे योगी, परिवारवाद-भ्रष्टाचार और दंगों को लेकर साधा निशाना

**अंबेडकरनगर(एजेंसी)।** गोविंद साहब में शुक्रवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद, कानून-व्यवस्था, सरकारी भर्तियों और दंगों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में योग्यता के बजाय भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, जबकि वर्तमान सरकार विकास, रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान उन्होंने गोविंद साहब मेले को राजकीय मेला घोषित करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा सरकार में पिछड़ों और युवाओं के हितों की अनदेखी हुई। सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता का अभाव था और प्रश्नपत्रों की खरीद-फरोख्त तथा नौकरियां बेचने जैसी शिकायतें सामने आती थीं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2017 के बाद उनकी



सरकार ने नौ लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सरकारी नौकरी दी है। योगी ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान बालू, भूमि, वन और पशु माफिया सक्रिय थे और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। उन्होंने दावा किया कि अब माफिया और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ और कानपुर में हुए दंगों का उल्लेख करते हुए पिछली सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान 'नो कर्फ्यू, नो दंगा' के रूप में बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना से स्थानीय उत्पादों को देश-दुनिया में नई पहचान मिली है। इससे किसानों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को निशुल्क राशन, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक का उपचार, निराश्रित महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को पेंशन तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, बिजली और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर 'अपॉर्च्युनिटी जोन' विकसित करने की योजना है। इन केंद्रों के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस पर ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव, वीरांगना ऊदा देवी, रानी दुर्गावती, अवंतीबाई लोधी, महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, डॉ. भीमराव आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महाराज और ज्योतिबा फुले से जुड़े स्थलों के विकास का उल्लेख किया।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश का कहर

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में लगातार हो रही तेज बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं राजधानी के कई इलाकों में जलभराव और भारी यातायात जाम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सड़कों पर पानी भरने के कारण वाहन घंटों रेंगते नजर आए और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। गुरुवार सुबह से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। बारिश की तीव्रता को देखते हुए मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिन में दो बार रेड अलर्ट जारी किया। राजधानी के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के बाद संगम विहार की कई गलियों में जलभराव की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि



बच्चे पानी में तैरते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान हर वर्ष ऐसे हालात पैदा होते हैं। दिल्ली-एनसीआर के कई प्रमुख इलाकों में भी सड़कें जलमग्न रहीं। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कार्यालय जाने वाले लोगों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को भारी जाम का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश के कारण राजधानी के तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से 6.7 डिग्री कम होकर 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## टीएमसी विधायक कुणाल घोष की याचिका खारिज

**कोलकाता(एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक कुणाल घोष की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने विधानसभा में बोलने का पर्याप्त अवसर नहीं दिए जाने का आरोप लगाया था। अदालत ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाही और किसी विधायक को बोलने का अवसर देना विधानसभा की आंतरिक प्रक्रिया का हिस्सा है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति कृष्णा राव की पीठ ने कहा कि अदालत विधानसभा अध्यक्ष को यह निर्देश नहीं दे सकती कि किसी विधायक को कब और कितनी देर बोलने का अवसर दिया जाए। यदि किसी सदस्य को सदन में अपनी



बात रखने को लेकर शिकायत है तो उसे विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए। कुणाल घोष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वरूप भट्टाचार्य ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल का नाम लगातार वक्ताओं की सूची में शामिल नहीं किया जा रहा है। उनका आरोप था कि मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) की ओर से नाम नहीं भेजे जाने के कारण विधायक को विधानसभा में बोलने का अवसर नहीं मिल रहा है।

## रांची में छात्र आंदोलन के दौरान बवाल, आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा पर फेंकी स्याही

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक और परीक्षा सुधारों की मांग को लेकर शुक्रवार को निकाले गए छात्र मार्च के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा पर एक युवक ने स्याही फेंक दी। घटना बिरसा चौक के पास हुई, जहां बड़ी संख्या में छात्र तिरंगा और विभिन्न मांगों से जुड़ी तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान भीड़ में मौजूद एक युवक ने कथित तौर पर नारे लगाते हुए



नेहा बोरा पर स्याही फेंकी। अचानक हुई इस घटना के बाद मौके पर हंगामा शुरू हो गया। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में लिए गए युवक ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि वह नेहा बोरा को कथित तौर पर 'राष्ट्रविरोधी' और उमर खालिद का समर्थक मानता है। पुलिस मामले में उसके बयान और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है। वहीं, आइसा नेताओं ने घटना के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका होने का आरोप लगाया है। हालांकि, प्रदर्शन में शामिल कुछ स्थानीय अभ्यर्थियों ने कहा कि उनका आंदोलन परीक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर है और वे नहीं चाहते कि कोई बाहरी संगठन या राजनीतिक दल उनके आंदोलन को अपने हित में इस्तेमाल करे। घटना के बाद नेहा बोरा ने सोशल मीडिया पर स्याही से सनी अपनी तस्वीर साझा की। उन्होंने कहा कि वह इस स्याही को गर्व के साथ स्वीकार करती हैं। उनका कहना था कि वह पहले भी पुलिस कार्रवाई और विभिन्न आंदोलनों का सामना कर चुकी हैं तथा इस तरह की घटनाएं छात्रों के अधिकारों की लड़ाई को कमजोर नहीं कर सकतीं। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई। विधानसभा क्षेत्र और आसपास के मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों तथा इसमें किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका की जांच की जा रही है।

## धामी कैबिनेट के 15 प्रस्तावों पर लगी मुहर, मजदूरी भुगतान के नियम भी बदले

**देहरादून(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 15 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक में स्वास्थ्य, कार्मिक, कौशल विकास, परिवहन, श्रम, वन और अन्य विभागों से जुड़े प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी ने दी। सरकार ने गोपालन योजना के तहत सामान्य वर्ग के लोगों को भी लाभ देने का निर्णय लिया है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को पशु खरीदने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। इसके अंतर्गत गाय और भैंस खरीदने का प्रावधान रहेगा। ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वन क्षेत्रों में उपलब्ध जड़ी-बूटियों के उपयोग और संरक्षण से जुड़े विषयों पर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति में भी संशोधन का निर्णय लिया गया है।



कैबिनेट ने उत्तराखंड मजदूरी संहिता नियमावली को मंजूरी दे दी। इसके तहत संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों का संरक्षण किया जाएगा। नियोजकों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक मजदूरी का भुगतान करना होगा। पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य के लिए समान मजदूरी देने का प्रावधान भी लागू होगा। मंत्रिमंडल ने नैनीताल हाईकोर्ट के लिए हल्द्वानी के गौलापार क्षेत्र में 30 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके अलावा उत्तराखंड राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के लिए 122 पदों के सृजन को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में उत्तराखंड माल एवं सेवा कर संशोधित अध्यादेश को भी मंजूरी दी गई। जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार की दिशा-निर्देशों को राज्य में लागू करने का निर्णय लिया गया, जिससे योजनाओं का हस्तांतरण संभव हो सकेगा। उत्तराखंड सहकारी समिति नियमावली के तहत अब कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति भी सहकारी समिति का सदस्य बन सकेगा। सरकार ने इसे समावेशी व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। गंगा एक्सप्रेस-वे के मेरठ से हरिद्वार तक विस्तार के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता किए जाने को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इससे दोनों राज्यों के बीच सड़क संपर्क को और बेहतर बनाने की दिशा में काम आगे बढ़ेगा। कैबिनेट ने उत्तराखंड औद्योगिक नियमावली को भी मंजूरी दी। इसका उद्देश्य नियोजक और कर्मकार के बीच संबंधों को बेहतर बनाना तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। शिकायत समिति के सदस्यों के चयन की प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई है। छंटनी किए गए कर्मचारियों को दोबारा अवसर देने का प्रावधान भी किया गया है।

## थाईलैंड के स्कूल में गोलीबारी शूटर समेत सात की मौत,15 घायल

**बैंकॉक(एजेंसी)।** थाईलैंड के नोंथबुरी शहर के बंग क्रुआई जिले स्थित देबसिरिन नोंथबुरी स्कूल में शुक्रवार को हुई गोलीबारी से हड़कंप मच गया। घटना में संदिग्ध हमलावर समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 15 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन छात्र और तीन शिक्षक शामिल हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गोलीबारी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और सुरक्षाकर्मी स्कूल परिसर में पहुंचे तथा छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संदिग्ध हमलावर नौवीं कक्षा का छात्र बताया जा रहा है। उसके पास 9 एमएम की हैंडगन होने की बात सामने आई है। एक प्रत्यक्षदर्शी छात्र के अनुसार, बैंगनी रंग की शारीरिक शिक्षा की पोशाक पहने एक हथियारबंद व्यक्ति ने स्कूल के अंदर कई राउंड गोलियां चलाई। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध हमलावर ने स्कूल की गुलाबी इमारत की तीसरी मंजिल पर खुद को बंद कर लिया था। बाद में वह मृत पाया गया। प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि उसकी मौत खुद को लगी गोली से हुई, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। घटना के बाद फोरेंसिक पुलिस ने स्कूल परिसर में जांच शुरू कर दी। अधिकारी गोलीबारी के पीछे के कारण और घटना के पूरे क्रम का पता लगाने में जुटे हैं। पुलिस ने लोगों से घटनास्थल के पास नहीं जाने और अभियान की लाइवस्ट्रीमिंग नहीं करने की अपील की है, ताकि राहत एवं जांच अभियान में बाधा न आए।

## संक्षिप्त खबरें

### मगध एक्सप्रेस से 60.36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, गाजीपुर से चार तस्कर गिरफ्तार

**दिलदारनगर (गाजीपुर)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत शुक्रवार को प्लेटफॉर्म संख्या एक पर खड़ी 20802 मगध एक्सप्रेस से चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 60.360 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। निरीक्षक प्रभारी संजीव कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह, सहायक उपनिरीक्षक ऋषिकेश राय शर्मा व आरक्षी अनिल कुमार भारती की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान ट्रेन की सामान्य बोगी में चार युवक पिट्ठू बैग व झोले के साथ संदिग्ध अवस्था में मिले। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश से शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने जा रहे थे। आरपीएफ ने बताया कि ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण ट्रेन में शराब ले जाना यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। बरामद शराब को जब्त कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। गिरफ्तार तस्करों बिहार के बक्सर जनपद के मुसाफिरगंज निवासी राजनाथ गोड़ के पास से 17.280 लीटर, वैशाली के मोहनपुर निवासी बिट्टू कुमार के पास से 13.200 लीटर, पटना के बख्तियारपुर निवासी शुभम कुमार 10.620 लीटर, पटना रसनपुर निवासी विशाल कुमार के पास से 19.260 लीटर शराब बरामद हुआ।

### 11 अगस्त से फिर शुरू होगा ऑपरेशन सेफ फ्यूचर 2.0, जांचेंगे स्कूली वाहनों का फिटनेस

**गाजीपुर।** परिवहन विभाग जल्द ऑपरेशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान चलाने जा रहा है। यह अभियान 11 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में 103 स्कूली वाहनों का फिटनेस फेल है। इसमें 20 से अधिक वाहनों का 15 साल पूरा होने के कारण उनका फिटनेस संभव नहीं है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 11 अगस्त से जनपद में स्कूल वाहनों का विशेष फिटनेस अभियान दोबारा शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान बस, वैन और अन्य स्कूली वाहनों की फिटनेस, आवश्यक दस्तावेज, सुरक्षा उपकरण, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर तथा चालक-परिचालक की पात्रता की जांच की जाएगी। निर्धारित मानकों का पालन न करने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। एआरटीओ धनवीर यादव ने स्कूल संचालकों से अपने वाहनों का फिटनेस पूर्ण कराने की अपील की है, अन्यथा बसों का चालान किया जाएगा।

### सड़क के अंदर समा गया पूरा ऑटो, रोड पर भरे पानी के बीच निकल रहा था, पांच सवारियां भी डूबीं

**आगरा।** इन दिनों सवाल एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे हैं। एक्सप्रेसवे को छोड़िए शहर की अंदरूनी सड़कें भी सुरक्षित नहीं। एत्माद्दौला क्षेत्र के नगला बिहारी में सीवर लाइन डालने को खोदी गयी सड़क के गड्ढे में शुक्रवार की शाम को ऑटो सवारियों समेत समा गया। पानी के तेज बहाव में बही छात्रा ने झाड़ी पकड़कर खुद बचाया। मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने किसी तरह चालक समेत चार तीन सवारियों को बाहर निकाला। तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक डा. धर्मपाल सिंह मौके पर पहुंच गए। घटना शुक्रवार की शाम सवा पांच बजे की है। टेढ़ी बगिया निवासी छात्रा राधा अपनी सहेली सोनिया के साथ प्रकाश नगर से आनलाइन कोचिंग करके लौट रही थीं। प्रकाश नगर से आटो में सवार हुईं, उसमें दो सवारियां पहले से थीं। प्रकाश नगर रेलवे पुल के नीचे जलभराव के चलते आटो चालक नगला बिहारी रेलवे लाइन किनारो होकर आ रहा था। यहां पर सीवर लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गयी है। सीवर लाइन के पाइप डालने के बाद अभी गिट्टी और मिट्टी नहीं डाली गयी है। कई दिन से हो रही वर्षा के चलते मिट्टी धंस गयी है। चालक को गड्ढे होने का अनुमान नहीं था। वहां से निकलते समय पूरा आटो सवारियों समेत पानी में समा गया। यह देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में ओबरा पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई।

थाना ओबरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 171/2026, धारा 70(2), 127(2) बीएनएस एवं धारा 3/4(2), 5G/6 पॉक्सो अधिनियम से संबंधित मुख्य अभियुक्त राहुल यादव पुत्र नागेश्वर उर्फ पच्चू यादव, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र को दिनांक 05.08.2026 को समय करीब 23:30 बजे सेक्टर-09 चौराहा, थाना ओबरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। साथ ही एक बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

दिनांक 04.08.2026 की रात थाना ओबरा क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म एवं घटना का वीडियो बनाए जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 171/2026, धारा 70(2), 127(2) बीएनएस एवं धारा 3/4(2), 5G/6 पॉक्सो अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल पीड़िता को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हुए चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य विधिक कार्यवाही कराई गई तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक थाना ओबरा सदानन्द राय, थाना ओबरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि दोनों आरोपी सेक्टर-09 चौराहे के पास छिपे हुए हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दोनों को पकड़ लिया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

**गिरफ्तार/पुलिस अभिरक्षा में लिए**

**पुलिस अभिरक्षा में एक बाल अपचारी, क्षेत्र में बना चर्चा का विषय**

**गए-** राहुल यादव पुत्र नागेश्वर उर्फ पच्चू यादव, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम खैरटिया, थाना ओबरा, सोनभद्र, एक बाल अपचारी, उम्र करीब 17 वर्ष। अभियुक्त के पास से 01 अदद OnePlus Nord 2 (5G) मोबाइल फोन ,01 अदद OPPO AxY मोबाइल फोन ?2,200/- नगद

**01 अदद गेट पास बरामद किया गया।**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, उ0नि0 जयशंकर सिंह, का0 प्रवीण कुमार राय, का0 धर्मेन्द्र राजभर, का0 राहुल श्रीवास,का0 अवनीश कुमार पाण्डेय शामिल रहे। ओबरा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## सावन का दूसरा सोमवार, रविवार शाम से ही भारी वाहनों का प्रवेश बंद

**आगरा।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शहर के प्रमुख शिव मंदिरों राजेश्वर महादेव, बल्केश्वर महादेव, रावली महादेव, पृथ्वीनाथ महादेव, कैलाश महादेव एवं मनःकामेश्वर महादेव मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। रविवार शाम से ही हजारों श्रद्धालु नगर परिक्रमा के लिए सड़कों पर होंगे। सोमवार को बल्केश्वर में मेला है। जिसे देखते हुए यातायात पुलिस ने नौ अगस्त की शाम चार बजे से सोमवार को कार्यक्रम की समाप्ति तक वाहरी और आंतरिक मार्ग परिवर्तन किया है। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर भारी वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीसीपी यातायात सोनम कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर रैपुरा जाट दक्षिणी बाइपास से कुबेरपुर कट के मध्य भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पूर्व में जारी सभी नो-एंट्री पास व अनुमति पत्र निरस्त माने जाएंगे। दिल्ली व मथुरा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मथुरा पुलिस द्वारा टाउनशिप चौराहा (रिफाइनरी) से गोकुल बैराज व उत्तरी बाइपास होकर यमुना एक्सप्रेसवे की तरफ मोड़ा जाएगा।

# पंचायत उत्सव भवन निर्माण को मिली प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/**उत्तर प्रदेश- जनपद की ग्राम पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने विकास खंड रॉबर्ट्सगंज की ग्राम पंचायत अरंगी में पंचायत उत्सव भवन के निर्माण कार्य हेतु 141.00 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह निर्माण कार्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य पूरी तरह पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो। कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाएगा तथा निर्माण कार्य की प्रारंभ, मध्य एवं अंतिम चरण की जियो-टैगिंग कराई जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का नियमित अभिलेखीकरण किया जाए तथा स्वीकृत डीपीआर एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप ही निर्माण कराया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्था एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप पंचायत उत्सव भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के लिए आधुनिक एवं सुव्यवस्थित भवन उपलब्ध हो सके।

# शासन की योजनाओ को जमीन पर उतारना हमारी प्राथमिकता- संजय कुमार वर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** सोनभद्र के नये सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक संजय कुमार वर्मा ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर उनका स्वागत एडीसीओ निर्मल मौर्य, डॉक्टर सुरेश,अजय कुमार, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी,सचिव संघ के अध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह, महामंत्री संतोष कुमार पटेल, कैडर सचिव अमित कुमार गौतम, कैडर सचिव/कैडर लिपिक कुमारी ज्योति एवं कार्यालय में कार्यरत एडीओ विनोद मौर्य,सहायक साख्यिकीय अधिकारी



आलोक कुमार शेखर, फार्मिंग सुपरवाइजर महेश कुमार मौर्य द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

नवागंतुक सहायक आयुक्त द्वारा स्वागत के लिए सभी अधिकारीगण और सचिवो का आभार व्यक्त किया गया।सहायक आयुक्त ने

**नये सहायक आयुक्त का जनपद मे भव्य स्वागत**

कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओ को जमीन पर उतारना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक एक भी किसान दुःखी है,तब तक हम अपने प्रयासो से संतुष्ट नही हो सकते। सहायक आयुक्त ने आज प्रथम दिन कार्यालय के काम काज का जायजा लिया और अपर जिला सहकारी अधिकारीगण से जनपद मे विभागीय योजनाओ की प्रगति के बारे मे विचार विमर्श किया। इस अवसर पर सभी एडीसीओ, कार्यालय सहायक और कई बीपैक्स सचिव उपस्थित रहे।

# प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ सोनभद्र निर्वाचन निर्विरोध संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस) शाखा सोनभद्र का चुनाव शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत 25 से 28 जुलाई 2026 तक नामांकन सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 08 पदों के लिए 08 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अध्यक्ष पद पर एक तथा शेष अन्य पदों पर भी एक-एक नामांकन प्राप्त होने से सभी प्रत्याशी दिनांक 04.08.2026 को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 06 अगस्त 2026 को जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 जी0 एस0 यादव ने सभी 08 प्रत्याशियों को मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रमेश कुमार मिश्रा के समक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। घोषित पदाधिकारियों में डा0 राजेश कुमार सिंह-अध्यक्ष, डा0 सुमन कुमार जायसवाल उपाध्यक्ष, डा0 गुरु प्रसाद मौर्य-उपाध्यक्ष, डा0 मोनिका सिंह- उपाध्यक्ष (महिला), डा0 मुन्ना प्रसाद- कोषाध्यक्ष, डा0 गिरधारी लाल-सम्पादक, डा0 संग्राम सिंह-सदस्य केंद्रीय कार्यकारिणी समिति सर्वसम्मति से चुने गये। सभी सदस्यों सर्वसम्मति से डा0 अखिलेश सिंह को शाखा का सचिव नियुक्त किया। निर्वाचन की घोषणा के बाद मुख्य चिकित्साधिकारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा चिकित्सकों के हितों में प्रभावी कार्य करने की बात कही।

## यूपी-112 के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ की गई मीटिंग, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**भदोही** दिनांक 07.08.2026 को जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था अक्षुण्ण बनाए रखने तथा आपातकालीन सेवाओं को अधिक सुदृढ़ करने हेतु अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, शुभम अग्रवालद्वारा यूपी-112 कार्यालय में यूपी-112 के समस्त पीआरवी (PRV) कर्मियों के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग के दौरान पीआरवी वाहनों के रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा की गई तथा ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया कि इवेंट (सूचना) प्राप्त होते ही तत्काल न्यूनतम समय में घटना स्थल पर पहुँचकर पीड़ित को सहायता प्रदान करें, जनता/पीड़ितों से अत्यंत शालीनता, मधुर एवं संवेदनशीलता के साथ वार्ता कर उनकी समस्या का समाधान कराएं, अपने-अपने आवंटित रूटों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों, चौराहों, बैंकों एवं धार्मिक स्थलों के आस-पास निरंतर गतिशील रहकर गश्त करें, वाहनों में लगे संचार उपकरणों, एमडीटी (MDT) व जीपीएस (GPS) को हमेशा क्रियाशील एवं दुरुस्त रखें तथा ड्यूटी के दौरान पूरी वर्दी में चुस्त-दुरुस्त रहें।

# बस्ती में फोरलेन किनारे मिला युवक का शव, मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** फोरलेन से करीब रिठिया-गनेशपुर मार्ग पर गुरुवार सुबह 37 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। करमा देवी शिक्षण संस्थान के पास शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत हादसे में हुई या किसी अन्य कारण से, इसका अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। गुरुवार सुबह करीब सात बजे राहगीरों ने बस्ती -अयोध्या फोरलेन से नगर थाना क्षेत्र के गनेशपुर मार्ग के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।इस सूचना पाकर फुटहिया चौकी प्रभारी शैलेश कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। मृतक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के महरीपुर निवासी सत्येंद्र प्रजापति (37) पुत्र रामदीन के रूप में हुई। शव मिलने की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो वे भी मौके पर पहुंचे। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक राम प्रसाद यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## महंगी कार...चुटकियों में पार, आगरा में पकड़े गए अंतरराज्यीय गिरोह

**आगरा।** पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गए अंतरराज्यीय गिरोह द्वारा अलग-अलग शहरों से 100 से अधिक गाड़ियां चोरी की गई हैं। गिरोह के सदस्य गाड़ियों के रिमोट की प्रोग्रामिंग को कापी करते थे। जिसकी मदद वह कारों के लॉक खोलकर ले जाते थे। इस काम में उन्हें चुटकी बजाने भर जैसा टाइम लगता है। गिरोह महंगी कारों को ही ज्यादा टारगेट करता है। पुलिस को गिरोह के सरगना हरदोई निवासी अभिषेक वाजपेयी समेत पांच लोगों की तलाश है। गिरोह बिहार के शराब तस्करों और पूर्वोत्तर राज्यों में बेचता था। जयपुर हाउस में 29 जून को चोरी हुई कार की बरामदगी के सीसीटीवी कैमरे खंगालने के दौरान पुलिस गिरोह तक पहुंची थी। पुलिस ने शुक्रवार रात लखनऊ एक्सप्रेसवे के फतेहाबाद टोल पर सरगना अभिषेक वाजपेयी की घेराबंदी का प्रयास किया। वह चकमा देकर भाग गया। उसकी महिला मित्र से गिरोह के बारे में जानकारी मिली थीं। अभिषेक, हरदोई में बावन चुंगी रोड का रहने वाला है।

# कांवड़ यात्रा: बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर आज से 11 अगस्त तक वाहनों का आवागमन बंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बस्ती।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शुक्रवार शाम चार बजे से 11 अगस्त रात 08 बजे तक बस्ती-अयोध्या फोरलेन पर रूट डायवर्जन लागू रहेगा। गोरखपुर से लखनऊ के लिए वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर जाएंगे। सिद्धार्थनगर के वाहन उतरौला-गोंडा होकर और संतकबीरनगर के वाहन काटे-मुंडेरवा-लालगंज-कलवारी होकर टांडा पुल से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पकड़ेंगे। सात से 11 अगस्त तक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। रोडवेज बसें, एंबुलेंस, कांवड़ यात्रियों के वाहन और अन्य जरूरी वाहनों को सुविधा के अनुसार प्रशासन संचालित करवाएगा। डीआइजी संजीव त्यागी ने बताया कि तीनों जिलों के वाहनों के लिए अलग-अलग रूट का निर्धारण किया गया है। जरूरी सामान की आपूर्ति के लिए आवाजाही सामान्य रहेगी। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि बस्ती शहर में भी 11 सफ़ाई पर यातायात व्यवस्था बदलेगी। गोरखपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों को फुटहिया से कलवारी-टांडा होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ओर डायवर्ट किया गया है।

लखनऊ से गोरखपुर जाने वाले वाहन अयोध्या से सुल्तानपुर रोड होते पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की ओर डायवर्ट कर टांडा, कलवारी होते हुए बस्ती आएंगे। इसी तरह सिद्धार्थनगर के वाहन डुमरियागंज वाया उतरौला होते हुए गोंडा लखनऊ की ओर जाएंगे। संतकबीरनगर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन काटे, मुंडेरवा वाया लालगंज, अंबेडकरनगर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होकर जाएंगे। यातायात को नियंत्रित करने के लिए, जगह- जगह बैरीकेडिंग की गई है। आपातकालीन सेवाओं, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को डायवर्जन से मुक्त रखा गया है।

सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि कांवड़ मार्ग और शहर के डायवर्जन क्षेत्र में भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इन्हें शहर के वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। डायवर्जन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की गई है ताकि चालकों को समय रहते वैकल्पिक मार्गों की जानकारी दी जा सके। स्थानीय नागरिकों और बाहर से आने वाले वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे शहर के भीतर सफर करने से पहले ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी वैकल्पिक मार्गों की सूची का अवश्य ध्यान रखें। इस पवित्र आयोजन में यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन का सहयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

# सीएम योगी की बड़ी सौगात, 706 करोड़ की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**टांडा, आलापुर और जलालपुर क्षेत्र में विकास को मिली रफ्तार, बोले मुख्यमंत्री- जल्द आएगी युवा नीति, रोजगार और कौशल विकास पर रहेगा फोकस**

**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर दौरे के दौरान जिले को 706.81 करोड़ रुपये की लागत वाली 194 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने पूर्वांचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गोविंद साहब धाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 158 परियोजनाओं का लोकार्पण और 36 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाणपत्र और चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही युवा नीति लेकर आएगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और रोजगार को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के माध्यम से सिद्धार्थनगर के बांसी, बस्ती होते हुए प्रयागराज और आगे चित्रकूट से दक्षिण भारत तक संपर्क मजबूत करने की योजना है, जिसमें अंबेडकरनगर महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने गोविंद साहब धाम को आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक बताते हुए कहा कि यहां लगने वाले माघ मेले को राजकीय मेले के रूप में मान्यता दिलाई जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेले को राजकीय परंपराओं और व्यवस्थाओं से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबेडकरनगर विकास का नया मॉडल बनकर उभर रहा है। जिला अब दो-दो एक्सप्रेसवे से जुड़ चुका है और मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर ब्लॉक सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश आज माफिया, गुंडाराज और कर्फ्यू से मुक्त है। युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं और प्रदेश सरकार नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनकी अवैध संपत्ति जब्त कर गरीबों के हित में उपयोग की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार, महिलाओं के गोदभराई कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया तथा प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। आज छात्रों के भविष्य, छात्रवृत्ति और नौजवानों के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता। बेटी से छेड़खानी या व्यापारी को धमकाने का भी कोई दुस्साहस नहीं कर सकता। सरकार ने तय कर रखा है कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए दो ही जगह हैं, जेल या जहन्नुम, तीसरी कोई जगह नहीं। उन्होंने कहा कि आज 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट', 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' और 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन' है। सरकार हर जिले के व्यंजनों को भी पहचान देकर आगे बढ़ा रही है। सरकार अन्नदाता किसानों के जीवन में बदलाव और हर गरीब को उसका अधिकार दिलाने के लिए काम कर रही है। प्रदेश में 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और 10 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक के आयुष्मान भारत का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे जन्म से मूक-बधिर हैं, उनकी सर्जरी में छह लाख रुपये तक खर्च हो रहे हैं। सरकार ने तय किया है कि इसका पूरा खर्च वह उठाएगी। जो बच्चे निराश्रित हैं या कोविड कालखंड में अपने माता अथवा पिता को खो चुके हैं, उनका पूरा खर्च सरकार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत उठा रही है। उन्हें चार हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई गरीब बीमार है तो वह किसी भी जाति, क्षेत्र, मत या मजहब का हो, सबसे पहले वह प्रदेश का नागरिक है। अगर उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है तो मुख्यमंत्री राहत कोष से उसके उपचार के लिए पैसा दिया जाएगा। जनप्रतिनिधि उसकी सिफारिश करेंगे और इलाज के खर्च का भार सरकार उठाएगी। निराश्रित महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन, बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन पेंशन दी जा रही है। एक करोड़ 10 लाख परिवारों को पेंशन की सुविधा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर गांव को कनेक्टिविटी और बिजली से जोड़ने के साथ हर खेत तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# 50 लाख की साइबर ठगी से जुड़े पांच आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** भदोही पुलिस ने साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 50 लाख रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज 18 एनसीआरपी शिकायतें मिली हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी निवेश, टास्क आधारित कमाई और शेयर मार्केट के नाम पर लोगों से ठगी कर रकम म्यूल बैंक खातों में मंगवाते थे। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना और थाना भदोही पुलिस ने संयुक्त रूप से 'साइबर वज्र' अभियान के तहत कार्रवाई की। जांच में पांच म्यूल बैंक खाते चिन्हित हुए, जिनमें साइबर ठगी की रकम जमा कर एईपीएस, एटीएम और यूपीआई के माध्यम से निकासी की जाती थी। इस संबंध में थाना भदोही में मुकदमा संख्या 378/2026 धारा 318(4), 317(4) बीएनएस एवं 66-डी आईटी एक्ट के तहत दर्ज कर कार्रवाई की गई।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भदोही रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से मो. इरफान (22) निवासी पचभैया, अमन (19) निवासी गौरियाना, गुफरान (19) निवासी करा बाजार, समीर अंसारी (32) निवासी जमुन्द तथा सैदान अंसारी (19) निवासी नूरेइस्लामपुर को गिरफ्तार किया। मामले में तीन अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए फर्जी निवेश, शेयर मार्केट और टास्क आधारित कमाई का झांसा देकर लोगों को एपीके फाइल, फर्जी लिंक और क्यूआर कोड भेजते थे। साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को म्यूल खातों में मंगाकर विभिन्न माध्यमों से निकालकर आपस में बांट लेते थे। पुलिस मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है।

# स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा

## आईटीएमएस व सेफ सिटी पुलिस को सौंपने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक मंडल की 27वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में मंडलायुक्त एवं अध्यक्ष विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्मार्ट सिटी के तहत संचालित और पूरी हो चुकी विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने परियोजनाओं की स्थिति से संबंधित प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखे। बैठक में बताया गया कि अलीगंज सेक्टर-बी में स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित शहरी सुविधा एवं वरिष्ठ नागरिक देखभाल केंद्र का भवन नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया है। भवन के प्रथम और द्वितीय तल पर नगर निगम का जोन-3 कार्यालय संचालित हो रहा है। भूतल पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां बहुउद्देशीय हॉल में कैरम, शतरंज सहित विभिन्न इनडोर खेल और मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैठक में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) परियोजना की भी समीक्षा की गई। परियोजना से जुड़ी संस्था को दिए गए तीन माह के समय विस्तार का बोर्ड ने संज्ञान लिया। साथ ही आईटीएमएस और सेफ सिटी परियोजना को जल्द पुलिस विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। हेल्थ एटीएम परियोजना के संचालन को दिसंबर 2026 तक समय विस्तार दिया गया है। अधिकारियों को इन केंद्रों पर उपलब्ध स्वास्थ्य जांच सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। हेल्थ एटीएम के माध्यम से शुगर, गर्भावस्था जांच, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, डेंगू, मलेरिया और यूरिन जांच सहित कई सुविधाएं कम कीमत पर उपलब्ध हैं। वहीं रक्तचाप, बीएमआई, ईएनटी, त्वचा, पल्स ऑक्सीमीटर और शरीर के तापमान की जांच जैसी कई सुविधाएं निःशुल्क दी जा रही हैं। बैठक में प्रशासनिक बदलावों को भी मंजूरी दी गई। नगर निगम के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी महामिलिंद लाल को लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य वित्त अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार देने का अनुमोदन किया गया। वहीं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बैठक में लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राइस मिलर्स एसोसिएशन की 39वीं वार्षिक आम सभा संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और धान खरीद व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं सुचारु बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने राइस मिलर्स को सरकार का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए एसोसिएशन की ओर से दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। सभा में राइस मिलर्स एसोसिएशन ने धान खरीद व्यवस्था को अधिक प्रभावी और किसान हितैषी बनाने के लिए सरकार के समक्ष कई सुझाव रखे।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की 39वीं वार्षिक आम सभा गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज पाण्डेय मौजूद रहे। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा और धान खरीद व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं सुचारु बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने राइस मिलर्स को सरकार का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए एसोसिएशन की ओर से दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। सभा में राइस मिलर्स एसोसिएशन ने धान खरीद व्यवस्था को अधिक प्रभावी और किसान हितैषी बनाने के लिए सरकार के समक्ष कई सुझाव रखे। एसोसिएशन ने वर्तमान 30 रुपये प्रति क्विंटल होल्डिंग शुल्क को बढ़ाकर न्यूनतम 75 रुपये किए जाने की मांग की। इसके साथ ही धान खरीद की अवधि 1 नवंबर से 31 मार्च तक निर्धारित करने तथा केंद्रीयकृत चावल (सीएमआर) के पूर्ण निस्तारण की समय-सीमा 30 जून तक निर्धारित करने का सुझाव दिया गया। एसोसिएशन ने प्रदेश के ठेका एवं बटाईदार किसानों को भी सरकारी धान खरीद व्यवस्था में शामिल करने की मांग की, ताकि उन्हें भी अपनी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके। राइस मिलर्स ने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में धान खरीद नीति तैयार करते समय एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। इससे उद्योग से जुड़े व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर नीति को अधिक प्रभावी और लागू करने योग्य बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ल, प्रदेश महामंत्री हरि किशोर गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह समेत प्रदेशभर से आए बड़ी संख्या में राइस मिलर्स, उद्योग प्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में 11 से 13 अगस्त तक होगा इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्सपो-2026

## इंडिया एसपो मार्ट में तैयारियों की समीक्षा, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाले इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्सपो-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। 11 से 13 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी को लेकर यूपीनेडा के निदेशक रविंद्र सिंह ने स्थानीय अधिकारियों और संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और वीवीआईपी प्रबंधन समेत सभी तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित हो सके। बैठक में बताया गया कि इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) और एमएम एक्टिव साई-टेक कम्युनिकेशंस की ओर से यूपीनेडा के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में देश-विदेश के उद्योग विशेषज्ञ, निवेशक, नीति निर्माता और प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में ग्रीन हाइड्रोजन, कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी), एथेनॉल, बायोडीजल, वेस्ट-टू-एनर्जी, बायोमास और कार्बन मार्केट सहित स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों पर चर्चा होगी। बैठक में यूपीनेडा के निदेशक रविंद्र सिंह, आईएफजीई के महानिदेशक संजय गंजू, अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर सात अधिकारियों को मिली सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात अधिकारियों की अपर मुख्य सचिव उद्यान, रेशम एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी.एल. मीणा (आईएएस) ने सराहना की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तीन जिलाधिकारियों और चार मुख्य विकास अधिकारियों को प्रशंसा-पत्र भेजे हैं। अपर मुख्य सचिव ने अपने पत्र में कहा कि इन अधिकारियों ने अपने-अपने जनपदों में खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए सक्रिय प्रयास किए। उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में उद्यमियों को योजनाओं की जानकारी मिली और उन्हें अनुदान, प्रशिक्षण तथा अन्य सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सका। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 का उद्देश्य प्रदेश में छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहित करना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और युवाओं व उद्यमियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। वहीं पीएमएफएमई योजना के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य उद्योगों को आर्थिक सहायता और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्कृष्ट कार्य के लिए जिन अधिकारियों की सराहना की गई है, उनमें हापुड़ की जिलाधिकारी कविता मीणा, मिर्जापुर के जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और अंबेडकर नगर की जिलाधिकारी ईशा प्रिया शामिल हैं। इसके अलावा बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी ए. सुधान, सीतापुर की मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जोशी, हरदोई की मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल और कानपुर नगर के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन को भी प्रशंसा-पत्र भेजा गया है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इन अधिकारियों ने योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ पात्र उद्यमियों की पहचान कर उन्हें सरकारी सहायता से जोड़ने का कार्य किया। उनके प्रयासों से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है। बी.एल. मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूत बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में जिला प्रशासन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों द्वारा किए गए कार्य अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरणादायक और अनुकरणीय हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी अधिकारी इसी तरह सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए प्रशासन और विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है, जिसमें इन अधिकारियों ने सराहनीय योगदान दिया है।

## बीडीओ का सरकारी व्हाट्सएप हैक, परिचितों से 48 हजार रुपये मांगने का प्रयास

**मोहनलालगंज, संवाददाता।** मोहनलालगंज खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) शिव कुमार का सरकारी मोबाइल नंबर साइबर अपराधियों ने हैक कर उसके व्हाट्सएप अकाउंट का दुरुपयोग किया। हैकरों ने उनके परिचितों और विभागीय कर्मचारियों को संदेश भेजकर 48 हजार रुपये ऑनलाइन भेजने की मांग की। मामले की जानकारी मिलते ही बीडीओ ने मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, साइबर ठगों ने बीडीओ के सरकारी व्हाट्सएप अकाउंट से उनके परिचितों और विभागीय कर्मचारियों को संदेश भेजे। संदेश में सचिव किशनपाल सिंह के नाम का हवाला देते हुए तत्काल 48 हजार रुपये की जरूरत बताई गई और ऑनलाइन धनराशि भेजने का अनुरोध किया गया। सरकारी अधिकारी के नंबर से संदेश आने के कारण कुछ लोगों को यह वास्तविक लगा, लेकिन समय रहते इसकी जानकारी बीडीओ शिव कुमार को मिल गई। सूचना मिलते ही बीडीओ ने अपने परिचितों और कर्मचारियों को आगाह करते हुए किसी भी प्रकार का ऑनलाइन भुगतान न करने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की जानकारी मोहनलालगंज पुलिस को देकर साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बीडीओ शिव कुमार ने लोगों से अपील की कि यदि उनके सरकारी मोबाइल नंबर या व्हाट्सएप से रुपये मांगने अथवा कोई संदिग्ध संदेश प्राप्त हो तो उस पर विश्वास न करें। किसी भी खाते में धनराशि भेजने से पहले संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क कर पुष्टि अवश्य कर लें।

# सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज,लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरा स्थित धनक सिंह ढाबा के पास किराये के मकान के बाहर खड़ी एक युवक की बाइक चोरी हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने और लोगों द्वारा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए जाने के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगराम थाना क्षेत्र के समेसी निवासी लवकुश पुत्र इन्दपाल वर्तमान में गौरा स्थित धनक सिंह ढाबा के पास किराये के मकान में रहकर काम करता है। उसने बताया कि बुधवार रात अपनी होंडा शाइन बाइक (यूपी-32 पीएम-5631) मकान के बाहर खड़ी की थी। देर रात करीब 2:48 बजे दो अज्ञात युवक पहुंचे और कुछ ही मिनटों में बाइक का लॉक तोड़कर फरार हो गए। गुरुवार सुबह जब लवकुश बाहर निकला तो बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। घटना की पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की। मामला तूल पकड़ने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की जाएगी।

# तकनीकी नवाचार का हब बनेगा उत्तर प्रदेशः आशीष पटेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की उपस्थिति में इलेक्ट्रिक वाहन, स्पेस टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कौशल विकास को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्तुतीकरण दिए गए। बैठक में आईआईटी मंडी और आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक तकनीकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, एआई आधारित स्किल डेवलपमेंट, शिक्षकों के क्षमता विकास और युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तकनीकी रूप से दक्ष बनाने से जुड़े नवाचारों पर चर्चा की गई। इस दौरान डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित विशेष हब स्थापित करने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नई तकनीकों का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ना है। प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करते हुए प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन, स्पेस टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को दक्ष बनाना समय की मांग है। ऐसे नवाचार प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने का काम करेंगे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तकनीकी संस्थानों और उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक और भविष्य आधारित शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर उत्तर प्रदेश को तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाया जा सकता है। बैठक में प्रस्तुत सुझावों और प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि नए तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण, शोध और विकास को संस्थागत स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे प्रदेश के युवा वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. एम.के.एस. सुंदरम, सचिव एवं महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा सेल्वा कुमारी जे. सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 214 शिकायतें, 45 का मौके पर निस्तारण

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ में शुक्रवार, 7 अगस्त को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। महापौर ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान नगर निगम के सभी आठ जोनों से विभिन्न विभागों से संबंधित 214 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें कर विभाग की 45 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों का जांच और आवश्यक कार्रवाई के बाद समाधान किया जाएगा। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक 126 शिकायतें कर विभाग से संबंधित रहीं। इनमें से 45 शिकायतों का मौके पर समाधान कर संबंधित नागरिकों को राहत दी गई। इसके अलावा अभियंत्रण एवं जल निकासी विभाग की 54, जल विभाग की 24, सफाई की चार, उद्यान विभाग की चार और मार्ग प्रकाश से संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुईं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर निस्तारित न हो सकी शिकायतों की तत्काल जांच कर नियमानुसार एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और नागरिकों को अपनी समस्या के लिए बार-बार नगर निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

# सिटी बसों की आय बढ़ाने पर जोर, रूटों का होगा नए सिरे से अध्ययन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (एलसीटीएसएल) की 51वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को मंडलायुक्त एवं कंपनी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर में संचालित सिटी बस सेवाओं की स्थिति, आय, बजट और संचालन व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। निदेशक मंडल ने यात्रियों की सुविधा और बस सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संचालित मार्गों का अध्ययन करने तथा आय बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में मार्च 2026 से जुलाई 2026 तक सिटी बसों के संचालन से जुड़े आंकड़ों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विभिन्न मार्गों पर चल रही बस सेवाओं, यात्रियों की संख्या, संचालन से प्राप्त आय और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की। निदेशक मंडल ने कहा कि यात्रियों की जरूरतों के अनुसार बसों के रूट और संचालन व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाएं, जिससे अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन का लाभ उठा सकें। बैठक में सिटी बसों की आय में वृद्धि को लेकर विशेष चर्चा हुई। निदेशक मंडल ने निर्देश दिए कि वर्तमान में संचालित सभी मार्गों का विस्तृत अध्ययन किया जाए। जिन मार्गों पर यात्रियों की संख्या और आय कम है, वहां संचालन व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक बदलाव किए जाएं। साथ ही ऐसे नए मार्गों की संभावनाएं भी तलाशी जाएं, जहां यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बस सेवाओं की नियमित निगरानी की जाए और यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए संचालन में सुधार किया जाए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि सिटी बस सेवा को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए आय के नए स्रोतों पर भी विचार किया जाए। बैठक में मार्च से जुलाई 2026 तक के बजट और उसके सापेक्ष प्राप्त परिणामों की भी समीक्षा की गई। निदेशक मंडल ने वित्तीय स्थिति का आकलन करते हुए बजट के अनुसार प्राप्त उपलब्धियों को संतोषजनक बताया। साथ ही भविष्य में वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और संचालन व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए। बोर्ड बैठक में पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों और दिए गए निर्देशों पर हुई कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

## मंत्री सुरेश खन्ना ने विधायक उमाशंकर सिंह के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बलिया के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक उमाशंकर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद है। खन्ना ने अपने शोक संदेश में कहा कि उमाशंकर सिंह मिलनसार, व्यवहारकुशल और अपने दम पर पहचान बनाने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कम उम्र में ही राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। मंत्री ने दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सुरेश कुमार खन्ना पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के सरकारी आवास पहुंचे।

# अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथीन पर नगर निगम की सख्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शहर में अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ नगर निगम ने शुक्रवार को व्यापक अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर जोन-3, जोन-7 और जोन-8 समेत विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम की टीमों ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कुल 1,11,500 रुपये का जुर्माना लगाया। अभियान के दौरान 10.5 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन व प्लास्टिक भी जब्त किया गया। जोन-3 में जोनल अधिकारी अजीत राय के निर्देशन में बादशाह नगर स्टेशन से अकबर नगर कॉलोनी तक अभियान चलाया गया। सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से खड़ी करीब 20 से 25 गाड़ियों को हटवाया गया। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथीन का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम ने अतिक्रमण हटाए गए स्थानों पर दोबारा कब्जा न होने देने के लिए क्षेत्रीय पुलिस को भी पत्र भेजा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि दोबारा अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जोन-7 में जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में मटियारी चौराहे से देवा रोड तक विशेष अभियान चलाया गया।

# संपादकीय

## फर्जी मुकदमों और एससी-एसटी, पॉक्सो मामलों में बढ़ोतरी

भारतीय न्याय व्यवस्था में देरी तो है ही पर इसके साथ बहुत से मामले ऐसे हैं जिनका दुरुपयोग बड़ी तेजी से हो रहा है। हम बात कर रहे हैं एससी–एसटी एक्ट और पॉक्सो मामलों की जिनमें आदमी अगर सतर्क नहीं रहा तो बहुत बुरी तरह से घिर जाता है। एससी–एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के बढ़ते मुकदमे इसकी गवाही दे रहे हैं। कुछ ऐसे संगठित गिरोह भी हैं जो महिलाओं के द्वारा आदमियों को फंसवाते देखे गए हैं। हालांकि उन गिरोहों का पर्दाफाश होता है लेकिन तब तक आरोपी को सज़ा काटनी ही पड़ती है। इसी तरह एससी–एसटी एक्ट के कानून का दुरुपयोग वर्षों से हो रहा है लेकिन आज तक कितनी ही सरकारें आईं हों इनमें संसोधन नहीं हुआ है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समान न्याय का अधिकार देता है। इसी उद्देश्य से समय–समय पर ऐसे विशेष कानून बनाए गए जो समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों को सुरक्षा प्रदान कर सकें। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और पॉक्सो कानून भी इसी सोच का परिणाम हैं। इन कानूनों ने अनेक पीड़ितों को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है और समाज में अपराधियों के विरुद्ध कठोर संदेश दिया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक दूसरा पक्ष भी लगातार चर्चा में रहा है। कई लोग आरोप लगाते हैं कि व्यक्तिगत दुश्मनी, संपत्ति विवाद, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता या पारिवारिक संघर्ष में इन कानूनों का दुरुपयोग कर झूठे मुक़दमे दर्ज कराए जाते हैं। यह मुद्दा अदालतों, विधि विशेषज्ञों और समाज के बीच लगातार बहस का विषय बना हुआ है। क्या सचमुच फर्जी मुकदमों की बाढ़ है? यह कहना कि अधिकांश एससी–एसटी या पॉक्सो के मामले फर्जी हैं, उपलब्ध आधिकारिक आँकड़ों के आधार पर उचित नहीं होगा। कई मामलों में जांच के बाद आरोप सिद्ध नहीं हो पाते, लेकिन इसका कारण हमेशा झूठा मुकदमा नहीं होता। कमजोर जांच, पर्याप्त साक्ष्यों का अभाव, गवाहों का मुकर जाना, समझौते का दबाव या लंबी न्यायिक प्रक्रिया भी इसके कारण हो सकते हैं। हालाँकि, विभिन्न उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने अलग–अलग मामलों में यह भी स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कानूनों का दुरुपयोग होने की शिकायतें सामने आई हैं। इसलिए यह विषय संतुलित दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। निर्दोष व्यक्ति पर मुकदमे का प्रभाव– यदि कोई व्यक्ति वास्तव में झूठे मुकदमे में फँस जाता है, तो उसका प्रभाव केवल अदालत तक सीमित नहीं रहता। उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होती है, नौकरी पर संकट आ सकता है, आर्थिक बोझ बढ़ जाता है और पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजरता है। वर्षों तक मुकदमा चलने के बाद यदि वह निर्दोष साबित भी हो जाए, तब भी खोया हुआ समय और सम्मान आसानी से वापस नहीं आता। दूसरी ओर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि एससी–एसटी कानून और पॉक्सो अधिनियम लाखों वास्तविक पीड़ितों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। भारत में जातीय उत्पीड़न और बच्चों के साथ यौन अपराध आज भी गंभीर समस्या हैं। यदि इन कानूनों को कमजोर किया जाए या हर शिकायत को संदेह की दृष्टि से देखा जाए, तो वास्तविक पीड़ित न्याय पाने से वंचित हो सकते हैं। इसलिए चुनौती यह नहीं है कि कानून समाप्त कर दिए जाएँ, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका सही और निष्पक्ष उपयोग हो। देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। विशेष कानूनों के अंतर्गत दर्ज मामलों की संख्या बढ़ने से न्यायिक व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। सुनवाई में देरी के कारण न तो पीड़ित को समय पर न्याय मिल पाता है और न ही निर्दोष व्यक्ति को शीघ्र राहत। तेज और वैज्ञानिक जांच, पर्याप्त न्यायाधीशों की नियुक्ति तथा समयबद्ध सुनवाई इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सरकार की जिम्मेदारी केवल कठोर कानून बनाना नहीं है, बल्कि उनकी निष्पक्ष क्रियान्वयन व्यवस्था सुनिश्चित करना भी है। यदि कहीं झूठे मुकदमे दर्ज होते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं यदि वास्तविक पीड़ित न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो उन्हें भी समय पर न्याय मिलना चाहिए। इस विषय पर कई विधि विशेषज्ञ निम्न सुधारों की आवश्यकता बताते हैं— निष्पक्ष और वैज्ञानिक पुलिस जांच। फॉरेंसिक साक्ष्यों का अधिक उपयोग। विशेष अदालतों की संख्या बढ़ाना। लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण। यदि अदालत यह पाए कि शिकायत जानबूझकर झूठी और दुर्भावनापूर्ण थी, तो कानून के अनुसार उचित कार्रवाई। पुलिस और अभियोजन अधिकारियों का नियमित प्रशिक्षण। 'सरकार और अदालतें धृतराष्ट्र बनी हुई हैं' जैसी अभिव्यक्ति एक राजनीतिक और भावनात्मक टिप्पणी हो सकती है, लेकिन वास्तविक समाधान तथ्यों और संस्थागत सुधारों में निहित है। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में दो सिद्धांत समान रूप से महत्वपूर्ण हैं—दोषी को दंड मिले और निर्दोष को अनावश्यक दंड या उत्पीड़न न झेलना पड़े। इसलिए आवश्यकता न तो कानूनों को कमजोर करने की है और न ही हर शिकायत को झूठा मानने की। आवश्यकता ऐसी न्याय व्यवस्था की है जो वास्तविक पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाए, निर्दोष लोगों के अधिकारों की रक्षा करे और न्याय प्रणाली पर जनता का विश्वास मजबूत बनाए।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष–** आज आप दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। मन में हल्की बेचैनी या निराशा महसूस हो सकती है। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी से बचें और खर्चों पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में धैर्य बनाए रखना लाभदायक रहेगा।

**वृषभ–**आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों से भरा हो सकता है। यदि यथार्थवादी लक्ष्य तय करेंगे तो सफलता मिलने के अच्छे योग हैं। परिवार और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। अनावश्यक यात्रा टालना बेहतर रहेगा।

**मिथुन**-व्यवहार में संयम रखना आज आपके लिए बेहद जरूरी होगा। छोटी-सी लापरवाही अच्छे अवसरों को हाथ से निकलवा सकती है। नौकरी में वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल बनाए रखें। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।

**कर्क**-शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा और ज्ञान से जुड़े कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। भूमि, भवन या निवेश से जुड़े मामलों में लाभ मिल सकता है। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

**सिंह–**आज आपके प्रभाव और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। व्यापार और विदेश से जुड़े कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। हालांकि विलासिता पर अधिक खर्च करने से बचने की जरूरत है।

**कन्या–**आज महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। समय का सही उपयोग करने से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभदायक साबित हो सकती है।

**तुला–**सरकारी या प्रशासनिक कार्यों में कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने से बचें। प्रेम संबंधों में विश्वास और समझ बेहतर होगी।

**वृश्चिक–**संपत्ति और आर्थिक संसाधनों में बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। पारिवारिक मामलों में धैर्य और संतुलन बनाए रखें। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है।

**धनु–**व्यापार में लाभ के अवसर तो मिलेंगे, लेकिन परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। सहयोग की कमी महसूस हो सकती है। अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से दूरी बनाकर रखें।

**मकर**-संतान की पढ़ाई या भविष्य से जुड़े मामलों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। भावनाओं में बहकर कोई बड़ा निर्णय न लें। सोच-समझकर किया गया काम आगे चलकर लाभ देगा।

**कुंभ**-आज आपके सामने कई अच्छे अवसर आ सकते हैं। आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने पर सफलता मिलने की संभावना रहेगी। प्रेम संबंधों में सहयोग तो मिलेगा, लेकिन संवाद बेहतर बनाए रखना जरूरी होगा।

**मीन**-आज आपके विचारों और कार्यों की सराहना हो सकती है। जीवनसाथी और परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। व्यस्त दिनचर्या के कारण धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए समय निकालना कठिन हो सकता है।

# बोल बम की गूंज और सुशासन का संकल्प : उत्तर प्रदेश की कांवड़ यात्रा



(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

भारत की सनातन संस्कृति में तीर्थयात्राएँ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि वे लोकजीवन की आत्मा, सामाजिक समरसता की आधारशिला और आध्यात्मिक चेतना की अक्षुण्ण परंपरा का सजीव स्वरूप हैं। इन्हीं पवित्र परंपराओं में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का स्थान अत्यंत विशिष्ट है। भगवान भोलेनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा से ओतप्रोत लाखों–करोड़ों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और अन्य पावन नदियों से जल लेकर अपने आराध्य का जलाभिषेक करने निकलते हैं। उनके कदमों की गति में भक्ति का उल्लास, उनके कंधों पर विराजमान कांवड़ में अटूट विश्वास और उनके मुख से गूंजते 'बोल बम' के उद्घोष में भारतीय संस्कृति की अमर चेतना साकार होती दिखाई देती है।

उत्तर प्रदेश, जहाँ काशी विश्वनाथ, बाबा बैद्यनाथ से जुड़े मार्ग, गढ़मुक्तेश्वर, प्रयागराज, अयोध्या, सोरों शूकरक्षेत्र, बिठूर, शुक्रताल और प्रदेश के हजारों प्राचीन शिवालय श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं, कांवड़ यात्रा के दौरान एक विराट आध्यात्मिक उत्सव का स्वरूप धारण कर लेता है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले लाखों शिवभक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक हजारों किलोमीटर की यात्रा करते हुए प्रदेश के विविध शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक सौहार्द और लोकआस्था का भव्य महापर्व है।

### सुशासन के साथ आस्था का सम्मान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। सरकार की स्पष्ट नीति रही है कि प्रत्येक शिवभक्त की आस्था का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए तथा यात्रा के प्रत्येक चरण में उसे सुरक्षा, सुविधा और गरिमा का अनुभव हो। इसी उद्देश्य से प्रशासनिक मशीनरी महीनों पहले से तैयारियों में जुट जाती है और शासन के सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हैं। कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व यात्रा मार्गों का व्यापक सर्वेक्षण कराया जाता है। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पुलों की सुरक्षा जांच, जलभराव की समस्या का समाधान, मार्गों की सफाई, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था तथा आवश्यक स्थानों पर अस्थायी विश्राम स्थलों का निर्माण समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाता है। नगर निगम, नगर पालिका और ग्राम पंचायतों के माध्यम से यात्रा मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाता है ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके। पेयजल, मोबाइल शौचालय, स्नान एवं विश्राम की व्यवस्थाएँ यात्रा को अधिक सुगम बनाती हैं। प्रदेश सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक से सशक्त बनाया है। यात्रा मार्गों पर बड़ी संख्या में पुलिस एवं पीएसी के जवानों की तैनाती की जाती है। संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन, कंट्रोल रूम और आधुनिक निगरानी प्रणाली के माध्यम से चौबीसों घंटे नजर रखी जाती है। यातायात पुलिस, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें निरंतर समन्वय बनाकर कार्य करती हैं ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती और सहायता केंद्रों की स्थापना भी की जाती है। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से भी कांवड़ यात्रा के दौरान व्यापक प्रबंध किए जाते हैं। यात्रा मार्गों पर अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किए जाते हैं, जहाँ चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, जीवनरक्षक दवाओं और एंबुलेंस की उपलब्धता चौबीसों घंटे सुनिश्चित रहती है। हीट स्ट्रोक, थकान, निर्जलीकरण अथवा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाती है। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों से भी जोड़ा जाता है, जिससे गंभीर परिस्थितियों में शीघ्र उपचार संभव हो सके। कांवड़ यात्रा के सफल संचालन में उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए विस्तृत ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाता है।

आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन लागू किए जाते हैं तथा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए जाते हैं। विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और स्थानीय मीडिया के माध्यम से समय–समय पर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की जाती है, जिससे लोगों को यात्रा संबंधी अद्यतन जानकारी प्राप्त होती रहती है। उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा को केवल सुरक्षा और सुविधा तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के अभियान से भी जोड़ा है। यात्रा मार्गों पर प्लास्टिक मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाते हैं। श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि वे स्वच्छता बनाए रखें तथा कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। नगर निकायों द्वारा नियमित सफाई, कचरा निस्तारण तथा सैनिटाइजेशन की व्यवस्था की जाती है। इस प्रकार कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था के साथ–साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का भी संदेश देती है। कांवड़ यात्रा सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करती है। यात्रा मार्गों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठन विशाल सेवा शिविर लगाते हैं, जहाँ श्रद्धालुओं को नि:शुल्क भोजन, फल, पेयजल, शीतल पेय, प्राथमिक उपचार तथा विश्राम की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। अनेक स्थानों पर स्थानीय नागरिक स्वयं आगे बढ़कर कांवड़ियों की सेवा करते हैं। यह सेवा भावना भारतीय संस्कृति के 'नर सेवा नारायण सेवा' के आदर्श को साकार करती है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा धार्मिक पर्यटन को भी नई ऊँचाइयाँ प्रदान कर रही है। यात्रा मार्गों पर स्थित मंदिरों, धर्मस्थलों, स्थानीय बाजारों, होटल व्यवसाय, परिवहन सेवाओं तथा छोटे व्यापारियों को इस दौरान व्यापक आर्थिक गतिविधियों का लाभ मिलता है। हस्तशिल्प, धार्मिक सामग्री, स्थानीय उत्पाद और पारंपरिक व्यंजनों की मांग बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलती है। इस प्रकार कांवड़ यात्रा आध्यात्मिकता के साथ–साथ आर्थिक समृद्धि का भी माध्यम बनती है। प्रदेश सरकार द्वारा डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग ने यात्रा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाया है। कंट्रोल रूम, हेल्पलाइन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, ड्रोन सर्विलांस तथा त्वरित सूचना प्रणाली के माध्यम से प्रशासन प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखता है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में संबंधित विभाग तुरंत सक्रिय होकर समाधान सुनिश्चित करते हैं। आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आस्था का यह समन्वय उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय–समय पर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते रहे हैं कि कांवड़ यात्रा श्रद्धालुओं की आस्था का विषय है और उनकी सुविधा, सुरक्षा तथा सम्मान में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। इसी भावना के अनुरूप यात्रा मार्गों का निरीक्षण, व्यवस्थाओं की समीक्षा तथा विभागों के बीच निरंतर समन्वय सुनिश्चित किया जाता है। शासन की यह संवेदनशील कार्यशैली श्रद्धालुओं के मन में विश्वास उत्पन्न करती है और प्रदेश की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करती है। आज उत्तर प्रदेश की कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सुशासन, सुव्यवस्थित प्रशासन, आधुनिक तकनीक, सामाजिक समरसता और जनसहभागिता का आदर्श मॉडल बन चुकी है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए प्रदेश सरकार ने यह सिद्ध किया है कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, सुनियोजित कार्ययोजना और समाज का सहयोग एक साथ जुड़ जाए तो विशालतम आयोजनों को भी सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के साथ–साथ उनके प्रति सम्मान और स्वागत की भावनाओं को भी विशेष महत्व दिया है। कांवड़ यात्रा के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शिवभक्तों का पुष्प वर्षा के माध्यम से अभिनंदन किया जाता है। हेलीकॉप्टर एवं अन्य माध्यमों से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया जाना श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान और उनकी आस्था के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का भावपूर्ण प्रतीक बनकर उभरा है। श्रावण की वर्षा, 'हर–हर महादेव' और 'बोल बम' के गगनभेदी उद्घोष, भगवा परिधानों से सुसज्जित शिवभक्तों की अविरल श्रृंखला, सेवा शिविरों की मानवीय संवेदनाएँ और प्रशासन की सजग व्यवस्था ये सभी मिलकर उत्तर प्रदेश की कांवड़ यात्रा को आस्था और सुशासन के ऐसे महापर्व में रूपांतरित कर देते हैं, जिसकी गूँज केवल प्रदेश तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक चेतना को आलोकित करती है। निस्संदेह, उत्तर प्रदेश की कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर, सनातन परंपरा की गौरवशाली अभिव्यक्ति और जनकल्याणकारी शासन व्यवस्था का सशक्त उदाहरण है। यह यात्रा बताती है कि जब आस्था को सम्मान, व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्रशासन को जनसेवा का संकल्प प्राप्त होता है, तब धार्मिक आयोजन केवल पर्व नहीं रहते, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक शक्ति, सामाजिक एकता और लोककल्याण के प्रेरक उत्सव बन जाते हैं।

# हसीना के तेवरों से बांग्लादेश से रिश्तों में बढ़ी तल्खी

कुछ दिन पहले तक भारत से रिश्ते नॉर्मल करने की दिशा में कूटनीतिक प्रयास हो रहे थे, लेकिन एक बार फिर उस पर पानी फिरता नज़र आ रहा है। बांग्लादेश ने बुधवार को भारत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को नई दिल्ली में मीडिया के साथ लाइव बातचीत करने की अनुमति देने पर नाराज़गी जताई है। बांग्लादेश का कहना है कि इस कदम से हमारे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और यह दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध बनाने की कोशिशों के लिए नुकसानदेह है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ढाका ने भारत सरकार को पहले ही अपनी चिंताएं बता दी थीं। इस तरह का कार्यक्रम दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिशों को कमज़ोर कर सकता है। मंत्रालय ने खेद जताया कि जुलाई क्रांति की दूसरी बरसी पर शेख हसीना का मीडिया संवाद बांग्लादेश की संप्रभुता की अवमानना है और जुलाई 2024 के आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों का अपमान भी है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि 2013 में हुई बांग्लादेश–भारत प्रत्यर्पण संधि के तहत हसीना की वापसी के लिए बांग्लादेश के बार–बार किए गए अनुरोधों का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के उस वर्चुअल भाषण के आयोजन में किसी भी भूमिका से इनकार किया है, जो उन्हें सत्ता से हटाने वाले विद्रोह की दूसरी बरसी के मौके पर हुआ था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,



'सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है और वह इस मंच पर व्यक्त किए जाने वाले किसी भी विचार का समर्थन नहीं करती है।'78 वर्षीय हसीना बुधवार को नई दिल्ली में फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ़ साउथ एशिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने बेटे साजीब वाज़ेद जॉय और अन्य वक्ताओं के साथ पहली बार सार्वजनिक रूप से (वीडियो लिंक के ज़रिए) दिखाई दी थीं। ढाका से भागने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। लेकिन उस वीडियो को बांग्लादेश में कोई न देखे, इसकी तैयारी ढाका ने पहले से कर रखी थी। दोनों देशों के बीच नए सिरे से जो तल्खी हुई है, उसमें शक है कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान नई दिल्ली आएंगे। भारत ने 12 और 13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में शामिल होने के लिए बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को आमंत्रित किया है। शेख हसीना के बयान के बाद ढाका इस पर पुनर्विचार करने लगा है। यों, भारत ने यह आमंत्रण बांग्लादेश को ब्रिक्स सदस्य के रूप में नहीं, बल्कि क्षेत्रीय संगठन बिम्सटेक के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में दिया है। शेख हसीना ने यह बयान इस वक्त क्यों दिया है? उसकी टाइमिंग पर ध्यान दिया जाना चाहिए। क्या वो नहीं चाहतीं कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान और पीएम मोदी के रिश्ते बेहतर हों? दिनेश त्रिवेदी को ढाका में उच्चायुक्त बनाकर भेजने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक नौकरशाही से हटकर एक कद्दावर राजनेता के ज़रिए रणनीतिक संवाद स्थापित करना था। 18 महीने के अंतराल के बाद कोलकाता–ढाका के बीच और ढाका–अगरतला के बीच बस सेवाएं चल रही हैं। जब मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ा और वैश्विक ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई, तो दिल्ली ने सीमा–पार फ्रेंडशिप पाइपलाइन के ज़रिए बांग्लादेश को हज़ारों टन आपातकालीन ईंधन भेजा। लेकिन, दिनेश त्रिवेदी सांप–सीढ़ी वाले खेल में फंस गए लगते हैं।फरवरी, 2026 के आम चुनाव के बाद जिस तरह बीएनपी सत्ता में आई, लोग व्यापक बदलाव की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन, अब वो निराशा में बदलने लगी है। नेशनल सिटिज़न पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा, 'आम लोगों को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में कोई राहत नहीं मिली है।' गुरुवार को 11 पार्टियों के गठबंधन ने ढाका में धरना दिया, जिसमें गैस, बिजली और आवश्यक वस्तुओं के मौजूदा संकट का विरोध किया गया और 10 सूत्रीय मांगों का चार्टर पेश किया गया। गठबंधन ने सितंबर से नवंबर तक विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। मुक्तांगन में रैली के बाद जमात–ए–इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान, नेशनल सिटिज़न पार्टी के संयोजक नाहिद इस्लाम, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष कर्नल (रिटायर्ड) ओली अहमद और गठबंधन के अन्य नेताओं ने सचिवालय की ओर मार्च किया। उन्होंने घरेलू गैस की कीमतें कम करने, बिना रुकावट पाइपलाइन गैस आपूर्ति और हर घर तक बिजली पहुंचाने की मांग की। संभवत: शेख हसीना इसी का इंतज़ार कर रही थीं, जब देश में क्रांति करने वाले चेहरे अपने किए पर अफ़सोस प्रकट करें। अब जब शेख हसीना खुद बांग्लादेश जाना चाहती हैं, क्या नया निज़ाम उन्हें आने से रोकेगा? मगर, ढाका–दिल्ली के बीच बनते–बिगड़ते संबंधों की एकमात्र वजह शेख हसीना नहीं हैं। चीन ने भी अपना खेल जारी रखा है। याद कीजिए, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस 26 से 29 मार्च, 2025 तक चीन के दौरे पर थे, तब आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। चीन लगातार 15 सालों से बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है। बांग्लादेश में लगभग 1,000 चीनी कंपनियां काम कर रही हैं, जिन्होंने देश में 5,50,000 से ज़्यादा नौकरियां पैदा की हैं। फरवरी 2025 में, बांग्लादेश की आठ राजनीतिक पार्टियों के 22 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल 13 दिन की चीन यात्रा पर गया था। प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान ने 24 से 26 जून, 2026 के बीच चीन की आधिकारिक यात्रा की। चीन ने तब 30 अरब डॉलर के अनुदान का अहद किया। पद संभालने के बाद यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय दौरा था। चीन ने 1975 से अब तक बांग्लादेश को कुल 7.5 अरब डॉलर का लोन दिया है। क़रीबी रिश्तों के बावजूद, व्यापार असंतुलन और लोन पर ब्याज का भुगतान बांग्लादेश के लिए बड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। लेकिन, चीन का असल खेल तीस्ता में हुई इंट्री है। 9 जनवरी, 2025 को बांग्लादेश जल विकास बोर्ड (बीडब्ल्यूडीबी) और चीन की सरकारी कंपनी पावर चाइना ने 98 करोड़ डॉलर की तीस्ता व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना पर हस्ताक्षर किए। पर्यावरण सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन के अनुसार, 'समझौते के तहत, पावर चाइना एक व्यवहार्यता अध्ययन करेगी। इसके बाद, तीस्ता परियोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।' मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान तीस्ता जल बंटवारे समझौते पर 2011 में हस्ताक्षर होने थे। लेकिन, पश्चिम बंगाल की तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के कारण, तीस्ता समझौता विफल हो गया। तीस्ता जल प्रबंधन की ज़िम्मेदारी जिस तरह चीन ने ली है, उसके रणनीतिक परिणामों के प्रति नई दिल्ली को गंभीर हो जाना चाहिए।

# हरियाली, उम्मीद और नई शुरुआत का उत्सव

भारत की सबसे बड़ी खूबसूरती उसकी सांस्कृतिक विविधता है। यहां हर कुछ सौ किलोमीटर पर भाषा, खान–पान, पहनावा और त्योहारों का रंग बदल जाता है। यही कारण है कि जहां देश का अधिकांश हिस्सा 1 जनवरी या चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष का स्वागत करता है, वहीं केरल की धरती पर एक और नया साल पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसे 'चिंगम' या मलयालम नववर्ष कहा जाता है। यह आगामी 17 अगस्त को मनाया जाएगा। इसी दिन मलयालम कैलेंडर का पहला महीना 'चिंगम' आरंभ होगा और कोल्लम संवत ? के नए वर्ष की शुरुआत होगी ।मलयालम नववर्ष केवल कैलेंडर बदलने का अवसर नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के साथ नए जीवन की शुरुआत का उत्सव भी है। दक्षिण–पश्चिम मानसून के बाद जब केरल



की धरती हरियाली से भर जाती है, खेतों में नई उम्मीदें अंकुरित होने लगती हैं और वातावरण ताजगी से भर उठता है, तब चिंगम का आगमन होता है। इसलिए यह नया साल आशा, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। केरल का जनजीवन सदियों से कृषि और प्रकृति पर आधारित रहा है। यही वजह है कि यहां नववर्ष का संबंध मौसम और खेती के चक्र से भी जुड़ा हुआ है। किसान इस समय नई फसल के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं और पूरे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार दिखाई देता है ।मलयालम नववर्ष की गणना कोल्लम संवत ? के अनुसार होती है, जिसकी शुरुआत लगभग नौवीं शताब्दी में मानी जाती है। यह भारत की उन प्राचीन कालगणनाओं में से एक है, जिनका उपयोग आज भी दैनिक जीवन, धार्मिक आयोजनों और सामाजिक कार्यक्रमों में किया जाता है। मलयालम पंचांग का पहला महीना चिंगम कहलाता है। इसके बाद क्रमश: कन्नी, तुलाम, वृश्चिकम, धनु, मकरम आदि महीने आते हैं। यह पंचांग केरल की सांस्कृतिक पहचान का भी अभिन्न हिस्सा है ।चिंगम के दिन लोग प्रात:काल स्नान कर नए वस्त्र पहनते हैं और अपने घरों तथा मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना करते हैं। परिवार के बड़े–बुजुर्ग छोटे सदस्यों को आशीर्वाद देते हैं तथा सुख–समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कई परिवार इस दिन घरों की विशेष सफाई करके दीप जलाते हैं और पारंपरिक व्यंजन बनाते हैं। चिंगम महीने का सबसे बड़ा आकर्षण कुछ दिनों बाद आने वाला ओणम है, जिसे केरल का सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उत्सव माना जाता है। इसलिए चिंगम केवल नए वर्ष की शुरुआत नहीं करता, बल्कि पूरे राज्य को दस दिनों तक चलने वाले रंग–बिरंगे उत्सवों की तैयारी में भी व्यस्त कर देता है। इसी महीने घरों के आंगन में फूलों की रंगोलियां (पूक्कलम) सजने लगती हैं, पारंपरिक नौका दौड़ की तैयारियां शुरू हो जाती हैं और कथकली, मोहिनीअट्टम तथा पुलिकली जैसे लोकनृत्यों की रिहर्सल भी तेज हो जाती है। यह पर्व संदेश देता है कि आधुनिक जीवनशैली अपनाने के बावजूद अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहना संभव है। यही कारण है कि नई पीढ़ी भी इस दिन अपने परिवारों के साथ जुड़कर अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का प्रयास करती है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जनपद में तैनात सफाई कर्मियों की होगी लाइव लोकेशन से निगरानी

**रूद्रपुर, देवरिया।** ग्राम पंचायतों से लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से अपराह्न 2 बजे के बीच किसी भी समय ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों के मोबाइल फोन के माध्यम से गूगल लाइव लोकेशन प्राप्त कर उनकी वास्तविक उपस्थिति का सत्यापन किया जायेगा । यदि कोई सफाई कर्मी बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के निर्धारित ग्राम पंचायत के स्थान पर अन्यत्र पाया जाता है अथवा कार्यस्थल से अनुपस्थित मिलता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सहायक विकास विकास अधिकारी (पंचायत )को निर्देशित किया है कि वे रैंडम आधार पर प्रत्येक दिन कम से कम 10 ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों की लाइव लोकेशन प्राप्त कर उसका सत्यापन करें। निरीक्षण में अनुपस्थित अथवा निर्धारित कार्यस्थल पर न पाए जाने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल रिपोर्ट प्रेषित की जाए। सभी सफाई कर्मियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने आवंटित ग्राम पंचायत में उपस्थित रहकर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनधिकृत अनुपस्थिति अथवा निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाएगा तथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अब प्वाइंट्समैन को न्यूनतम दो वर्ष की सेवा के बाद मिलेगी पदोन्नति

**गोरखपुर।** भारतीय रेलवे के प्वाइंट्समैन को पदोन्नति के लिए इंतजार नहीं करना होगा। अब उन्हें न्यूनतम दो वर्ष की सेवा के बाद पदोन्नति मिल सकेगी। दो साल कार्य करने के बाद 1800 से 1900 ग्रेड पे पर पदोन्नति पा सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने प्वाइंट्समैन कैडर के बहुप्रतीक्षित पुनर्गठन को लागू कर दिया है। वित्त मंत्रालय की स्वीकृति के बाद जारी आदेशों के अनुसार, यह पुनर्गठन 03 अप्रैल 2026 से प्रभावी माना जाएगा। इससे पूर्वोत्तर रेलवे समेत देशभर के लगभग 66,388 प्वाइंट्समैन को लाभ मिलने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय के आदेश के अनुसार, आपरेटिंग विभाग के प्वाइंट्समैन कैडर का नया ढांचा चार ग्रेडों में विभाजित किया गया है। संशोधित व्यवस्था में प्वाइंट्समैन ग्रेड-1 (लेवल-5) के लिए 4.54 प्रतिशत, ग्रेड-2 (लेवल-4) के लिए 13.63 प्रतिशत, ग्रेड-थ्री (लेवल-2) के लिए 27.27 प्रतिशत तथा ग्रेड-04 (लेवल-1) के लिए 54.55 प्रतिशत पद निर्धारित किए गए हैं। रेलवे बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि पुनर्गठन का लाभ केवल उन कर्मचारियों को मिलेगा जो 3 अप्रैल 2026 को प्वाइंट्समैन कैडर में कार्यरत थे। ऐसे कर्मचारियों को उच्च वेतन स्तर का लाभ उसी तिथि से देय होगा। यह व्यवस्था भारतीय रेलवे के ओपन लाइन प्रतिष्ठानों तथा प्रोडक्शन यूनिट्स में कार्यरत प्वाइंट्समैन कैडर के नियमित स्थायी पदों पर लागू होगी।

# गली-गली खुले कथित अवैध नर्सिंग होम, जिम्मेदारों की निगरानी पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**उन्नाव।** जनपद में कथित रूप से बिना मानकों के संचालित नर्सिंग होम और अस्पतालों को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-बड़े कई निजी अस्पताल नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी क्रम में उन्नाव-रायबरेली हाईवे पर राघव रिसोर्ट के निकट स्थित हेल्थ मेडिकल सेंटर को लेकर भी स्थानीय लोगों ने शिकायतें उठाई हैं। आरोप है कि यह संस्थान आवासीय भवन में अस्पताल के रूप में संचालित किया जा रहा है। वहीं कानपुर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना अजगैन के पीछे बने बेसमेंट में सिंह हॉस्पिटल पर भी मानक के विरुद्ध बड़े आरोप लग रहे हैं। बताया जाता है कि हॉस्पिटल संचालक अपने आपको भाजपा नेता बताकर कार्यवाही से बचने में लगातार सफल हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर स्थित होने के बावजूद संबंधित अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ रही है। उनका सवाल है कि यदि अस्पताल निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हो रहा है तो अब तक इसकी जांच और कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि जनपद में कई कथित अवैध नर्सिंग होम और अस्पताल बिना आवश्यक मानकों का पालन किए संचालित हो रहे हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे संस्थानों का व्यापक सर्वे कर वैधता की जांच कराने और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। यदि विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया या जांच रिपोर्ट सामने आती है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।यह संस्करण दैनिक जागरण की सीधी, तथ्यपरक और कानूनी रूप से सावधानी बरतने वाली शैली के अनुरूप तैयार किया गया है।

## कमरे में मिला 25 वर्षीय युवक का शव, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मियागंज (उन्नाव)।** माखी थाना क्षेत्र के बेलसी गांव में शुक्रवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव उसके कमरे में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

मृतक की पहचान दीपक कुमार (25) पुत्र गोकुल प्रसाद निवासी बेलसी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, जब काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई तो अंदर जाकर देखा गया, जहां दीपक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी पर माखी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसआई मोहन लाल सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने कमरे और आसपास के क्षेत्र से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

पुलिस का कहना है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे बेलसी गांव में शोक का माहौल है। मृतक के भाई सेवाराम, बहन और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### आम्रपाली एक्सप्रेस की छत पर चढ़े यात्री को लगा बिजली का झटका, हालत गंभीर

**गोरखपुर।** गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर गुरुवार को आम्रपाली एक्सप्रेस की छत पर चढ़ा एक यात्री ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन (ओएचई) की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने उसे तत्काल यात्री मित्र कार्यालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। अंबाला से मुजफ्फरपुर जा रही 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ी थी। इसी दौरान सीतामढ़ी (बिहार) के परसौनी निवासी युवक कोच संख्या एम-4 (इकोनामी कोच) की छत पर चढ़ गया। स्वजन लगातार उसे नीचे उतरने के लिए कहते रहे, लेकिन वह नहीं माना और छत पर नाचने लगा। इसी दौरान वह ओएचई की चपेट में आ गया और झुलसकर नीचे गिर पड़ा। उसके साथ यात्रा कर रहे स्वजन ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसका इलाज चल रहा है।

## देवरिया में स्कूल न जाकर पिज्जा की दुकान पर पहुंचे छात्र, खोजने के लिए दौड़ती रही पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लार।** पिज्जा खाने के चक्कर में स्कूल के लिए घर से निकले दो छात्र विद्यालय नहीं पहुंचे तो उनके माता-पिता हैरान हो गए। बच्चों के अपहरण की आशंका में पुलिस को तत्काल सूचना दी गई, इसके बाद पुलिस ने सीसी कैमरों की फुटेज की मदद से दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर घरवालों के सिपुर्द कर दिया गया। कोइरी टोला वार्ड के रहने वाले अदनान पुत्र सज्जू लारी एवं अहमद पुत्र मलिक अंसारी, जो नगर के एक निजी विद्यालय में कक्षा पांच के छात्र हैं, गुरुवार सुबह रोज की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक विद्यालय नहीं पहुंचने पर स्कूल प्रशासन ने पिता को सूचना दी। इसके बाद पिता ने बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। लार पुलिस ने विशेष खोज अभियान शुरू किया।

चौकी प्रभारी कमलेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख स्थानों पर तलाश की और करीब सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही बिहार सीमा स्थित मेहरौना चौकी को भी सतर्क कर दिया गया। तलाश के दौरान सूचना मिलने के मात्र तीन घंटे के भीतर पुलिस ने चनुकी मोड़ के पास से दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि उनका स्कूल जाने का मन नहीं था। वे घूमने निकल गए थे और पिज्जा खाने की इच्छा के कारण विद्यालय नहीं पहुंचे थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को उनके पिता को सुपुर्द कर दिया। बच्चों के सुरक्षित मिलने पर पिता ने राहत की सांस ली और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# पूर्वांचल का 'इण्डस्ट्रियल हब': 160 एकड़ में तैयार होगा प्लग एंड प्ले कॉरिडोर, चमकेंगे रोजगार के अवसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धुरियापार के सेक्टर-6 में करीब 160 एकड़ भूमि इस परियोजना के लिए चिह्नित**

**इस कारिडोर में 100 से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित होने की संभावना**




**गोरखपुर:** धुरियापार में भारत औद्योगिक विकास योजना के तहत 160 एकड़ क्षेत्र में अत्याधुनिक प्लग एंड प्ले औद्योगिक कारिडोर विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। योजना पूरी तरह केंद्र सरकार के वित्तीय सहयोग से विकसित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मार्च 2026 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत देशभर में 100 नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाना है। उत्तर प्रदेश में सात स्थानों पर ऐसे औद्योगिक कारिडोर प्रस्तावित हैं, जिनमें गोरखपुर का धुरियापार भी शामिल है। गीडा ने धुरियापार के सेक्टर-6 में करीब 160 एकड़ भूमि इस परियोजना के लिए चिह्नित कर ली है। अब डीपीआर तैयार होने के बाद सड़क, बिजली, पानी, सीवरेज, ड्रेनेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास केंद्र सरकार के फंड से किया जाएगा। इसके बाद उद्योगों को विकसित भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे।

**प्लास्टिक पार्क की तर्ज पर विकसित होगा प्लग एंड प्ले कारिडोर**

अधिकारियों के अनुसार, यह कारिडोर प्लास्टिक पार्क की तर्ज पर विकसित होगा, जहां उद्यमियों को प्लग एंड प्ले सुविधा मिलेगी। यानी उद्योग लगाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा पहले से तैयार रहेगा, जिससे निवेशकों को कम समय में उत्पादन शुरू करने में आसानी होगी। अनुमान है कि इस औद्योगिक कारिडोर में 100 से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। देश की बड़ी कंपनियों के निवेश की भी संभावना जताई जा रही है। परियोजना का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र सरकार के फंड से विकसित होने के कारण उद्योगों के लिए भूमि अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। धुरियापार में इस कारिडोर के विकसित होने से पूर्वांचल के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और क्षेत्र में सहायक उद्योगों तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

केंद्र सरकार की भारत औद्योगिक विकास योजना के तहत धुरियापार में 160 एकड़ भूमि पर औद्योगिक कारिडोर विकसित किया जाएगा। योजना की डीपीआर तैयार करने के लिए कंसलटेंट का चयन किया जा रहा है। धुरियापार क्षेत्र के विकास में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। अच्छी कंपनियां यहां निवेश करेंगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

## रेलवे ट्रैक पर विवाहिता का शव मिलने से हड़कंप, पति को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**पिपराइच, (गोरखपुर)।** खझवां रेलवे ट्रैक पर गुरुवार देर शाम आठ बजे विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

शव की पहचान महमूदाबाद उर्फ मोगलपुरा निवासी संगीता प्रजापति के रूप में हुई है। गुरुवार को वह पति राज प्रजापति द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के संबंध में पूछताछ के लिए थाने आई थी। शाम को उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला। पुलिस के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। संगीता की शिकायत पर पति राज प्रजापति के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और मारपीट के दो मुकदमे दर्ज हैं। पारिवारिक न्यायालय के आदेश पर 19 जून को पति उसे घर ले गया था, लेकिन करीब एक सप्ताह बाद वह हरपुर गुलहरिया स्थित मायके लौट गई थी।

पूछताछ करने पर राज प्रजापति ने बताया कि उनकी पत्नी संगीता 16 जुलाई से घर छोड़कर चली गई थी, जिसकी शिकायत उसने आइजीआरएस पोर्टल पर की थी। वहीं मायके वालों का आरोप है कि कुछ दिन पहले संगीता ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर पति से जान का खतरा होने की आशंका जताई थी। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पता चलेगा। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### संसद में गूंजी पुरवा-मौरावां की आवाज, रेल लाइन की मांग से जगी विकास की नई उम्मीद

उन्नाव। वर्षों से रेल संपर्क की बाट जोह रहे पुरवा और मौरावां क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों को उस समय नया बल मिला, जब राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने राज्यसभा में इस बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। सांसद ने रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए पुरवा और मौरावां को रेल नेटवर्क से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। सांसद ने सदन में कहा कि क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी रेल सुविधा से वंचित है। लोगों को आवागमन के लिए पूरी तरह सड़क मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अधिक खपत होती है। उन्होंने कहा कि यदि इस क्षेत्र को रेल मार्ग से जोड़ा जाता है तो यात्रियों को सस्ती, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा मिलेगी, साथ ही व्यापार, शिक्षा, रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। राज्यसभा में यह मुद्दा उठने के बाद पुरवा और मौरावां क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस परियोजना को मंजूरी देती है तो वर्षों पुरानी मांग पूरी होने के साथ क्षेत्र के विकास के नए द्वार खुलेंगे। फिलहाल अब क्षेत्रवासियों की निगाहें रेल मंत्रालय के अगले कदम पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित यह रेल परियोजना जल्द ही धरातल पर उतरकर पुरवा और मौरावां को देश के रेल मानचित्र से जोड़ने का सपना साकार करेगी।

# गंगा का बढ़ता जलस्तर, परियर के गांवों पर बाढ़ का खतरा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**परियर (उन्नाव)।** लगातार हो रही वर्षा और नरौरा बांध से छोड़े गए पानी के कारण गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर से परियर क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के पास तक पानी पहुंच गया है, जिससे बाढ़ की आशंका गहरा गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी के साथ एडीएम सुशील कुमार गौर और सदर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को पूरी सतर्कता बरतने तथा राहत एवं बचाव कार्यो को हर समय तैयार रखने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने संभावित बाढ़ से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां कर ली हैं। परियर में बाढ़ चौकी स्थापित कर दी गई है, जबकि जानकी कुंड आश्रम में राहत शिविर बनाया गया है। नावों की व्यवस्था, राहत सामग्री, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा गंगा के जलस्तर की 24 घंटे निगरानी के लिए तहसील स्तर पर कई टीमें गठित की गई हैं। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें। एडीएम सुशील कुमार गौर और सदर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे गंगा नदी के किनारे जाने से बचें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत बाढ़ चौकी या प्रशासन को दें। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

# देवरिया में हत्या के मामले में मां-बाप और बेटे को आजीवन कारावास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** हत्या और जानलेवा हमले के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश जगन्नाथ की अदालत ने गुरुवार को तीन आरोपितों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने प्रभु दयाल गुप्ता, उनकी पत्नी मीना देवी और पुत्र सचिन गुप्ता पर प्रत्येक को 1.12 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 8 फरवरी 2021 की शाम करीब छह बजे खामपार बाजार के रहने वाले दिनेश गुप्ता अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान उनके पट्टीदार प्रभु दयाल गुप्ता, मीना देवी और सचिन गुप्ता कुदाल व लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और दिनेश पर हमला कर दिया।

शोर सुनकर बचाने पहुंचे उनके भाई कुंज बिहारी गुप्ता पर भी आरोपितों ने प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान दिनेश गुप्ता की मौत हो गई। घटना के बाद कुंज बिहारी गुप्ता की पत्नी इंद्रकला की तहरीर पर खामपार थाने में हत्या और जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलों तथा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने तीनों आरोपितों को दोषी पाया। न्यायालय ने हत्या के अपराध में आजीवन कारावास, जानलेवा हमले के लिए 10 वर्ष का कठोर कारावास तथा मारपीट और अपमानित करने के अपराध में एक वर्ष का कठोर कारावास सुनाया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। फैसला सुनाए जाने के बाद तीनों दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

## 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भाटपाररानी/लार, (देवरिया)।** गोवध के मुकदमे में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गुरुवार देर रात लार और भाटपाररानी पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया गया है। उसके पास से तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भाटपाररानी पुलिस चनुकी मोड़ पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बाइक से पहुंचे संदिग्ध युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। वह पुलिस को चकमा देकर बाइक से भाग निकला। इसकी सूचना लार पुलिस को दी गई। इसके बाद लार पुलिस ने खरवनिया मोड़ के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस टीम को सामने देखकर आरोपित ने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क पर गिर गया। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद उसने तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें उसके बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

पूछताछ में आरोपित की पहचान अजहर अंसारी पुत्र अहमद अंसारी, निवासी मटियरा जगदीश, थाना लार के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, वह भाटपाररानी थाने में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित था। गिरफ्तारी नहीं होने पर उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने लार थाने में आरोपित के खिलाफ पुलिस टीम पर फायरिंग के मामले में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मौसम का मिजाज बदला, आज छिटपुट तो कल होगी तेज बारिश



**गोरखपुर।** सावन में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में धूप और उमस के बाद बुधवार देर रात हुई झमाझम वर्षा ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई। गुरुवार को भी कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान गरज-चमक के साथ बौछार पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में 41.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री कम रहा। अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम 79 प्रतिशत रिकार्ड की गई। मौसम विज्ञानी टीबी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को हल्की बारिश होने के आसार हैं, जबकि शनिवार को जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है। गरज-चमक के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने और आवश्यक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## पुलिस ने 13 दिन में चार्जशीट दाखिल की, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बने आधार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** वैभव अपहरण-हत्याकांड में पुलिस ने घटना के 13 दिन के भीतर विवेचना पूरी कर कोर्ट में 35 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने कंप्यूटर शिक्षक और कोचिंग संचालक सर्वेश उर्फ बिट्टू शर्मा को मुख्य आरोपित बनाया है। इसके अलावा उसके पिता हरिनारायण शर्मा, भाई सत्येंद्र कुमार भट्ट उर्फ जिले एवं 25 हजार रुपये के इनामी सतीश, पत्नी अनामिका शर्मा और बबली शर्मा को आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने मामले की त्वरित सुनवाई और प्रभावी पैरवी को देखते हुए चार्जशीट में महत्वपूर्ण साक्ष्यों और गवाहों को शामिल किया है। विवेचना के दौरान जुटाए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, फोरेंसिक रिपोर्ट, बरामदगी और तकनीकी विश्लेषण को आरोपों का आधार बनाया गया है। पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई को चौथी कक्षा का छात्र वैभव स्कूल से घर लौटने के बाद साइकिल लेकर खेलने निकला था। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर पिता हनुमान वर्मा समेत परिवार के अन्य सदस्य ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान उसकी साइकिल और चप्पल मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मुकदमा दर्ज कर पांच टीमों का गठन किया गया। जांच में सीसीटीवी फुटेज, डाग स्क्वाड और तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई। इसके बाद आरोपित पड़ोसी सर्वेश को गिरफ्तार किया गया।

विवेचना में पुलिस के सामने आया कि आरोपित पड़ोसी और कोचिंग संचालक कर्ज में डूबा हुआ था। पुलिस का आरोप है कि उसने एक करोड़ रुपये की फिरौती वसूलने के उद्देश्य से वैभव के अपहरण की योजना बनाई थी। चार्जशीट के अनुसार, फिरौती मांगने के तरीके तलाशने के लिए इंटरनेट और एआई की मदद ली गई। पहचान छिपाने के लिए कंबोडिया का वर्चुअल मोबाइल नंबर खरीदा गया और रकम लेने के लिए बैंक खाता भी खुलवाया गया। इसके बाद सर्वेश ने वैभव को उपहार देने का लालच देकर अपने साथ ले गया था। रास्ते में बच्चे के शोर मचाने पर उसने सीने पर लात रखकर उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को बोरे में भरकर घर के बेसमेंट में छिपा दिया गया। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव बरामद किया।

## संक्षिप्त खबरें

### गर्भवती महिला की मौत के बाद ससुराल में बवाल, पथराव में कई लोग घायल

**फिरोजाबाद।** गांव मोहम्मदाबाद में प्रसव के बाद एक विवाहिता की मृत्यु के बाद मायका पक्ष के लोगों ने ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा, मारपीट और पथराव किया। इस घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और शोक व्यक्त करने आए ग्रामीणों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। हमले में गांव की दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। मोहम्मदाबाद निवासी सतेंद्र की शादी तीन वर्ष पूर्व छारबाग, फिरोजाबाद निवासी 22 वर्षीय रजनी के साथ हुई थी। देखरेख के लिए पति लगभग 15 दिन पहले गर्भवती पत्नी को उसके मायके छोड़ आया था। गुरुवार को प्रसव पीड़ा होने पर स्वजन ने उसे फिरोजाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑपरेशन से उसने एक कन्या को जन्म दिया। नवजात की हालत ठीक है, लेकिन रजनी की तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे आगरा रेफर कर दिया। शुक्रवार को आगरा ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु से आक्रोशित मायके वाले सुबह 10 बजे शव लेकर सीधे उसकी ससुराल गांव मोहम्मदाबाद पहुंच गए और आते ही लाठी-डंडों से हमला बोलते हुए ईट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए।

### मैनपुरी के दो मोबाइल लुटेरे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**फिरोजाबाद।** राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले मैनपुरी के दो लुटेरों को पुलिस ने गुरुवार रात 12.15 बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे फिरोजाबाद के सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। लुटेरों के पास से राइडर बाइक, पांच मोबाइल फोन, सात हजार रुपये और तमंचा बरामद हुआ है। शिकोहाबाद इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने बताया कि पिछले दिनों भारत गैस गोदाम, एटा रोड के पास और सुभाष तिराहा से दो लोगों से मोबाइल लूट की वारदात हुई थी। पुलिस लुटेरों की तलाश में थी। देर रात जानकारी मिली कि वारदात करने वाले दो लुटेरे पुरातन रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस टीम ने वहां वाहन चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान बाइक पर आए दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया तो वे बाइक मोड़ कर भागने लगे। इस दौरान बाइक फिसल कर गिर गई। इस बीच एक युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक के पैर में गोली लग गई।

# तेज़ी से बढ़ रहा 'ईट राइट इंडिया' अभियान अस्पताल, स्कूल में बनेंगे सुरक्षित भोजन के केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय चंदन पांडेय के नेतृत्व में जिले में 'ईट राइट इंडिया' अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत अस्पतालों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, जिला कारागार और प्रमुख धार्मिक स्थलों को सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जल्द ही भारत सरकार की टीम जिले में पहुंचकर अभियान का निरीक्षण करेगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्कूलों, अस्पतालों, विश्वविद्यालयों की कैंटीन, जिला जेल की रसोई और प्रमुख धार्मिक स्थलों का प्रमाणीकरण कराया जा रहा है। अब तक जिले के सात संस्थानों को 'ईट राइट कैंपस' का प्रमाणपत्र मिल चुका है। इनमें पुलिस लाइन मेस, एफएस विश्वविद्यालय, एफएच मेडिकल कॉलेज, स्वशासी मेडिकल कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर फिरोजाबाद, सेवार्थ संस्थान टूंडला और क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं।

**15 विद्यालय प्रमाणन की प्रक्रिया में**

अभियान के तहत विद्यालयों की रसोई और छात्रावास की मेस में स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य सामग्री, उचित भंडारण तथा भोजन तैयार करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया पर जोर दिया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दबरई और कंपोजिट स्कूल दबरई को 'ईट राइट स्कूल' के रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं जिले के 15 अन्य विद्यालय प्रमाणन की प्रक्रिया में हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और आश्रम पद्धति विद्यालयों को भी अभियान से जोड़ने की तैयारी है।

**अस्पतालों में भोजन की गुणवत्ता पर जोर**

अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों को सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए रसोई की स्वच्छता और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एफएच मेडिकल कॉलेज, स्वशासी मेडिकल कॉलेज, ट्रॉमा सेंटर और सेवार्थ संस्थान इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**जेल और धार्मिक स्थलों तक होगा विस्तार**

जिला कारागार को भी 'ईट राइट कैंपस' के रूप में विकसित करने की तैयारी है। जेल की रसोई में साफ-सफाई, खाद्य सामग्री का सुरक्षित भंडारण और भोजन तैयार करने की स्वच्छ प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर प्रसाद, भंडारा और लंगर में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री, पेयजल और भोजन वितरण की स्वच्छता पर भी ध्यान दिया जाएगा। सहायक आयुक्त चंदन पांडेय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक संस्थानों को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों से जोड़कर लोगों को सुरक्षित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अभियान से स्वस्थ खान-पान की आदतों को भी बढ़ावा मिलेगा। अभियान को सफल बनाने में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. तूलिका शर्मा सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा, जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार और डॉ. अनिल यादव समेत विभागीय टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# तिवारीपुर में 72 घंटे से जलभराव, ढाई फीट पानी में फंसे ग्रामीण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** नरवल तहसील क्षेत्र के तिवारी पुर गांव में पिछले करीब 72 घंटे से रूक रूक कर बारिश से भीषण जलभराव की समस्या बन गई, गांव की मुख्य सड़क और गलियों में करीब ढाई फीट तक पानी भरा होने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हुआ,, शुक्रवार को भी ग्रामीण गंदे पानी के बीच से होकर आने जाने को मजबूर रहें, बड़ागांव, दलपतपुर, पूरनपुर,समेत कई गांवों को हाइवे से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पानी भरा हैं, जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,, वहीं किसान और मजदूर भी रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए गंदे पानी से गुजरने को विवश हैं,, ग्रामीणों के अनुसार संतोष,लाखन, सुरेंद्र,राधे समेत 40 से 50 घरों में पानी घुस गया है ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के नाले लंबे समय से सिल्ट और गंदगी से बंद पड़े हैं। जिसके कारण बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पाती,हर साल यही स्थिति बनी रहती हैजिससे घरों में पानी भर जाता है जिससे गंभीर बीमारियों का ख़तरा बढ़ जाता है, ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान से भी शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नालों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की हैं,,इस संबंध में एसडीएम नरवल सत्य पाल प्रजापति ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, उन्होंने आश्वासन दिया कि जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराई जाए

# टूण्डला जंक्शन पर अयोध्या वंदे भारत के ठहराव की मांग तेज

**केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह ने रेल मंत्री को लिखा पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** टूण्डला जंक्शन पर नई दिल्ली-अयोध्या धाम वंदे भारत एक्सप्रेस (22425/22426) के नियमित ठहराव की मांग ने जोर पकड़ लिया है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर जनहित में इस ट्रेन का टूण्डला जंक्शन पर ठहराव सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में प्रो. बघेल ने कहा है कि टूण्डला जंक्शन उत्तर मध्य रेलवे का प्रमुख रेलवे स्टेशन होने के साथ-साथ आगरा मंडल का अत्यंत महत्वपूर्ण रेल केंद्र है। आगरा सहित आसपास के क्षेत्रों की डेढ़ करोड़ की आबादी इस स्टेशन पर निर्भर है। इसके अलावा फिरोजाबाद, हाथरस, एटा, कासगंज, मथुरा तथा राजस्थान के धौलपुर और भरतपुर के यात्री भी रेल यात्रा के लिए मुख्य रूप से टूंडला जंक्शन का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम के दर्शन के लिए यात्रा करते हैं। यदि नई दिल्ली-अयोध्या धाम वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव टूंडला जंक्शन पर दिया जाता है तो आगरा मंडल और पूरे ब्रज क्षेत्र के यात्रियों को तेज, सुविधाजनक और समय की बचत करने वाली यात्रा का लाभ मिलेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने रेल मंत्री से जनहित और श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अयोध्या वंदे भारत एक्सप्रेस (22425/22426) का टूंडला जंक्शन पर नियमित ठहराव स्वीकृत करने की मांग की है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें रेलवे मंत्रालय के फैसले पर टिकी हैं। आपको बता दें की नगर के वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी हेमंत उपाध्याय के द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल से इस ट्रेन के ठहराव को लेकर पत्राचार किया गया था।

# भारत माता चौक के सौंदर्यीकरण को लेकर नामित सभासद महेन्द्र कुमार झा ने ईओ को दिए प्रस्ताव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**टूण्डला -** नगर पालिका परिषद टूण्डला के नामित सभासद महेन्द्र कुमार झा ने नगर के प्रमुख स्थल भारत माता चौक के सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी (ईओ) को तीन सूत्रीय प्रस्ताव दिया। उन्होंने मांग की कि भारत माता चौक को 15 अगस्त से पहले व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाया जाए, ताकि नगर की पहचान और भी बेहतर हो सके। प्रस्ताव में महेन्द्र कुमार झा ने कहा कि भारत माता चौक नगर का प्रमुख एवं ऐतिहासिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल की नियमित देखभाल और सौंदर्यीकरण आवश्यक है। उन्होंने अपने पहली प्रस्ताव में भारत माता की प्रतिमा का रंग-रोगन (कलर) कराकर उसे नए स्वरूप में तैयार कराने की बात कही। दूसरे प्रस्ताव के तहत चौक पर लगी पुरानी एवं क्षतिग्रस्त रेलिंग को हटाकर नई और मजबूत रेलिंग लगाए जाने की मांग की गई। वहीं तीसरे प्रस्ताव में चौक पर पर्याप्त एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) कराने की मांग की गई, जिससे रात्रि के समय चौक की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ लोगों को सुविधा और सुरक्षा भी मिल सके। नामित सभासद महेन्द्र कुमार झा ने कहा कि यदि इन प्रस्ताव को शीघ्र पूरा किया जाता है तो भारत माता चौक की भव्यता बढ़ेगी और नगरवासियों को एक स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जनहित को देखते हुए तीनों मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नगर पालिका परिषद जनभावनाओं का सम्मान करते हुए भारत माता चौक के सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाएगी।

### दो कारों में 218 किलो गांजा पकड़ा

**कानपुर।** कानपुर में गांजा तस्करी का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। पुलिस के एक्शन के बावजूद एक के बाद एक तस्कर और भारी मात्रा में गांजा की तस्करी सामने आ रही है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को भी सामने आया। पुलिस टीम ने ओडिशा से दो कारों में गांजा लेकर दूसरे शहरों में सप्लाई करने जा रहे दो तस्करों को बिधनू और सेन पश्चिम पारा क्षेत्र में पकड़ा। उनकी कारों से 218 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपित के मोबाइल से गिरोह के सरगना की कई वाट्सएप पर वाइस रिकार्डिंग मिली, जिसमें सरगना तस्करों को माल लेकर कहां-कहां सप्लाई करना है। इसकी जानकारी दे रहा है। एडीसीपी आपरेशन और साउथ सुमित सुधाकर रामटेके की टीम ने गुरुवार देर रात सेन पश्चिम पारा और बिधनू थाना क्षेत्र में स्विफ्ट और हांडा सिटी कार से दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उन्होंने अपने नाम शिवम और रोहित बताए। उनकी कारों से 218 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसे ओडिशा से लाकर कानपुर, प्रतापगढ़ समेत शहरों में सप्लाई करने जा रहे थे।

# बिधनू थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की चेकिंग के दौरान 219 किग्रा गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र अंतर्गत गुरूवार देर रात दो अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया,, पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 219 किग्रा गांजा बरामद किया है। आरोपियों ने दो कारों की डिग्गी में गांजा छिपा रखा था। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि गांजा ओडिशा से लाकर चित्रकूट और आसपास के जिलों में सप्लाई करने ले जा रहे थे,,अब पुलिस पूरे सिंडीकेट का खुलासा करने के लिए जांच पड़ताल में जुटी है। यह कार्य वाई बिधनू थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान की,, कानपुर एडीसीपी साऊथ सुमित रामटेके की टीम और घाटमपुर एसीपी कृष्ण कांत यादव की निगरानी में आपरेशन व्हाइट पाउडर,,के तहत् यह कार्य वाई की गई,, पुलिस के अनुसार बिधनू थाना क्षेत्र में पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी,,इसी दौरान दो कारों को रोक कर तलाशी ली गई,इसी दौरान दोनों कारों में भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया बरामदे गांजे का बजन 219 किलों बताया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा ओडिशा से लाया गया है इसे चित्रकूट और आसपास के जिलों में अलग अलग स्थानों पर सप्लाई किया जाना था, पुलिस अब यह पता लगानें में जुटीं हैं कि गांजा तस्करी के इस नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं,और नशीली पदार्थ की खेप किसके इशारे पर मंगाई जा रहीं हैं। सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। जिससे पूरे नेक्सेस की कमर तोड़ी जा सके,, कानपुर एडीसीपी साऊथ सुमित रामटेके ने बताया कि गांजा तस्कर पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग गाड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उसके बाद सर्विलांस टीम ओडिशा से कानपुर की ओर आने वाले संदिग्ध वाहनों और नंबरों की निगरानी कर रही है इसी के आधार पर पुलिस को तस्करों तक पहुंचने में सफलता मिली, दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,, दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की जाएंगी।

# युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें : जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद -** पालिवाल हॉल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं सदर विधायक मनीष असीजा की उपस्थिति में हितधारकों एवं कार्यान्वयन विभाग के अधिकारियों के लिए एमएसएमई योजनाओं पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद जनपद ग्लास सिटी और बैंगल सिटी के रूप में देशभर में अपनी पहचान रखता है, जो द्वितीयक क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का विजन है कि युवा केवल रोजगार मांगने वाले न बनें, बल्कि स्वयं उद्यम स्थापित कर दूसरों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले बनें। उन्होंने कहा कि युवाओं को जॉब सीकर नहीं, जॉब प्रोवाइडर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को सरकार की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत पात्र युवाओं को बिना किसी गारंटी के 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से योजना का शत-प्रतिशत लाभ सभी पात्र आवेदकों तक पहुंचाया जाएगा। सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन और उद्योग विभाग लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें बैंक प्रबंधकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैंक अधिकारियों से अपील की कि युवा उद्यमियों को बार-बार बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें और समयबद्ध तरीके से उन्हें योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन योजनाओं से लाभान्वित होकर जनपद के युवा आत्मनिर्भर बनेंगे और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत योगेश कुमार, विनय यादव, आशीष कुमार एवं आकांक्षा अग्रवाल को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पंकज कुमार, जगत सिंह, अजय कांत, राकेश यादव एवं प्रमोद कुमार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग संध्या सहित उद्योग विभाग के अधिकारी, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों की पहचान तेज

**कानपुर।** कानपुर में गरीबी उन्मूलन को लक्ष्य बनाकर शुरू की गई जीरो पावर्टी योजना अब जमीनी स्तर पर अमल में आ गई है। योजना के तहत ऐसे परिवारों की पहचान की जा रही है जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे हैं। इन परिवारों को अलग-अलग विभागों की योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला विकास अधिकारी आत्मराम रस्तोगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है। पूरे अभियान की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव जे. जैन कर रहे हैं। टीम गांव-गांव पहुंचकर पात्र परिवारों का सत्यापन कर रही है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को ही योजना का लाभ मिल सके। प्रशासन ने शुरुआती चरण में जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत से 25-25 गरीब परिवारों का चयन किया है। इस प्रक्रिया में अब तक 14,750 परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है।

# 60 साल पुराने आयुर्वेदिक अस्पताल को नहीं मिल रही 5 एकड़ जमीन

**बरेली।** मरीजों का रुझान आयुर्वेद पर काफी बढ़ा है। इस कारण राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन यहां से इलाज पाना मरीजों के लिए किसी जंग से कम नहीं है। 60 वर्ष से संचालित अस्पताल में जगह नहीं और यहां पहुंचना भी संकरी सड़क की वजह से काफी मुश्किल है। कई वर्ष से अस्पताल के नए भवन के लिए पांच एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है, लेकिन मिल नहीं पा रही है। सिर्फ फाइल प्रशासन और शासन के बीच घूम रही है। कुछ दिनों पूर्व अस्पताल को यूनानी अस्पताल में शिफ्ट करने की योजना बनी, लेकिन आगे नहीं बढ़ सकी। बासमंडी में स्थापित एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज वर्ष 1966 से संचालित हो रहा है। इसका भवन इससे भी पूर्व का बना हुआ है, क्योंकि पहले यहां पर ट्रस्ट की ओर से अस्पताल का संचालन होता था। अस्पताल में 14 विभाग हैं, जिनमें 32 डॉक्टर और 100 स्टाफ हैं। यहां पर दो सौ से अधिक बीएएमएस के छात्र अध्ययन कर रहे हैं। अस्पताल में पहले मरीज कम आते थे, लेकिन अब 350 से 400 मरीज पहुंचते हैं। जगह की कमी की वजह से सिर्फ एक पर्चा काउंटर है, जहां लंबी लाइन लगती है। दवा काउंटर पर भी जगह न होने की वजह से मरीजों को परेशानी होती है। डॉक्टरों की ओपीडी कक्ष में भी अधिक मरीज आने पर बैठने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलता है। सबसे बड़ी बात है कि अस्पताल में पहुंचना मुश्किल है। श्यामतगंज और कुतुबखाना के रास्ते अस्पताल में पहुंचा जा सकता है। यह रास्ता काफी संकरा है। बमुश्किल बाइक निकलती है। कार और ई-रिक्शा जाकर फंस जाते हैं। यही वजह है कि अधिकांश डाक्टर भी बाइक से ही आते हैं और उन्हें छात्रावास में खड़ी करते हैं। अस्पताल में वाहनों की पार्किंग की जगह नहीं है और बाहर खड़े करने पर जाम लगता है।

### आला हजरत उर्स में लाखों जायरीनों ने एक साथ अदा की जुमे की नमाज

**बरेली।** आला हजरत के सालाना उर्स के दूसरे दिन अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश और विदेश के कोने-कोने से पहुंचे लाखों जायरीनों के कारण शहर में चारों तरफ अकीदत का माहौल नजर आया। उर्स का दूसरा दिन होने और साथ में जुमे का मुबारक दिन होने के चलते जायरीनों की संख्या में भारी इजाफा दर्ज किया गया। दोपहर के समय उर्स के मुख्य स्टेज के सामने मैदान में देश-विदेश से आए लाखों लोगों ने एक साथ जुमे की नमाज अदा की। मौसम के मिजाज और हल्की बारिश के कारण मैदान की जमीन और बिछे हुए कारपेट कीचड़ से सन चुके थे, लेकिन जायरीनों के जज्बे और अकीदत के आगे यह रुकावटें कम पड़ गईं। अकीदतमंदों ने कीचड़ की परवाह न करते हुए गीली जमीन पर प्लास्टिक की चादरें बिछाई और उस पर पूरी मुस्तैदी के साथ नमाज अदा की। मैदान में अलग-अलग हिस्सों में बैठे लोग एक साथ इबादत करते रहे। इस दौरान मैदान में जायरीनों के आने-जाने और चरणबद्ध तरीके से नमाज पढ़ने का सिलसिला काफी देर तक अनवरत चलता रहा। नमाज के बाद आला हजरत दरगाह और ताजुश्शरिया दरगाह पर मन्नतें मांगने और दुआएं करने का दौर जारी रहा। लोगों ने दरगाहों पर जाकर बड़े पैमाने पर गुलपोशी की और चादरें पेश कीं।

# मंदिर की सुरक्षा को लेकर हिन्दू रक्षा दल का प्रदर्शन, पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर।** हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीना मिश्रा के नेतृत्व में कानपुर पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि थाना कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित लगभग दस वर्ष पुराने सार्वजनिक मंदिर को गिराने की धमकियां दी जा रही हैं तथा शिकायतकर्ता और उनके परिवार को लगातार डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में रीना मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति, जो स्वयं को सीआरपीएफ का सेवानिवृत्त अधिकारी बताता है, सार्वजनिक पार्क में बने मंदिर को हटाने की बात कहता रहा है। उनके अनुसार यह मंदिर स्थानीय लोगों के सहयोग और आस्था का प्रतीक है तथा पिछले लगभग दस वर्षों से क्षेत्र के श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना का केंद्र बना हुआ है। रीना मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें कई बार अभद्र व्यवहार, मारपीट तथा जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ा है। उनका कहना है कि इन घटनाओं से संबंधित ऑडियो एवं वीडियो साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिन्हें पुलिस को सौंपे जाने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में दर्ज मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगा दी गई थी तथा शिकायतों पर केवल शांति व्यवस्था संबंधी कार्रवाई होने से उन्हें न्याय नहीं मिल सका। हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने मांग की कि पूरे मामले की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए, उपलब्ध ऑडियो-वीडियो साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच की जाए, शिकायतकर्ता एवं उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिन्दू रक्षा दल के जिला अध्यक्ष नीरज निश्चल श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीना मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आलोक भदौरिया, कोषाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, मंत्री कामता तिवारी, वरिष्ठ मंत्री मृत्युंजय हिन्दुवादी, श्रवण कुमार, विशाल पाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 9 अगस्त को कजरी महोत्सव का आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** श्री राधाकृष्ण वनवासी छात्रावास के छात्राओं व संस्कार भारती काशी प्रान्त के द्वारा कजरी महोत्सव का आयोजन 9 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम के व्यवस्थापक अमित चतुर्वेदी ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता कर बताया कि मीरजापुर की सांस्कृतिक धरोहर लोक कलाओ को जीवंत एवं संरक्षित किये जाने और भारतवर्ष के अलग अलग प्रान्तो सहित पडोसी देशों मे इस कला का प्रचार प्रसार के उद्देश्य से रविवार 9 अगस्त को कार्यक्रम सुरभि शोध संस्थान के सभागार मे आयोजित किया गया है। लोक कलाओ की प्रशिक्षण काशी की ममता शर्मा द्वारा संस्थान मे शिक्षारत छात्राओ को दी जा रही है। वार्ता के दौरान महोत्सव प्रभारी सविता सिंह ने बताया कि पारम्परिक एक जैसा परिधान मे 500 सौ महिलाओं व बहनो का नेतृत्व पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव करेगी। इस दौरान प्रभारीआकाश, आनन्द केशरी व व्यवस्थापक दीपक सहित संस्थान की छात्राए मौजूद रही।

## बेटी की हत्या के आरोपित पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**भदोही।** थाना चौरी पुलिस ने अपनी ही 17 वर्षीय पुत्री की हत्या के आरोपित पिता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का टुकड़ा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त की शाम ग्राम वेदमनपुर में संतोष यादव की पत्नी रानी यादव लकड़ी लेने पुराने घर गई थीं। वहां उनके छोटे भाई राजेश यादव से विवाद हो गया। आरोप है कि राजेश ने लकड़ी के टुकड़े से हमला करने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी 17 वर्षीय पुत्री के सिर पर लकड़ी का वार लग गया। गंभीर रूप से घायल किशोरी की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में संतोष यादव की तहरीर पर थाना चौरी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चौरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर परसीपुर रेलवे स्टेशन के पास वन विभाग क्षेत्र से आरोपित राजेश यादव (45) निवासी वेदमनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी का टुकड़ा भी बरामद कर आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया।

## तीन कम्युनिटी मीडिएटर नामित, स्थानीय स्तर पर सुलझेंगे विवाद

**भदोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मध्यस्थता अधिनियम, 2023 के तहत जनपद में तीन कम्युनिटी मीडिएटर नामित किए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद जिलाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची से यह चयन किया गया। नामित कम्युनिटी मीडिएटरों में दुलादासपुर निवासी जाविर बाबू अंसारी, सिविल लाइंस (पकरी) निवासी अनिल केशरी तथा खमरिया निवासी राजेन्द्र मिश्रा शामिल हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार मध्यस्थता अधिनियम, 2023 की धारा 43(4) एवं 43(5) के तहत नामित कम्युनिटी मीडिएटर आवश्यकता पड़ने पर जिला प्रशासन के अनुरोध पर स्थानीय विवादों के समाधान में मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे।

# एसिड अटैक के मामले में पीड़ित की पत्नी और दोषी साथी को सात साल की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बांदा।** स्पेशल, डकैती कोर्ट न्यायाधीश गगन कुमार भारती ने अपहरण कर तेजाब डालकर युवक को जलाने के मामले में पीड़ित की दोषी पत्नी व उसके साथी को सात-सात वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12-12 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोनों को सजायवी वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया। घटना के पांच साल नौ माह बाद फैसला आया है। बबेरू कस्बा के गांव फफूंदी निवासी महेंद्र कुशवाहा ने देहात कोतवाली में 31 अक्टूबर 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया था कि वह घटना के समय शहर के गायत्री नगर मुहल्ले में परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। 29 अक्टूबर 2020 को उसकी पत्नी संतोषी उसे पहले से सोची समझी साजिश के तहत बीमा का पैसा दिलाने के नाम पर उसे हथौड़ा गांव ले गई। लेकिन वहां पैसा नहीं मिला।

पत्नी संतोषी ने अपने साथी देहात कोतवाली क्षेत्र के दोहा गांव निवासी प्रधान गुप्ता उर्फ सत्यप्रकाश को बुला लिया। जहां दोनों पहले उसे बातों में उलझाए रहे। लेकिन पैसा नहीं मिला। इस बीच पत्नी संतोषी के साथी प्रधान गुप्ता ने उसे लात मारकर गिरा दिया और उसकी पत्नी ने उसके दोनों पैर बांध दिए। बाद में संतोषी ने तेजाब की बोतल अपने साथी को दी। प्रधान गुप्ता ने उसके चेहरे पर तेजाब डाल दिया, घटना के बाद दोनों चार पहिया गाड़ी में डालकर चित्रकूट की ओर ले गए। जहां पुलिया के ऊपर से पानी में उसे फेंक दिया। आरोपित पत्नी व उसके साथी के जाने के बाद वह किसी तरह पानी से निकलकर बाहर आया और सड़क से चलकर बदौसा कस्बे पहुंचा। एक वरिष्ठ नागरिक की मदद से बदौसा थाने गया।

थाने से कहा गया कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराओ। इससे उसने देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले के तत्कालीन विवेचक विजय कुमार ओझा ने विवेचना करने के साथ आरोप पत्र छह दिसंबर 2020 को न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से छह गवाह प्रस्तुत किए गए। अधिवक्ताओं की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने संतोषी व उसके साथी को अपहरण व एसिड अटैक का दोषी पाया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 12-12 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

# टोल प्लाजा के आसपास की दुकानों पर कार्रवाई की आशंका

## परिवारों की आजीविका पर मंडराया संकट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज मीरजापुर।** लालगंज अतरैला टोल प्लाजा के आसपास वर्षों से संचालित छोटी-छोटी दुकानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा जारी नोटिस के बाद दुकानदारों और उनके परिवारों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार के इस कदम से कई परिवार बेरोजगार हो सकते हैं, जबकि इन दुकानों से किसी प्रकार की यातायात बाधा या अन्य समस्या उत्पन्न नहीं हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि उनकी आजीविका का एकमात्र साधन यही दुकानें हैं। इनसे होने वाली आय से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक खर्च पूरे होते हैं। यदि दुकानों को हटाया जाता है तो अनेक परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। लंबी दूरी के वाहन चालकों ने भी इन दुकानों को यात्रियों और ड्राइवरों के लिए उपयोगी बताया। चालकों का कहना है कि सफर के दौरान यहां चाय-नाश्ता, भोजन और आराम की सुविधा उपलब्ध रहती है। रात के समय भी यह स्थान सुरक्षित पड़ाव के रूप में कार्य करता है, जहां कुछ देर विश्राम कर आगे की यात्रा की जा सकती है।

यात्रियों का कहना है कि इन दुकानों की मौजूदगी से मार्ग पर रौनक बनी रहती है और सुरक्षा का एहसास होता है। उनका मानना है कि दुकानों के कारण यात्रा अधिक सुविधाजनक और निडर होकर की जा सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने तथा उनकी आजीविका बचाने की मांग की है। क्षेत्र में फिलहाल NHAI की नोटिस चर्चा का विषय बनी हुई है और प्रभावित परिवारों को अपने भविष्य की चिंता सता रही है।

## बिजली चोरी पकड़ने पर अवर अभियंता को मिली धमकी, FIR की मांग

**मीरजापुर।** हलिया मे 5 अगस्त। विद्युत चोरी के मामले में कार्रवाई के बाद अवर अभियंता को कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अवर अभियंता ने थाना हलिया में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र हलिया एवं देवरी उत्तर में तैनात अवर अभियंता रमाशंकर के नेतृत्व में 4 अगस्त को ग्राम थोथा में विद्युत जांच अभियान चलाया गया था। जांच के दौरान एक उपभोक्ता के यहां कथित रूप से बिजली चोरी पकड़ी गई थी। अवर अभियंता का आरोप है कि अगले दिन 5 अगस्त को दोपहर करीब तीन बजे संबंधित व्यक्ति अनुराग अग्रहरी विद्युत उपकेंद्र परिसर पहुंचा और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी ने उन्हें जान से मारने तथा सरकारी आवास को क्षति पहुंचाने की धमकी दी। साथ ही विभागीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का भी प्रयास किया। पीड़ित अवर अभियंता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत में घटना का वीडियो साक्ष्य उपलब्ध होने का भी उल्लेख किया गया है।

# बांदा में गनर पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मुकदमा दर्ज

## नाबालिग बेटी को पीटने का भी है आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बांदा।** डेढ़ दशक पहले नरैनी के पूर्व विधायक दिवंगत पुरुषोत्तम द्विवेदी पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने वाली दुष्कर्म पीड़िता ने सुरक्षा में तैनात रहे अपने गनर पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और बच्चा होने के बाद उसे बेसहारा छोड़कर भागने का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराए मुकदमे में पीटने व धमकाने का गनर के माता-पिता के नाम भी शामिल हैं। पीड़िता की शिकायत पर एसपी के निर्देश पर जहां आरोपित गनर के विरुद्ध कार्रवाई हुई है वहीं पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपित ने उसकी नाबालिग बेटी को पीटने के साथ उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि आरोपित सिपाही मनीष कुमार उसकी सुरक्षा के लिए तैनात दस्ते का हिस्सा रहा है।

ड्यूटी के दौरान जान-पहचान बढ़ने पर आरोपित ने उसे शादी का झांसा दिया और उसके साथ संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने उसे लंबे समय तक शादी का झूठा विश्वास दिलाया। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। आरोप है कि बच्चे के जन्म के बाद आरोपित का व्यवहार पूरी तरह बदल गया और आरोपित उसे अकेला छोड़कर फरार हो गया। आरोपित गनर ने उसका नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। वह जब पुलिस लाइन उससे मिलने पहुंची तो वहां उसने जान से मारने की धमकी दी। आरोपित के स्वजन द्वारा भी उसके साथ मारपीट पूर्व में की गई थी। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि महिला की तहरीर पर महिला थाना में आरोपित सिपाही मनीष कुमार व उसके माता पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बताते चले कि परिवार परामर्श केंद्र में भी मामला नहीं सुलझा था। मनीष वर्तमान में पुलिस लाइन बांदा में तैनात है। पंद्रह साल पहले नरैनी के पूर्व विधायक समेत पांच लोगों पर उक्त महिला ने (तब नाबालिग) दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में विधायक समेत तीन लोगों को दस-दस साल की सजा हो गई थी।

# 13 केंद्रों पर लग रहे विशेष उपभोक्ता सेवा शिविर, 153 समस्याओं का हुआ समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के निर्देश पर जनपद में 1 से 31 अगस्त तक विशेष उपभोक्ता सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 13 विद्युत वितरण खंड एवं उपखंड कार्यालयों पर संचालित हो रहे हैं। इनका उद्देश्य उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण करना है। शिविरों में बिजली बिल संशोधन, नया विद्युत संयोजन, लोड वृद्धि, खराब मीटर संबंधी शिकायतों का निस्तारण, नाम व पता परिवर्तन, बिजली बिल जमा, मोबाइल नंबर व ई-मेल अपडेट, यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप डाउनलोड तथा अन्य विद्युत संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

विद्युत विभाग के अनुसार अब तक इन शिविरों के माध्यम से 153 उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 8112991055 अथवा टोल फ्री हेल्पलाइन 1912 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

**भदोही।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं रख-रखाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वेयरहाउस में लगे अग्निशमन यंत्रों की वैधता और कार्यशीलता की जांच की तथा सभी उपकरणों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण कर निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम/वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## मोहद्दीपुर से लेकर शाहपुर तक 4.5 घंटे का पावर कट, देखें प्रभावित इलाकों की लिस्ट




**गोरखपुर।** मोहद्दीपुर खंड के अधिशासी अभियंता चंद्रेश उपाध्याय ने बताया कि स्विच यार्ड में अनुरक्षण और पेड़ की डाल काटने के कारण सहारा एस्टेट, रामपुर, भक्ता, बीजेपी कार्यालय, महेरवा की बारी, चाणक्यपुरी, मां वैष्णोपुरम, वीरबहादुरपुरम और भैरोपुर की बिजली शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 2:30 बजे तक कटी रहेगी। विद्युत माध्यमिक कार्यखंड के अधिशासी अभियंता सुजीत गुप्ता ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण व लाइन शिफ्टिंग कार्य के कारण दुर्गाबाड़ी उपकेंद्र से जुड़ा हनुमंत नगर फीडर, राप्तीनगर ओल्ड उपकेंद्र, पादरी बाजार उपकेंद्र, शाहपुर उपकेंद्र, रायगंज उपकेंद्र से जुड़ा रायगंज व पोछिया फीडर सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बंद रहेगा।

# भारी बारिश से कच्चा मकान धराशायी, परिवार बाल-बाल बचा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज मीरजापुर** विकास खण्ड हालिया क्षेत्र के बेलन बरौंधा कठार कोहरान बस्ती में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण शुक्रवार को लखन लाल प्रजापति का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मकान गिरने से परिवार के सामने आवासीय संकट खड़ा हो गया है। हालांकि घटना के समय परिवार के सदस्य सुरक्षित स्थान पर होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से क्षेत्र में हो रही लगातार वर्षा के कारण मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। शुक्रवार को तेज बारिश के बीच मकान का एक हिस्सा पहले ध्वस्त हुआ, जिसके बाद पूरा घर जमीन पर गिर पड़ा। मकान में रखा घरेलू सामान, अनाज तथा अन्य उपयोगी वस्तुएं मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और परिवार की सहायता में जुट गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता एवं आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रभावित लखन लाल प्रजापति ने बताया कि मकान गिर जाने से परिवार के सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से कच्चे मकानों को खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षति का सर्वे कराकर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की मांग की है।

# मोबाइल स्क्रीन पर पिता का अंतिम संस्कार, बेटी का सवाल

## वायरल वीडियो ने रिश्तों और संस्कारों पर छेड़ी बहस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** सोशल मीडिया और विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित एक भावुक वीडियो ने लोगों के बीच रिश्तों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलते सामाजिक मूल्यों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। वीडियो में एक वृद्धाश्रम से एक बुजुर्ग की अंतिम यात्रा दिखाई जाती है। चिता जलने के दौरान उनकी बेटी कथित तौर पर मोबाइल स्क्रीन के माध्यम से अंतिम संस्कार देखती नजर आती है और उससे जुड़ा एक सवाल– 'अब कितनी देर लगेगी? '– लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसके सामने आने के बाद त्रिवेणीगंज में भी लोगों ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।

पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र भारती ने कहा कि यदि वीडियो में दिखाई गई घटना वास्तविक है, तो यह केवल एक परिवार नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए आत्ममंथन का विषय है। उन्होंने कहा कि माता-पिता जीवनभर अपने बच्चों के सुख-दुख के लिए संघर्ष करते हैं, इसलिए उनके अंतिम समय में साथ खड़ा होना प्रत्येक संतान का नैतिक दायित्व है। नगर परिषद के पार्षद राम सिंह ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और व्यस्तता के बीच रिश्तों की आत्मीयता कमजोर होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को सम्मान और अपनापन देना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वही परिवार की नींव होते हैं।

वरीय शिक्षक संतोष कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और संस्कारों का विकास भी होना चाहिए। यदि नई पीढ़ी माता-पिता के त्याग और प्रेम का सम्मान करना भूल जाएगी, तो समाज का नैतिक आधार कमजोर पड़ जाएगा। पत्रकार करण कुमार लड्डू ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले ऐसे वीडियो केवल भावनात्मक दृश्य नहीं, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर करने वाले संदेश भी हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक ने दूरियां जरूर कम की हैं, लेकिन यदि रिश्तों की संवेदनाएं समाप्त होने लगें तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

समाज सेविका श्वेता गोयल ने कहा कि सोशल मीडिया पर यह भी दावा किया जा रहा है कि मृतक की तीन बेटियां थीं और उनमें से एक ने अंतिम संस्कार के लिए केवल 5,100 रुपये भेजे। यदि यह जानकारी सही है, तो यह बेहद दुखद और आत्मचिंतन का विषय है। उन्होंने कहा कि माता-पिता के प्रति दायित्व केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं होता, बल्कि उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में उनके साथ रहना ही सच्ची सेवा है। यह वीडियो वास्तविक हो या प्रतीकात्मक, लेकिन इसने एक बड़ा सवाल समाज के सामने जरूर खड़ा कर दिया है– क्या आधुनिकता और व्यस्त जीवन की दौड़ में हम अपने सबसे अनमोल रिश्तों और पारिवारिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं?

# किसानों के लिए खुशखबरी! कृषि उपकरणों पर सरकार दे रही बंपर सब्सिडी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बांदा।** किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने पर अनुदान पाने का अवसर दिया जा रहा है। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों, कृषि ड्रोन, फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, रोटावेटर, थ्रेसर, पावर टिलर, सुपर सीडर, स्प्रेयर, लेजर लैंड लेवलर समेत अन्य उपकरणों पर अनुदान मिलेगा। उप कृषि निदेशक डॉ. अभय कुमार सिंह यादव ने बताया कि इच्छुक किसान 10 अगस्त की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए किसान कृषि विभाग के पोर्टल दर्शन-2 पर जाकर किसान कार्नर में यंत्र बुकिंग प्रारंभ विकल्प पर क्लिक कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय किसान के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। यदि मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है तो आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से उसे अपडेट किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन करेगी। एक लाख रुपये तक अनुदान वाले यंत्रों के लिए बुकिंग राशि 2500 रुपये और इससे अधिक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 5000 रुपये जमा करनी होगी। ई-लॉटरी में चयन नहीं होने पर बुकिंग राशि वापस कर दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## जनपद में तैनात सफाई कर्मियों की होगी लाइव लोकेशन से निगरानी

**रूद्रपुर, देवरिया।** ग्राम पंचायतों से लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से अपराह्न 2 बजे के बीच किसी भी समय ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों के मोबाइल फोन के माध्यम से गूगल लाइव लोकेशन प्राप्त कर उनकी वास्तविक उपस्थिति का सत्यापन किया जायेगा । यदि कोई सफाई कर्मी बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के निर्धारित ग्राम पंचायत के स्थान पर अन्यत्र पाया जाता है अथवा कार्यस्थल से अनुपस्थित मिलता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सहायक विकास विकास अधिकारी (पंचायत )को निर्देशित किया है कि वे रैंडम आधार पर प्रत्येक दिन कम से कम 10 ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों की लाइव लोकेशन प्राप्त कर उसका सत्यापन करें। निरीक्षण में अनुपस्थित अथवा निर्धारित कार्यस्थल पर न पाए जाने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल रिपोर्ट प्रेषित की जाए।

# NH-135 ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ पर संतरा लदा ट्रक पलटा, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज मिर्जापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। संतरा लादकर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदे संतरे सड़क पर बिखर गए और कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घाटी के बड़का मोड़ पर ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के समय आसपास कोई अन्य वाहन या राहगीर चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग किया।

### घाटी का बड़का मोड़ बना दुर्घटना का केंद्र

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि NH-135 पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी का बड़का मोड़ काफी खतरनाक माना जाता है। यहां तीखे मोड़, ढलान और तेज गति से आने वाले वाहनों के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि संवेदनशील स्थान होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में सड़क किनारे सुरक्षा संकेतक, पर्याप्त चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर और अन्य सुरक्षा उपायों की कमी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनती है।

### प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि ड्रमंडगंज घाटी के दुर्घटना संभावित स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

लोगों का कहना है कि केवल हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में बड़े हादसों को रोका जा सके। स्थानीय नागरिकों ने बड़का मोड़ पर चेतावनी संकेत लगाने, सड़क सुरक्षा उपाय बढ़ाने और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि ह्य-135 जैसे व्यस्त मार्ग पर छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### डुमरियागंज में अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौके पर ही हुई मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पड़िया चौराहे पर शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अनियंत्रित डंपर ने बाइक को टक्कर मारने के बाद युवक को रौंद दिया। मृतक की पहचान सुनील कुमार मिश्रा (42) पुत्र त्रियुगी नारायण मिश्रा) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बलरामपुर जिले के उतरौला थाना क्षेत्र के मलमलिया गांव के निवासी थे और वर्तमान में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गोपिया गांव स्थित अपनी ससुराल में रह रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा, स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्वाई शुरू कर दी है।

### हैंडपंप महीनों से खराब, मरम्मत कराने की मांग

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** विकास खंड भनवापुर के ग्राम पंचायत नावडीह स्थित श्मशान घाट पर लगा हैंडपंप कई महीनों से खराब पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंतिम संस्कार के दौरान शव को स्नान कराने, मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति के स्नान तथा अन्य लोगों के हाथ-मुंह धोने के लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन हैंडपंप खराब होने के कारण उन्हें इधर-उधर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप का हैंडल (चेन) टूटने के बाद से इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। पूरे गर्मी के मौसम में भी यह खराब पड़ा रहा, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और ग्राम पंचायत की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीण जनक प्रसाद चौधरी, धर्म प्रकाश चौधरी, झीन सोनी, रामदीन मौर्य, श्यामलाल गौतम, धनीराम गौतम, रामकुमार वरुण, अजय गुप्ता, नारद सहित अन्य लोगों ने जिम्मेदारी अधिकारियों से खराब हैंडपंप को अविलंब मरम्मत कराकर पेयजल व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। इस संबन्ध में खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश कर अविलंब हेंडपंप को ठीक कराया जाएगा।

### अलीगढ़ को स्मार्ट सिटी बनाने में 970 करोड़ खर्च, धंस रहीं हैं नई बनी सड़कें

**अलीगढ़।** स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर में कराए गए करीब 970 करोड़ रुपये के विकास कार्य अब जांच के दायरे में आ गए हैं। कोल विधायक अनिल पाराशर की शिकायत पर शासन ने पूरे प्रकरण पर रिपोर्ट तलब की है। स्मार्ट सिटी मिशन के राज्य मिशन निदेशक प्रवीण कुमार लक्षकार ने मंडलायुक्त संगीता सिंह से सभी कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता व सरकारी धन के उपयोग की जांच कराकर स्पष्ट आख्या भेजने के निर्देश दिए हैं। इससे स्मार्ट सिटी के तहत कराए गए निर्माण कार्यों पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। राज्य मिशन निदेशक की ओर से मंडलायुक्त को भेजे गए पत्र में कहा है कि नगर विकास विभाग के उप सचिव के माध्यम से कोल विधायक की शिकायत प्राप्त हुई है।

# 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में प्रतापगढ़ से सैकड़ों छात्र होंगे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** प्रयागराज केपी ग्राउंड में शनिवार को आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर प्रतापगढ़ जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और छात्रों के बीच उत्साह का माहौल है।जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि इस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी प्रदेशभर से आने वाले छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद करेंगे।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शनिवार को सायं 5 बजे प्रयागराज के केपी ग्राउंड में आयोजित होगा, जहां राहुल गांधी शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और युवाओं के भविष्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर छात्रों से चर्चा करेंगे।उन्होंने बताया कि प्रतापगढ़ जनपद से इस कार्यक्रम के लिए हजारों छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है। जिले से बड़ी संख्या में छात्र, युवा और कांग्रेस कार्यकर्ता प्रयागराज पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए सामूहिक रूप से यात्रा की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में शामिल हो सकें। जिला प्रवक्ता मासूम हैदर एवं कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य से जुड़े सवालों ने छात्रों को अपनी आवाज उठाने के लिए मजबूर किया है। उनका कहना है कि 'छात्रों की गूंज' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा में पारदर्शिता, निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के अधिकारों की मांग को लेकर चलाया जा रहा एक व्यापक अभियान है। जिला उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा एवं मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा ने संयुक्त रूप से कहा कि जनपद के सभी छात्र-छात्राओं, युवाओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस के सभी अग्रिम संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## महुली हादसे के पीड़ित परिवार से मिलीं राज्य महिला आयोग की सदस्य, बंधाया ढांढस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम महुली में जर्जर मकान गिरने से हुई हृदयविदारक दुर्घटना को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने हादसे में प्रभावित परिवार के सदस्य अमन श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दुर्घटना में दिवंगत सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रतिभा कुशवाहा ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस दौरान महुली गांव के ग्रामीणों ने राज्य महिला आयोग की सदस्य से विभिन्न समस्याओं से सम्बन्ध में अवगत भी कराया जिस पर नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि गांव में जहां भी बिजली के जर्जर खंभे हैं, उन्हें विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र बदलवाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि महुली गांव में जो तालाब खोदे गये है उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार दुरुस्त कराया जाए। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने नायब तहसीलदार को यह भी निर्देश दिए कि गांव में जर्जर एवं रहने योग्य न रहे मकानों का सर्वे कराकर पात्र परिवारों को शासन की आवासीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में भौंकने पर पालतू कुत्ते की गोली मारकर की हत्या, आरोपी हुआ फरार

**अलीगढ़।** पालतू कुत्ते के भौंकने पर आगबबूला हुए युवक ने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग की। विरोध करने पर गृहस्वामी के बेटे को भी गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपित फरार हो गया। गुरुवार शाम हुई घटना के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में लगी है। विश्वप्रताप उर्फ विस्सू ने जंगल में फार्म हाउस बना रखा है। गुरुवार शाम वह बाइक पर गांव से फार्म हाउस जा रहा था। हरिओम शर्मा के घर के बाहर पहुंचने पर उनका पालतू कुत्ता भौंकने लगा। इससे विस्सू भड़क गया और गाली देने लगा। हरिओम के पुत्र विकास ने समझाया तो आरोपित ने रिवाल्वर निकालकर फायरिंग की। विरोध करने पर विकास के दाएं पैर में गोली मार दी। कुत्ता भौंकने लगा तो आरोपित ने उसे भी गोली मार दी। कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित रिवाल्वर लहराते हुए फरार हो गया। घायल विकास शर्मा को दीनदयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अमरगढ़ कोट में लूट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत अमरगढ़ कोट में नकाबपोश बदमाशों ने 2 अगस्त को वादिनी को घर में बंधक बनाकर लाखों के गहने समेट ले गए।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।विशेष टीम प्रभारी अमित चौरसिया मय हमराह ने मुखबिर खास व सर्विलांस सेल की मदद से लूट घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी मोहित सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी कटार गोडे गांव चिलबिला नगर कोतवाली,रजनीश पटेल पुत्र स्व जीतलाल निवासी मेहदिया थाना कंधई,गोविंद सिंह पुत्र सुरेश बहादुर सिंह निवासी गोडे गांव चिलबिला नगर कोतवाली,डब्लू वर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी पड़री मुश्तर्का थाना कंधई को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट के सोने के कंगन, सोने की 4 अंगूठी,2 जोड़ी कान के टप,2 जोड़ी कान का झुमका,1 मांग टिका,2 जोड़ी सोने की बाली,1 चेन व लाकेट और चांदी की 1 कमरपेटी,1 कमर का छल्ला,5 जोड़ी पायल,17 नग पैर की बिछिया,1 चांदी का गिलास,1 थाली,1 छोटी प्लेट,1 छोटी कटोरी,1 चम्मच व मन्दिर सजावट के लिए दो चांदी के झूमर बरामद कर मुकदमे में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जिला कारागार के लिए भेज दिया है।

## भाजपा कार्यकर्ता पिटाई प्रकरण में कार्रवाई, त्रिलोकपुर के नायब दरोगा निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाने में तैनात नायब दारोगा विशेश्वर प्रसाद को भाजपा कार्यकर्ता से कथित अभद्रता व मारपीट के आरोप में एसएसपी डा. अभिषेक महाजन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। निलंबन आदेश में उप निरीक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी प्रस्तावित होने की बात कही गई है। घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी। पूर्व मंत्री डा. सतीश द्विवेदी का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर त्रिलोकपुर थाने में धरने पर बैठने की चेतावनी दी थी।

बताया जाता है कि बेव मुस्तहकम निवासी भाजपा कार्यकर्ता गुलशन कश्यप को किसी विवाद के सिलसिले में थाने बुलाया गया था। आरोप है कि इसी दौरान नायब दारोगा ने उनके साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर अकारण पिटाई और मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री डा. सतीश द्विवेदी समर्थकों के साथ त्रिलोकपुर थाने पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन से स्पीकर फोन पर बातचीत करते हुए तत्काल निलंबन की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच पूरी होने का इंतजार नहीं करेंगे और जब तक संबंधित दारोगा के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी, तब तक थाने में ही बैठे रहेंगे।

इसके बाद पुलिस महकमे में हलचल बढ़ गई। इसी बीच पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर उप निरीक्षक विशेश्वर प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया। आदेश में स्पष्ट किया गया कि प्रथम दृष्टया सामने आए तथ्यों के आधार पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। 'दो पक्षों के बीच विवाद था। दोनों को थाने बुलाकर समझौता कराया गया था। समझौते के दौरान एक पक्ष के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने की शिकायत मिली थी। जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजी गई, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई।- बृजेश कुमार वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज

# किसान बनकर पहुंचे उप कृषि निदेशक, ओवररेट पर यूरिया बेचने वाला विक्रेता रंगे हाथों पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने शुक्रवार को तहसील पट्टी क्षेत्र के बंधवा बाजार स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया बेचने का मामला सामने आने पर उसके प्रतिष्ठान एवं गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह अपने कार्यालय के कर्मचारी ध्रुव कुमार प्रजापति के साथ किसान बनकर मेसर्स मातासरन खाद बीज भंडार पहुंचे। उन्होंने विक्रेता से यूरिया उर्वरक खरीदने की इच्छा जताई, जिस पर विक्रेता ने प्रति बोरी यूरिया का मूल्य 340 रुपये बताया। इसके बाद उप कृषि निदेशक ने अपना वास्तविक परिचय देते हुए प्रतिष्ठान का विस्तृत निरीक्षण किया। जांच के दौरान अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की शिकायत सही पाई गई। साथ ही प्रतिष्ठान पर उपलब्ध उर्वरक का भौतिक स्टॉक पीओएस मशीन में दर्ज विवरण से अलग पाया गया। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए संबंधित प्रतिष्ठान एवं गोदाम को मौके पर ही सील कर दिया गया।

कृषि विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अधिकांश उर्वरक विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर जिला कृषि अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जा रहा है। उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उर्वरकों की बिक्री शासन द्वारा निर्धारित मूल्य एवं नियमों के अनुरूप ही करें, ताकि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की कालाबाजारी की स्थिति उत्पन्न न हो।

# एनसीएससी प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेषज्ञों ने शिक्षकों को दी जानकारी

## प्रोजेक्टक्रियान्वयन का बताया तरीका

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (NCSC) प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन एवं विद्यालयों के शत-प्रतिशत पंजीकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शोहरतगढ़ ब्लॉक में एक अति आवश्यक आयोजन बीईओ शोहरतगढ़ संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आशीष मिश्रा, एनसीएससी जिला समन्वयक अंशुमान सिंह, एनसीएससी जिला सह-समन्वयक विष्णु त्रिपाठी एवं मारुति नंदन श्रीवास्तव सहित शोहरतगढ़ ब्लॉक के समस्त एआरपी, जूनियर एवं कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विष्णु त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से एनसीएससी पोर्टल पर विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं के पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया का चरणबद्ध एवं विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। इसके उपरांत अंशुमान सिंह एवं मारुति नंदन श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक प्रश्नों का समाधान करते हुए उनकी शंकाओं का प्रभावी निराकरण किया।

प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने पंजीकरण के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं को साझा किया, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। इस अवसर पर एनसीएससी जिला सह-समन्वयक मारुति नंदन श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता एवं शोध आधारित दृष्टिकोण को विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। इसके माध्यम से छात्र- छात्राएं अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं का प्रदर्शन करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को पहचान दिला सकते हैं। बैठक के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने सभी विद्यालयों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित पंजीकरण पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय समन्वित प्रयासों के साथ कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं समस्याओं के समाधान की दृष्टि से प्रभावी बताया।

# संदिग्ध हालात में आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**» पत्नी ने सास-देवर पर लगाया हत्या का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मियागंज (उन्नाव)।** आसीवन थाना क्षेत्र के अनवर खेड़ा गांव में गुरुवार को एक युवक का शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक की पत्नी ने सास और देवर पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान मिन्नीलाल उर्फ राजू (32) पुत्र बालकराम निवासी अनवर खेड़ा के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने गांव से करीब 500 मीटर दूर कुरसठ निवासी शजर के आम के बाग में उसका शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और सीओ बांगरमऊ हर्ष मोदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**चोरी के आरोप के बाद तनाव में था युवक**

परिजनों के अनुसार, मिन्नीलाल पर घर से जेवर चोरी करने का आरोप लगाया गया था। इस संबंध में उसकी मां शिवकुमारी ने पुलिस से शिकायत भी की थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे बुलाया था, लेकिन वह थाने नहीं पहुंचा और तभी से मानसिक तनाव में था। घटना के समय मृतक की पत्नी सुमन अपने मायके उदशाह गांव में थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सुमन ने सास और देवर पर पति की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। आरोपों के बाद मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। पुलिस अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

**चंडीगढ़ में करता था मजदूरी**

बताया गया कि मिन्नीलाल पांच भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटा था। वह परिवार के भरण-पोषण के लिए चंडीगढ़ में मजदूरी करता था और कुछ समय पहले ही गांव लौटा था। उसके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

## अलीगढ़ का युवक बन गया हनीट्रैप का शिकार



**अलीगढ़।** फेसबुक पर हुई दोस्ती एक युवक को महंगी पड़ गई। फ्लैट दिलाने का झांसा देकर बुलाने के बाद कथित तौर पर हनीट्रैप में फंसाकर उसके आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बना लिए गए। वीडियो वायरल करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की मांग की गई। डर के चलते पीड़ित दो लाख रुपये दे चुका है। पुलिस ने महिला और एक अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित से करीब 10-12 दिन पहले पूजा नाम की महिला ने फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से संपर्क किया था। 30 जुलाई को महिला ने फ्लैट दिलाने का बहाना बनाकर उसे क्वार्सी बाइपास स्थित स्वर्ण जयंती नगर बुलाया। आरोप है कि वहां उसे नशीला पदार्थ पिलाकर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान महिला के साथ मौजूद लोगों ने उसकी सोने की अंगूठी, चेन और 12 हजार रुपये भी निकाल लिए। घर लौटने के बाद रात में महिला और अधिवक्ता अनूप कौशिक के नाम से फोन आया।

# सिद्धार्थनगर में एक परिवार का बना फर्जी जाति प्रमाण पत्र निरस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर उसका विकास क्षेत्र के सुगही ग्राम पंचायत के एक परिवार का बना सदस्यों का अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई बरदहा ग्राम पंचायत के घुमैठा निवासी शिवम सिंह की शिकायत पर हुई है। पूर्व में भी इस प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया था कि लेकिन प्रभावित लोगों ने उच्च न्यायालय से इस मामले पर स्टे लाकर जिलाधिकारी के निर्णय को चुनौती दी थी। शिवम सिंह ने बताया उन्होंने न्यायालय के निर्णय के क्रम में पुनः शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अपर जिलाधिकारी, एसडीएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, तहसीलदार और सतर्कता प्रकोष्ठ की समिति गठित कर जांच सौंप दी। समिति को जांच में मिला कि उसका बाजार विकास क्षेत्र के सुगही ग्राम पंचायत निवासी नंदलाल पिछड़ा वर्ग के कहार जाति से आते हैं। पुराने अभिलेखों में इनके बाबा और पिता की जाति कहार लिखी मिली है। इनके सगे चाचा और भतीजे वर्तमान समय में भी पिछड़े वर्ग के कहार जाति में ही हैं, लेकिन नंदलाल ने तथ्यगोपन कर अपने पूरे परिवार के लिए अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बनवा लिया था।

जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति द्वारा की गई जांच के दौरान कई पुख्ता सबूत सामने आए। जांच टीम ने पुराने दस्तावेजों और साक्ष्यों को खंगाला, जिसमें 1333 व 1359 फसली वर्ष के राजस्व अभिलेखों, रजिस्ट्री दस्तावेज के अलावा, 2020 में बीडीओ और तहसीलदार के स्कूल के ट्रांसफर सर्टिफिकेट और ग्रामीणों के दर्ज बयानों को भी आधार बनाया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि पुख्ता सबूतों और दस्तावेजों की जांच में यह साफ साबित हो गया कि नंदलाल और उनका पूरा परिवार वास्तव में कहार जाति से संबंधित है। जबकि नंदलाल अपने अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र के पक्ष में पुराना, नया व महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सके। जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति ने जांच में नंदलाल, सावित्री, मनोज कुमार, स्व. जितेंद्र कुमार, सुनैना, प्रिंस और मुस्कान के अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बना पाया जिसे निरस्त कर दिया है।

# विधायक के प्रयास से तुलसियापुर क्षेत्र को मिला नया विद्युत उपकेंद्र का तोहफा

## ढेबरुआ पावर हाउस की होगी क्षमता वृद्धि



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर क्षेत्र में नया विद्युत उपकेंद्र बनेगा।इसके लिए शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के प्रस्ताव पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने स्वीकृति प्रदान किया है। इसके अलावा ऊर्जा मंत्री ने ढेबरुआ पावर हाउस की क्षमता बढ़ाकर 132 केवीए करने की भी स्वीकृति दिया है।विद्युत सुविधा को बढ़ाने के लिए दोनों परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा के मानसून सत्र में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री डा.एके शर्मा से मुलाकात कर उनसे बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर क्षेत्र में 33/11 केवीए का नया विद्युत उपकेंद्र व ढेबरुआ पावर हाउस की क्षमता बढ़ाकर 132 केवीए करने की मांग करते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा। उन्होंने मंत्री को बताया कि ढेबरुआ पावर हाउस से बढ़नी ब्लाक के लगभग 50 ग्राम पंचायतों को विद्युत आपूर्ति की जाती है जो कि एक बड़ा क्षेत्र है।

इसमें अधिकांश क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित रहता है। इसलिए तुलसियापुर क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र की आवश्यकता है। विधायक की दोनों मांगों पर ऊर्जा मंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दिया। इस संबंध में शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विद्युत सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए दोनों ही परियोजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। ऊर्जा मंत्री ने शीघ्र ही सभी प्रक्रियाओं को पूरा करवाकर निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन भी दिया है।

# वेयरहाउस में अवैध मिट्टी डंपिंग का आरोप, जांच की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** जनपद के नदी पार दरेहटा गांव स्थित वीएल लॉजिस्टिक वेयरहाउस में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी डंप किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है। ग्रामीणों का दावा है कि वेयरहाउस परिसर में सैकड़ों डंपर मिट्टी जमा की गई है, जिसकी वैधता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि जैसे मौरंग और बालू की खदानों से निकलकर कहीं सुरक्षित जगह डंप कर मानसून सीजन में बेचकर फायदा कमाया जाता है ठीक वैसे ही मिट्टी खनन कर्ताओं ने अवैध तरीके से बिना किसी वैध अनुज्ञा के एक जगह डंप कर अब मंहगे दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है या सीधे तौर पर ये कहा जा सकता है कि सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है और खनन माफिया अपनी जेबें भर रहे हैं। आरोप है कि जिन खनन माफियाओं के पास कुछ वर्षों पूर्व मजबूत साइकिल नहीं थी आज वह लक्जरी फॉर्चूनर जैसी गाड़ियों से घूम रहे हैं, जिम्मेदारों की अनदेखी या मौन सहमति कही जाए जिससे धड़ल्ले से अवैध खनन होते चले आ रहे हैं और इनकी रोकथाम जिला प्रशासन से फिलहाल संभव प्रतीत नहीं होती दिख रही।

ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय जेसीबी और डंपरों के जरिए मिट्टी की डंपिंग की जाती है। उनका कहना है कि यह काम लंबे समय से चल रहा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात तक भारी वाहनों की आवाजाही से क्षेत्र के लोग भी परेशान हैं।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि लखनऊ के एक बिल्डर और बंथरा क्षेत्र से जुड़े एक खनन कारोबारी की ओर से मिट्टी यहां लाई जा रही है। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि डंप की गई मिट्टी का उपयोग मोहनलालगंज रोड पर निर्माणाधीन एक रिसोर्ट में किया जाना है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि वेयरहाउस में मिट्टी का भंडारण किया गया है तो इसके लिए आवश्यक अनुमति और अभिलेख क्या हैं। उन्होंने खनिज विभाग और जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने, डंप की गई मिट्टी के स्रोत की जांच कराने तथा यदि अनियमितता मिले तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

# दिल्ली से किशोरी का अपहरण कर मतांतरण और निकाह की साजिश, 5 गिरफ्तार



**अलीगढ़।** दिल्ली से हिंदू किशोरी को बहला-फुसलाकर लाने, उसका मतांतरण कर निकाह कराने के प्रयास में पुलिस ने गुरुवार को पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से पीड़िता का कथित आधार कार्ड भी बरामद किया है। अन्य आरोपों की भी जांच की जा रही है। तमिलनाडु की पीड़िता का भाई दक्षिणी दिल्ली के सराय काले खां में रहकर काम करता है। उसका आरोप है कि दिल्ली में ही गुर्जर चौक स्थित किराये के मकान में रहने वाला सफीक पिछले छह वर्षों से उसकी बहन को अपने प्रभाव में लेकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। किशोरी को बहला-फुसलाकर वह अलीगढ़ ले आया। बीते मंगलवार को उसका मतांतरण कर निकाह कराने की तैयारी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया था। बुधवार को पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपित सफीक, उसकी मां आमना, पिता कोतवाल, बानो व मस्जिद के मौलवी मोहम्मद तैयफ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सीओ कमलेश कुमार ने बताया कि सफीक, आमना, कोतवाल, बानो और मौलवी मोहम्मद तैयफ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के संभावित अंतरराज्यीय नेटवर्क, बांग्लादेश कनेक्शन व संगठित मतांतरण गिरोह से जुड़े होने के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# AISA अध्यक्ष नेहा बोरा पर स्याही फेंकने वाला छात्र अमरनाथ पांडेय हजारीबाग का छात्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची।** जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्नपत्र लीक के विरोध में चल रहे छात्र आंदोलन को शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (AISA) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा का समर्थन मिला। नेहा बोरा धरना स्थल पहुंचीं और आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों की जानकारी ली। इसी दौरान विधानसभा मार्च के दौरान नेहा बोरा पर एक युवक ने स्याही फेंक दी, जिसके बाद मौके पर हंगामा मच गया। आक्रोशित लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। सुरक्षाकर्मियों ने उसे भीड़ से निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। स्याही फेंकने वाले युवक की पहचान अमरनाथ पांडेय के रूप में हुई है। वह हजारीबाग का रहने वाला बताया गया है और विनोबा भावे विश्वविद्यालय से बीए ऑनर्स की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



**छात्रों की मांगों को बताया जायज**

बाद में नेहा बोरा ने प्रेसवार्ता कर कहा कि छात्रों की मांगें जायज हैं और सरकार को उनकी बात गंभीरता से सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से छात्र शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उनकी आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। नेहा ने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों का मुद्दा नहीं, बल्कि राज्य के युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने जंतर-मंतर पर किसी तरह के देशविरोधी नारे लगाए जाने के आरोप से भी इनकार किया और कहा कि किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नारा लगाना देशविरोधी कैसे हो सकता है।

**गैर-राजनीतिक आंदोलन पर छात्रों का जोर**

विधानसभा घेराव को लेकर नेहा बोरा ने आंदोलनरत छात्रों से समर्थन की अपील की। हालांकि, छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है और वे किसी राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। नेहा ने धरना दे रहे छात्रों और देवेंद्र महतो से भी बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। छात्रों ने बताया कि उनका विधानसभा घेराव कार्यक्रम 10 अगस्त को प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराना है।

**स्याही फेंकने की घटना से सुरक्षा पर सवाल**

विधानसभा घेराव के दौरान अचानक हुई स्याही फेंकने की घटना से कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि स्याही फेंकने के पीछे युवक का व्यक्तिगत कारण था या इसके पीछे कोई अन्य वजह। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी और प्रश्नपत्र लीक के आरोपों को लेकर छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

ऐसे में इस घटना ने आंदोलन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## टंडवा में मॉब लिंचिंग की घटना की निंदा, दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग



**हजारीबाग, झारखण्डः-** ह्यूमन राइट्स काउंसिल के हजारीबाग जिला अध्यक्ष मो. जहांगीर अंसारी ने चतरा के टंडवा प्रखंड अंतर्गत बड़गांव में मो. इमरोज की मॉब लिंचिंग की घटना की निंदा करते हुए उच्चस्तरीय जांच और दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने झारखंड सरकार से मॉब लिंचिंग के खिलाफ सख्त कानून बनाने और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता एवं मुआवजा देने की मांग की। साथ ही संबंधित थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पुलिस की मौजूदगी में भीड़ द्वारा हत्या होना गंभीर चिंता का विषय है। काउंसिल के उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता मो. आफताब आलम ने भी घटना की निंदा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही ह्यूमन राइट्स काउंसिल का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर न्याय और सख्त कानून की मांग करेगा। घटना की निंदा जितेंद्र कुमार सिंह, रेखा सिंह, मो. फिरोज सहित अन्य ने की।

# विधानसभा की जर्जर सड़कों का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चौपारण एवं बरही प्रखंड की कई प्रमुख सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर विधायक मनोज यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से जर्जर पड़ी इन सड़कों के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। विधायक ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि चौपारण प्रखंड के चैथी मोड़ से चैथी अंतिम सीमा तक, जी.टी. रोड से अम्बाजीत, बेढ़ना दैहर मोड़ से दैहर तक तथा मुन्नम स्कूल मोड़ से नेवरीकर्मा तक की सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी हैं। वहीं बरही प्रखंड के भंडारो मोड़ से बैरीसाल तक तथा ओरपरता मोड़ से डपोक तक की सड़कें भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि इन मार्गों पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोग घायल हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में जनहित को देखते हुए इन सड़कों की तत्काल मरम्मत कराना आवश्यक है। विधायक मनोज यादव ने सरकार से मांग की कि उक्त सभी सड़कों की अविलंब मरम्मत कराकर आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि विधानसभा में मामला उठाने के बाद संबंधित विभाग को पत्राचार भी किया गया है, ताकि शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# बाबा धाम के लिए रवाना हुए 80 शिवभक्त, पार्षद ने दिखाई हरी झंडी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः-** पहाड़ी मंदिर के समीप से शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए लगभग 80 शिवभक्तों का जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह यात्रा नंदू शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। यात्रा पर जाने वाले शिवभक्तों के वाहन को वार्ड संख्या 27 की पार्षद बबली सोनी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं सम्मान के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए बाबा बैद्यनाथ से सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर वार्ड प्रतिनिधि मनीष सोनी, समाजसेवी रुपेश सोनी, विनोद कुमार शर्मा (नन्हे), शुभम सोनी, मुकेश मुक्ता, विक्रांत विश्वकर्मा, सोनू सिंह, प्रमोद सिन्हा, सूरज सोनी, रवि कुमार, अर्जुन साहू, अमित साहू, अनीता शर्मा, रेणु देवी, नेहा देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं के रवाना होने के दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने सभी शिवभक्तों को सफल यात्रा एवं बाबा बैद्यनाथ के आशीर्वाद की शुभकामनाएं दीं।

## छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया? DGP से मिले तेजस्वी

**पटना।** पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कथित फायरिंग और लाठीचार्ज को लेकर राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज कर अविलंब कार्रवाई की मांग की। तेजस्वी यादव ने इस संबंध में डीजीपी को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया कि छात्रों पर कथित रूप से एके-47 जैसे हथियारों से गोली चलाने की नौबत क्यों आई। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई को गंभीर और अलोकतांत्रिक बताते हुए इसकी जांच की मांग की। उन्होंने यह भी सवाल किया कि भीड़ नियंत्रण के लिए निर्धारित 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' के प्रोटोकॉल का पालन क्यों नहीं किया गया। उनके अनुसार, प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

# भाजपा कुडू मंडल की मासिक बैठक संपन्न,आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर हुआ विस्तृत मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा, झारखंडः-** भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल की मासिक बैठक शुक्रवार को कुडू स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरहनिया परिसर में मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी जगनंदन पौराणिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी ने आगामी संगठनात्मक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की विषय-वस्तु रखते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और बूथ स्तर पर मजबूत संगठनात्मक संरचना से ही संभव है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने की अपील की। बैठक में विशेष रूप से संत शिरोमणि रविदास जी की कलश वंदन यात्रा, बूथ सशक्तीकरण, शक्ति केंद्र सशक्तीकरण, एसएआर कार्यक्रम एवं आगामी तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनसंपर्क एवं कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी जगनंदन पौराणिक ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह संगठन की विचारधारा एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिला मंत्री संजय चौधरी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है और आने वाले सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण का भाव देखने को मिला। मौक़े पर बैठक में जगनंदन पौराणिक, नवीन कुमार टिंकू, संजय चौधरी, राजू कुमार रजक, राजेश प्रसाद, पंकज कुमार भारती, रामखेलावन राम, प्रकाश सिंह,सरजू कुमार साहु, पंखराज उरांव,सूरज प्रसाद साहु, विकास कुमार, नीतीश कुमार, विनय कुमार, निरंजन सिंह, गौरी शंकर उरांव, रामदेव लोहरा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नदी किनारे मिला महिला का शव, 2 दिनों से थी लापता

**मुजफ्फरपुर।** सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के रघई घाट पर शुक्रवार की सुबह नदी किनारे एक विवाहिता का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतका की पहचान टेंगरारी धपहर गांव के राजू सहनी की 29 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में की है। बताया जा रहा है कि मृतका बीते दो दिनों से रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता थी। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह जब कुछ ग्रामीण रघई घाट की तरफ गए, तो उन्होंने नदी किनारे पानी में एक महिला का शव उपलाते हुए देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और रघई घाट पर लोगों का तांता लग गया। स्थानीय स्तर पर खोजबीन और सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने कपड़ों और हुलिए के आधार पर शव की पहचान सुमित्रा देवी के रूप में की। मृतका की शिनाख्त होते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बरही एसडीपीओ ने की क्राइम मीटिंग, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में बरही अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। क्राइम मीटिंग में बरही, बरकट्ठा, चौपारण, पदमा, गोरहर एवं चलकुशा थाना के थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान संबंधित थाना क्षेत्रों में घटित आपराधिक घटनाओं, दर्ज कांडों, लंबित मामलों तथा पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए अपराध पर प्रभावी



नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, गंभीर आपराधिक मामलों में तेजी से अनुसंधान पूरा करने, फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने पर जोर दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने असामाजिक तत्वों और अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने पर भी बल दिया। एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागिनी, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष भगत, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, चलकुशा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार पांडेय, पदमा थाना प्रभारी श्रवण कुमार, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, एएसआई दिनेश कुमार, उमेश यादव, अभय सिंह, प्रकाश कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## छात्रों के न्याय के लिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में जोरदार प्रदर्शन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** बीते दिन झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के साथ JPSC-JSSC अभ्यर्थियों एवं राज्य के लाखों युवाओं को न्याय दिलाने की माँग को लेकर हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज़ बुलंद की। इस अवसर पर हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद भी भाजपा विधायक दल के साथ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक, नियुक्ति प्रक्रियाओं में देरी और पारदर्शिता के अभाव ने लाखों प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों के सपनों को आघात पहुँचाया है। भाजपा लगातार युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है और आगे भी उनके न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी।




उन्होंने कहा कि JPSC एवं JSSC भर्ती प्रक्रियाओं में व्याप्त विसंगतियों की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा योग्य अभ्यर्थियों को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। राज्य सरकार को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद कर पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट कहना है कि झारखंड का युवा केवल आश्वासन नहीं, बल्कि न्याय और रोजगार चाहता है। विधानसभा से लेकर सड़क तक भाजपा युवाओं की आवाज़ बनकर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुजफ्फरपुर में घर से 300 मीटर दूर मिली अचेत नाबालिग, दुष्कर्म की आशंका

**मुजफ्फरपुर।** हथौड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के घर से 300 मीटर की दूरी पर अचेतावस्था में मिली। अचेतावस्था में किशोरी को देख आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्वजन की मदद से किशोरी को इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा। यहां चिकित्सक भर्ती करके इलाज शुरू किया है। स्थानीय लोगों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिए जाने की संभावना जताई है। जिसके बाद पुलिस ने किशोरी का मेडिकल जांच करने को कहा है। ताकि स्पष्ट पता चल सके कि दुष्कर्म की घटना हुई है या नहीं। इधर, पुलिस ने मामले को लेकर बदमाशों का पता लगाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी कर लिया जाएगा। घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाया जा रहा है। दोषियों की पहचान के लिए छापेमारी जारी है।

# हजारीबाग कोचिंग ने जिला पुस्तकालय को भेंट कीं 2500 से अधिक पुस्तकें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिला प्रशासन की पहल पर हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन ने पुराना समाहरणालय परिसर में स्थापित किए जा रहे जिला पुस्तकालय के लिए 2500 से अधिक प्रतियोगी परीक्षा संबंधी पुस्तकें जिला प्रशासन को प्रदान कीं। पुस्तकें यूपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, जेएसएससी, जेटेट, सीटेट, झारखंड दारोगा, मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) रिया सिंह ने हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किया गया यह कार्य अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि 'विद्यादान सर्वोत्तम दान है और इसके माध्यम से अनेक विद्यार्थियों का भविष्य संवारा जा सकता है।' उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से एसोसिएशन का आभार भी व्यक्त किया। जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय



बताया। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 15 अगस्त को उपायुक्त द्वारा पुराना समाहरणालय परिसर में स्थापित जिला पुस्तकालय का उद्घाटन किया जाएगा, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी जैन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुस्तकालय की स्थापना एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल है। इससे विद्यार्थियों को शांत एवं अध्ययन-अनुकूल वातावरण मिलेगा, जहाँ वे एकाग्रचित होकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। एसोसिएशन के सचिव डॉ. प्रकाश कुमार ने कहा कि हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन सदैव सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के साथ मिलकर विद्यार्थियों के हित में यह पुस्तक दान किया गया है और भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यों में सहयोग जारी रहेगा। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुदेश प्रसाद ने भी जिला प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मदवेंदु सिंह, मीडिया प्रभारी सहगल कुमार, डमर सर, आयुष रंजन, प्रकाश कुमार, मुकेश कुमार, महादेव कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं कोचिंग संचालक उपस्थित थे।

## 'जंतर-मंतर पर नहीं लगे देश विरोधी नारे', रांची में बोलीं नेहा बोरा

**रांची।** विधायक निवास में प्रेस को संबोधित करते हुए आईसा अध्यक्ष नेहा बोरा ने कहा कि हम छात्रों के साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़े हैं। इस आंदोलन की खासियत यह है कि इसमें कोई दल नहीं है। छात्र अपना संगठन बनाकर अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां आंदोलनरत छात्र खुद ही कह रहे हैं कि हम किसी बैनर के साथ नहीं हैं। छात्रों ने खुद ही रिफार्म कमेटी बनाई है। वहीं, आगे भाजपा के आंदोलन में समर्थन की बात पर उन्होंने कहा कि हां, इस आंदोलन में भाजपा के लोग भी आए हैं, तो अच्छी बात है। दिल्ली में जब आंदोलन चला, शिक्षा मंत्री के खिलाफ आंदोलन चला, उस समय छात्रों के प्रति उनमें सहानुभूति नहीं जगी। खैर, कोई बात नहीं। हम उस आंदोलन में भी थे। इस आंदोलन में भी हैं। हम जब वहां पैलेट गन के सामने नहीं झुके। सत्ता के सामने नहीं झुके। हम यहां भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ छात्रों के आंदोलन के साथ हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन में देश विरोधी नारे लगने के सवाल पर नेहा ने सवाल पर सवाल उठाया और कहा, यह झूठ है। हमारे मंच से कौन सा देश विरोधी नारा लगा? उस प्रोटेस्ट में पहले दिन से आखिरी दिन तक शामिल रही।एक भी नारा देश विरोधी नहीं लगा। हां, मोदी के खिलाफ नारा लगा। अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी हुई।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 203 कोबरा बटालियन का किया शैक्षणिक भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन कैंप का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की आंतरिक सुरक्षा में लगे जवानों के जीवन, अनुशासन, साहस एवं कार्यशैली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान कोबरा बटालियन के कमांडेंट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। उनके साथ असिस्टेंट कमांडेंट शिवा कुमार, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार एवं हवलदार उम्मेद सिंह ने विद्यार्थियों को बटालियन की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को पूरे कोबरा कैंप का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने स्विमिंग पूल, जिम, हथियार प्रशिक्षण क्षेत्र (फायरिंग रेंज), जवानों के रहने की व्यवस्था, ऑपरेशन में उपयोग होने वाले आधुनिक हथियार एवं अन्य सैन्य उपकरणों को नजदीक से देखा और उनके उपयोग के बारे में जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने जवानों द्वारा प्रस्तुत मॉक ड्रिल भी देखी, जिसमें बताया गया कि नक्सल प्रभावित



एवं दुर्गम क्षेत्रों में ऑपरेशन के दौरान जवान किस प्रकार रणनीति बनाकर कार्य करते हैं। विद्यार्थियों ने जवानों के ऑपरेशन बैग (रक्सैक) को उठाकर देखा और उसमें रखे आवश्यक सामान की जानकारी प्राप्त की। उन्हें जंगल में अस्थायी कैंप स्थापित करने, सीमित संसाधनों में जीवनयापन करने तथा विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए। कमांडेंट पवन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को कोबरा बटालियन के गठन, इतिहास, कार्यशैली और देश की सुरक्षा में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि जंगल या अभियान के दौरान पीने का पानी उपलब्ध न हो तो उसे फिल्टर कर सुरक्षित तरीके से कैसे उपयोग किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने वास्तविक अभियानों के अनुभव साझा करते हुए बताया कि जवान किस प्रकार अपने प्राणों की परवाह किए बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों को कोबरा बटालियन पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई, जिसे देखकर विद्यार्थियों में देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान, गर्व और राष्ट्रसेवा की भावना और अधिक प्रबल हुई। इस दौरान विद्यालय प्रमुख रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को केवल नई जानकारी ही नहीं देते, बल्कि उनमें अनुशासन, साहस, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना भी विकसित करते हैं। जब बच्चे हमारे सुरक्षा बलों के समर्पण और संघर्ष को करीब से देखते हैं, तो उनमें देश के प्रति जिम्मेदारी और सम्मान का भाव स्वतः जागृत होता है। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय शिक्षा के साथ-साथ ऐसे जीवन अनुभव भी मिलें, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विद्यालय के विकास गुप्ता, स्नेहा प्रकाश, प्रियंका एवं विवेक सर सहित अन्य शिक्षक भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे और पूरे भ्रमण के दौरान उनका मार्गदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने सरकारी परीक्षा में हाईटेक नकल कराने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़




**पश्चिमी दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में जनकपुरी थाना पुलिस ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में हाईटेक तरीके से नकल कराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर कथित मास्टरमाइंड समेत सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्य 8 से 12 लाख रुपये लेकर अभ्यर्थियों को कस्टमाइज मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस और नैनो ईयरबड उपलब्ध कराता था। परीक्षा हॉल के बाहर से सवालों के जवाब भेजे जाते थे। पुलिस ने विदेशी वॉट्सएप अकाउंट से जुड़ा टैबलेट, कस्टमाइज मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस, नैनो ईयरबड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों और वित्तीय लेनदेन की जांच जारी है।

### लुधियाना में CHO का अनोखा प्रदर्शन, पंजाब का फेमस लोक नृत्य गिद्दा कर वेतन में 5 हजार रुपये बढ़ाने को कहा

**लुधियाना।** वेतन में पांच हजार रुपये की बढ़ोतरी की मांग को लेकर लुधियाना में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) पिछले करीब एक महीने से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार (07 जुलाई, 2026) को अपनी मांगों को लेकर सीएचओ ने पंजाब सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। सीएचओ ने सिविल सर्जन कार्यालय में गिद्दा डालकर सरकार के खिलाफ अपना रोष जाहिर किया। प्रदर्शन के दौरान सीएचओ ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की। सीएचओ का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से वेतन में स्थायी बढ़ोतरी करने की जगह पांच हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। यह राशि भी विभिन्न शर्तों और लक्ष्यों से जुड़ी हुई है। सीएचओ का तर्क है कि उनकी मांग वेतन में बढ़ोतरी की है, न कि लक्ष्य आधारित प्रोत्साहन राशि की।

### राजा वड़िंग का दावा, 2027 में कांग्रेस की बनेगी सरकार

**फरीदकोट।** 'हर बूथ कांग्रेस मजबूत' अभियान के तहत बुधवार को कांग्रेस के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने फरीदकोट में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। भूपेश बघेल ने 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की एकतरफा जीत का दावा किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी खेमे से जुड़े पूर्व विधायक कुशलदीप सिंह 'किक्की' ढिल्लों, अजयपाल सिंह संधू और पूर्व सांसद मोहम्मद सादिक समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद नहीं रहे। बैठक के बाद पूर्व विधायक किक्की ढिल्लों ने वीडियो जारी कर दावा किया कि उन्हें बैठक के लिए आमंत्रित ही नहीं किया गया था। उन्होंने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में दूसरी पार्टियों से कांग्रेस में आए नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं, जबकि लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे पुराने नेताओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। किक्की ढिल्लों के आरोपों से पंजाब कांग्रेस के भीतर संगठनात्मक स्तर पर चल रही खींचतान एक बार फिर सामने आ गई है।

# डाबर को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत, एफएसएसए आई के बिक्री रोकने के आदेश पर अंतरिम रोक

## '100 प्रतिशत प्योर', 'नेचुरल' और 'ऑर्गेनिक' दावों वाले उत्पादों पर लगी थी रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड को बड़ी राहत देते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के तीन अगस्त के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। एफएसएसएआई ने अपने आदेश में डाबर के '100 प्रतिशत प्योर', '100 प्रतिशत नेचुरल', '100 प्रतिशत प्योरिटी गारंटीड' और '100 प्रतिशत ऑर्गेनिक' जैसे दावों वाले कई खाद्य उत्पादों की बिक्री तत्काल रोकने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने डाबर की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रथम दृष्टया एफएसएसएआई की कार्रवाई पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि कंपनी का पक्ष सुने बिना इस तरह का आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए था। पीठ ने यह भी कहा कि कंपनी कई वर्षों से उन्हीं लेबल के तहत उत्पाद बेच रही है और आपात स्थिति नहीं होने पर बिना कारण बताओ नोटिस दिए बिक्री पर तत्काल रोक लगाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। अदालत ने डाबर की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई तक एफएसएसएआई के आदेश पर रोक लगा दी तथा केंद्र सरकार और एफएसएसएआई से जवाब मांगा है।

**डाबर ने कहा- सुनवाई का मौका नहीं दिया**

डाबर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने अदालत में कहा कि नियामक ने बिना नोटिस और सुनवाई का अवसर दिए उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि उत्पादों में मिलावट, असुरक्षा या खराब गुणवत्ता का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। इसके बावजूद कंपनी को उत्पाद वापस लेने अथवा उनकी दोबारा पैकेजिंग के लिए कहा गया, जो नियामक के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

**केंद्र ने कार्रवाई का किया बचाव**

केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता आशीष दीक्षित ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि डाबर को पहले ही सुधार नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि डाबर के 'रियल फ्रूट जूस' में '100 प्रतिशत' दावे के इस्तेमाल को लेकर एक अन्य याचिका भी हाईकोर्ट में लंबित है। इस पर डाबर की ओर से स्पष्ट किया गया कि पूर्व में जारी नोटिस केवल फ्रूट जूस से संबंधित था, जबकि तीन अगस्त का आदेश अन्य उत्पादों को लेकर जारी किया गया था।

**इन उत्पादों की बिक्री पर लगी थी रोक**

एफएसएसएआई के तीन अगस्त के आदेश में डाबर को कथित भ्रामक दावों वाले उत्पादों की बिक्री रोकने और 15 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। आदेश में डाबर हनी, डाबर हनी स्क्वीजी, डाबर सुंदरबन हनी, डाबर हिमालयन एप्पल साइडर विनेगर, डाबर हिमालयन ऑर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर, डाबर वर्जिन कोकोनट ऑयल, डाबर कोल्ड प्रेस्ड सेसम ऑयल, डाबर काऊ घी, रियल एक्टिव 100 प्रतिशत टेंडर कोकोनट वाटर, डाबर होममेड कोकोनट मिल्क और डाबर ऑर्गेनिक हनी समेत कई उत्पाद शामिल थे। हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश से डाबर को फिलहाल बड़ी राहत मिली है। अगली सुनवाई तक एफएसएसएआई के बिक्री रोकने वाले आदेश पर रोक प्रभावी रहेगी।

# विदेशी पार्सल के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दक्षिणी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के साइबर थाने की साइबर टीम ने ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह ने डॉलर और सोने से भरे विदेशी पार्सल का झांसा देकर शिकायतकर्ता से 1.46 लाख की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में टीम ने दिल्ली के साथ ही तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में छापामारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक नाइजीरियाई नागरिक भी शामिल है। आरोपियों के पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए सात मोबाइल फोन भी बरामद किए।

**धोखाधड़ी के जरिए ठगा**

दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के मुताबिक, 31 मार्च को जिले के साइबर थाने को एक शिकायत मिली कि अज्ञात लोगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिए शिकायतकर्ता को ठगा है। जालसाजों ने स्वयं को अमेरिका का निवासी बताकर वॉट्सएप चैट और फोन कॉल के माध्यम से संपर्क किया।

**शिकायतकर्ता से पैसे ट्रांसफर कराए**

बताया कि दोस्ती कर भरोसा जीता और झूठा दावा किया कि उसके नाम पर भारत में अमेरिकी डॉलर और सोने से भरा एक पार्सल भेजा गया है। इसके बाद मनी डिक्लेरेशन सर्टिफिकेट, फ्लाइट टिकट बुकिंग, कस्टम क्लीयरेंस चार्ज और कथित तौर पर जब्त किए गए सोने को छुड़ाने जैसे कई झूठे बहाने बनाकर शिकायतकर्ता से पैसे ट्रांसफर कराए गए। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों में कुल 1.46 लाख ट्रांसफर कर दिए। ठगी का एहसास होने पर एफआईआर दर्ज कराई। अपराध की गंभीरता को देखते हुए एसआई विशाल यादव, हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार, विक्रम, अमित कुमार और महिला हेड कॉन्स्टेबल रीना कुमारी की टीम बनाई गई।

**छापामारी कर सभी को गिरफ्तार किया**

साइबर थाना एसएचओ इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के मार्गदर्शन व एसीपी संघमित्रा की देखरेख में जांच शुरू हुई। डिटेल्ड टेक्निकल एनालिसिस, डिजिटल सबूतों की जांच, फाइनेंशियल जांच और सर्विलांस किया गया। डिजिटल सबूतों और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के विश्लेषण से जांच टीम ने चारों आरोपियों की पहचान की और दिल्ली से तेलंगाना व विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) तक छापामारी कर सभी को गिरफ्तार किया।

# डीए के लिए प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई गलत: राजा वड़िंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने महंगाई भत्ते (डीए) की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे सरकारी कर्मचारियों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने कहा कि डीए कर्मचारियों का अधिकार है और सरकार को उनके बकाये का तत्काल भुगतान करना चाहिए। वड़िंग ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के पिता भी सरकारी कर्मचारी रहे हैं। इसके बावजूद आज सरकारी कर्मचारी डीए की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके खिलाफ पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को उनका हक तुरंत दिया जाना चाहिए, अन्यथा पंजाब कांग्रेस उनके साथ खड़ी होकर आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा पर कर्मचारियों से वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को मानने के बजाय पुलिस बल का इस्तेमाल कर रही है। वड़िंग ने सवाल उठाया कि यदि सरकार के पास गुजरात और गोवा में चुनाव प्रचार पर खर्च करने के लिए धन है, तो पंजाब के कर्मचारियों के बकाया डीए के भुगतान के लिए पैसा क्यों नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करने के बजाय डीए भुगतान के मामले को उच्चतम न्यायालय में ले जाकर कर्मचारियों का हक रोकने का प्रयास कर रही है।

वड़िंग ने आम आदमी पार्टी सरकार के पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के वादे की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगी और सत्ता में आने पर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी।

# पीएम मोदी करेंगे एआई सुपरकंप्यूटर 'परम प्रज्ञा' का उद्घाटन, 3036 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 57वें दीक्षा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली का 57वां दीक्षा समारोह इस बार खास होने जा रहा है। आठ अगस्त को आयोजित समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संस्थान के सोनीपत परिसर में तैयार एआई आधारित उच्च प्रदर्शन सुपरकंप्यूटिंग सुविधा 'परम प्रज्ञा' का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 3000 से अधिक स्नातक, परास्नातक विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संबोधित करेंगे। समारोह में कुल 3036 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी के अनुसार, प्रधानमंत्री संस्थान के प्रतिष्ठित पदक भी प्रदान करेंगे। इनमें प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल, डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल, शंकर दयाल शर्मा गोल्ड मेडल और परफेक्ट-10 गोल्ड मेडल शामिल हैं। कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के बीटेक छात्र अक्षत सिंघल और आदित्य प्रकाश को प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल दिया जाएगा। वहीं गणित एवं कंप्यूटिंग के बीटेक छात्र अनिकेत आनंद को डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा।

**587 पीएचडी शोधार्थियों को भी मिलेगी डिग्री**

दीक्षा समारोह में 587 पीएचडी शोधार्थियों समेत 1049 बीटेक, 567 एमटेक, 248 एमबीए और 243 एमएस विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। इसके अलावा एमएस (रिसर्च), मास्टर ऑफ पब्लिक पॉलिसी, मास्टर ऑफ डिजाइन तथा एमए इन कल्चर, सोसायटी एंड थॉट समेत अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी भी डिग्री प्राप्त करेंगे।

**शोध और नवाचार पर जोर**

आईआईटी दिल्ली ने पिछले वित्त वर्ष में करीब 600 करोड़ रुपये के प्रायोजित शोध एवं परामर्श परियोजनाएं पूरी की हैं। संस्थान के पास वर्तमान में 1871 बौद्धिक संपदा परिसंपत्तियां हैं, जिनमें 1756 पेटेंट शामिल हैं। पिछले एक वर्ष में संस्थान ने 196 पेटेंट दाखिल किए, 26 लाइसेंसिंग समझौते किए और 26 नए स्टार्टअप को संस्थान के नवाचार एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र के माध्यम से सहायता देकर विकसित किया गया। आईआईटी दिल्ली ने देश के 18 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ शैक्षणिक एवं शोध सहयोग के लिए समझौते भी किए हैं। इसके तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों को संयुक्त शोध, अकादमिक आदान-प्रदान तथा शोध सुविधाओं के साझा उपयोग के अवसर मिलेंगे।

# वकीलों से कथित अभद्र व्यवहार पर शाहदरा बार एसोसिएशन का बड़ा फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूर्वी दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर स्थित शाहदरा बार एसोसिएशन ने फैमिली कोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्र और असम्मानजनक व्यवहार को लेकर दो न्यायिक अधिकारियों के बहिष्कार का फैसला लिया है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं के अपमान या उनके साथ अनुचित व्यवहार को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। एसोसिएशन के अनुसार, पूर्वी जिला स्थित फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश एसएस राठी और महिला कोर्ट की जेएमएफसी रितिका कंसल के खिलाफ कई अधिवक्ताओं की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों में दोनों न्यायिक अधिकारियों पर अधिवक्ताओं के साथ कथित तौर पर अभद्र, अपमानजनक और असम्मानजनक व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। एसोसिएशन का कहना है कि इन शिकायतों को लेकर पूर्व में पूर्वी जिला कड़कड़डूमा कोर्ट के जिला न्यायाधीश के समक्ष अनुरोध, स्मरण पत्र और शिकायतें भी दी गई थीं।

**शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं होने का आरोप**

शाहदरा बार एसोसिएशन के मानद सचिव नरवीर डबास की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, शिकायतों के बावजूद संबंधित न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और उनके व्यवहार में भी अपेक्षित सुधार नहीं आया। इसके बाद कार्यकारिणी समिति की बैठक में मामले पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अदालतों के बहिष्कार का निर्णय लिया गया। नोटिस में एक कथित घटना का भी उल्लेख किया गया है। एसोसिएशन का आरोप है कि फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश एसएस राठी ने बार के एक वरिष्ठ सदस्य को कथित रूप से 'दलाल' कहकर संबोधित किया। एसोसिएशन ने इस कथित टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ बताया है।

**आपसी सम्मान पर जोर**

शाहदरा बार एसोसिएशन ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच संबंध आपसी सम्मान, गरिमा और सहयोग पर आधारित होने चाहिए। न्यायिक अधिकारियों से अधिवक्ताओं के साथ शिष्टाचार, धैर्य और निष्पक्षता से व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। एसोसिएशन ने कहा कि अधिवक्ताओं के अपमान, डराने-धमकाने या अनुचित व्यवहार की घटनाओं के प्रति उसकी 'शून्य सहनशीलता' की नीति है। इसी के तहत दोनों न्यायिक अधिकारियों की अदालतों के बहिष्कार का निर्णय लिया गया है।

# बारिश से दोमोरिया पुल में भरा पानी, 50 लाख का प्रोजेक्ट रुका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जालंधर।** जालंधर के दोमोरिया पुल में पानी भर जाने की वजह से 50 लाख रुपये से तैयार हो रहा वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट का काम रुक गया है। दोमोरिया पुल के नीचे का रास्ता पहले ही 15 दिनों से काम के चलते बंद किया हुआ है, मगर अब तीन दिनों से हो रही वर्षा के कारण नीचे पांच से छह फीट तक पानी भरा हुआ है। ऐसे में जब तक पानी उतरता नहीं तब तक आगे का काम भी शुरू नहीं हो सकता। वहीं दूसरी तरफ इकहरी पुल की हालत भी खराब है, जहां पर गंदा पानी रेल लाइन के पास तक पहुंच चुका है। इन हालातों में वाहन चालकों के लिए अड्डा होशियारपुर फाटक के अतिरिक्त दोमोरिया पुल की तरफ से रेलवे ओवरब्रिज का ही रास्ता बचता है।

**अंग्रेजों के समय बना था पुल**

बता दें कि 1870 में अंग्रेज हुकुमत के दौर में बना था यह दोमोरिया पुल। जिसकी छोटी-छोटी रिपेयरिंग होती रही, मगर इसके स्ट्रक्चर को नए सिरे से तैयार करने का काम 156 सालों में पहली बार हो रहा है। इसके अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व स्ट्रांग सीवरेज सिस्टम तैयार किया जा रहा है। जिसके कार्यों के चलते पहले से ही मार्ग को बंद किया हुआ है। जिसे पूरे होने में दो महीने का समय लगेगा, मगर वर्षा के दौरान पानी भर जाने की सूरत में समय अतिरिक्त भी लग सकता है। दूसरी तरफ रेल लाइनों के नीचे रखे जाने वाले कंक्रीट के स्पैन को काम भी उतना ही देरी से होगा। जिन्हें तैयार किए हुए चार से पांच महीने हो चुके हैं। जो रेलवे के पैट्रोल पंप के पास तैयार रखे हुए हैं। जहां पर जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री बनाई जानी है।

### ओवरटेक करते खेतों में पलटी बीएसएफ की बस, छह जवान घायल

**मल्लांवाला (फिरोजपुर)।** फिरोजपुर-पट्टी मार्ग पर मालवा-माझा को जोड़ने वाले पुल बंडाला के पास बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे बीएसएफ की बस हादसे का शिकार हो गई। हुसैनीवाला से खेमकरण मुख्यालय जा रही बस सामने से आ रहे ट्राले को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे धान के खेतों में पलट गई। हादसे में बस में सवार छह बीएसएफ जवान घायल हो गए। हादसे के बाद साथी जवानों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बीएसएफ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसे में किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। बीएसएफ के निरीक्षक राम कुमार ने बताया कि बस में कुल 34 जवान सवार थे। पुल बंडाला के पास आगे चल रहे ट्राले को ओवरटेक करने के दौरान चालक का बस पर नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे बस खेतों में जाकर पलट गई। हादसे के बाद बीएसएफ जवानों ने क्रेन की मदद से काफी मशक्कत कर क्षतिग्रस्त बस को खेतों से बाहर निकाला।

# नशे की कथित ओवरडोज से युवक की मौत, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

## तलवंडी साबो के गांव जगा राम तीर्थ की घटना, परिजनों ने नशा बेचने वालों पर लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तलवंडी साबो (बठिंडा)।** गांव जगा राम तीर्थ में 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर नशे की ओवरडोज से मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। संदीप अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिजनों के अनुसार, संदीप लंबे समय से नशे की लत से जूझ रहा था। परिवार ने उसे नशे की लत से बाहर निकालने के लिए कई प्रयास किए और नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया था। परिजनों का कहना है कि उपचार के बाद कुछ समय तक उसकी हालत में सुधार हुआ, लेकिन बाद में वह दोबारा नशे की गिरफ्त में आ गया।

**घर तक नशा पहुंचाने का आरोप**

मृतक के भाई बिक्कर सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ लोग संदीप के घर तक नशा पहुंचाते थे, जिसके कारण वह दोबारा नशे की गिरफ्त में आ गया। उन्होंने कहा कि परिवार लगातार उसे सामान्य जीवन में वापस लाने का प्रयास करता रहा, लेकिन नशे की उपलब्धता के कारण उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में नशा बेचने वालों के संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उनका यह भी कहना है कि नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले ग्रामीणों को धमकियों का सामना करना पड़ता है।

**निष्पक्ष जांच की मांग**

घटना के बाद ग्रामीणों ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रशासन और समाज से मिलकर ठोस कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई के साथ जागरूकता और नशा मुक्ति एवं पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है।परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यदि किसी व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# मोहाली में 1000 करोड़ की जमीन धोखाधड़ी का मामला गंभीर, तीनों की अग्रिम जमानत खारिज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहाली।** सेक्टर-65 में करीब 1000 करोड़ रुपये मूल्य की 51 एकड़ जमीन से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले में जिला अदालत ने तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप सिंह की अदालत ने आदर्श गर्ग, परवीन गर्ग और वेदप्रकाश गर्ग की याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि मामले में आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और निष्पक्ष जांच के लिए आरोपितों से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। अदालत के आदेश के बाद तीनों आरोपितों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। यह मामला ट्राईसिटी में जमीन से जुड़ी बड़ी धोखाधड़ी के मामलों में बताया जा रहा है।

**51 एकड़ जमीन के सौदे को लेकर विवाद**

मामले की शिकायत पंचकूला सेक्टर-6 निवासी शिव अग्रवाल ने की थी। शिकायत के आधार पर सोहाना थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ताओं और आरोपितों के बीच 14 मार्च 2022 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ था। इसके तहत डीएस बिल्डटेक फर्म में शिकायतकर्ताओं की हिस्सेदारी खरीदने का समझौता हुआ था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जमीन का सौदा प्रति एकड़ करीब 4.27 करोड़ रुपये की दर से तय हुआ था, लेकिन तय रकम का भुगतान नहीं किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपितों ने विश्वास का फायदा उठाकर एमओयू पर हस्ताक्षर करवाए और बाद में उसी के आधार पर साझेदारी तथा कारोबार पर कब्जा करने का प्रयास किया। एमओयू में गलत चेक नंबर दर्ज करने, बिना भुगतान के भुगतान का दावा करने और समझौते के एक महत्वपूर्ण प्रावधान के गायब होने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने मामले को मुख्य रूप से दीवानी विवाद बताते हुए अग्रिम जमानत की मांग की। वहीं राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि आरोपितों ने पहले साझेदारी का विश्वास हासिल किया और बाद में दस्तावेजों का कथित रूप से दुरुपयोग कर नई फर्म बनाकर पुरानी फर्म का कारोबार दूसरी कंपनी में स्थानांतरित करने का प्रयास किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामले का केंद्र एमओयू और उससे जुड़े दस्तावेज हैं। अदालत के अनुसार, आरोपितों के खिलाफ प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप सामने आते हैं और मामले की पूरी जांच के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ जरूरी है। इसी आधार पर अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। शिव अग्रवाल ने आरोप लगाया कि एमओयू, साझेदारी विलेख और विघटन विलेख पर एक साथ हस्ताक्षर करवाकर दस्तावेज एक मध्यस्थ के पास रखे गए थे। आरोप है कि बाद में उनकी जानकारी के बिना इन्हें रजिस्ट्रार कार्यालय में पेश कर फर्म में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी का हस्तांतरण करा लिया गया। शिकायत के मुताबिक, आरोपितों ने 1 अप्रैल 2022 की पिछली तारीख वाली साझेदारी विलेख तैयार कर शिकायतकर्ता को फर्म से बाहर दिखाया और बाद में नई फर्म बनाकर पुरानी कंपनी के नाम खरीदी गई जमीनों को उसमें स्थानांतरित करने का प्रयास किया। पुलिस जांच के दौरान शिकायतकर्ता, आरोपितों और गवाहों के बयान के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय के रिकॉर्ड की भी जांच की गई। पुलिस के अनुसार, एमओयू, साझेदारी विलेख और विघटन विलेख की तारीखों में अंतर सामने आया।जांच में 1 अप्रैल 2022 की साझेदारी विलेख को संदिग्ध बताया गया, क्योंकि इसके बाद भी अक्टूबर 2022 तक फर्म के नाम पर जमीनों की रजिस्ट्रियां होती रहीं। इसके अलावा शिकायतकर्ता की पूंजी को कथित तौर पर उनकी सहमति के बिना फर्म की बैलेंस शीट में 'असुरक्षित ऋण' के रूप में दर्शाने का भी आरोप है।

# छोटे भाई अबान की अंतिम विदाई में शामिल होंगे अली और उमर

**एक-एक घंटे परिवार के साथ रहने की अनुमति; कड़ी सुरक्षा में जेल वापस पहुंचाए जाएंगे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद परिवार में शोक का माहौल है। छोटे भाई के जनाजे और अंतिम विदाई में शामिल होने के लिए जेल में बंद उसके बड़े भाइयों अली अहमद और उमर अहमद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से पैरोल मिल गई है। हाईकोर्ट ने दोनों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी है। शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अबान की बुआ परवीन कुरैशी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र सामंत की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए अली और उमर को पैरोल देने का आदेश दिया। दोनों भाइयों को परिवार के साथ एक-एक घंटे का समय बिताने की अनुमति दी गई है।

**जेल से सीधे पुलिस सुरक्षा में पहुंचेंगे**

अली अहमद वर्तमान में झांसी जेल और उमर अहमद लखनऊ जेल में बंद हैं। अदालत के आदेश के बाद दोनों को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाया जाएगा। निर्धारित समय पूरा होने के बाद उन्हें सुरक्षित वापस संबंधित जेलों में पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। हाईकोर्ट ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को आश्वस्त किया गया कि दोनों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पैरोल के दौरान निर्धारित शर्तों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

**मीडिया से बातचीत पर रोक**

पैरोल के दौरान अली और उमर के मीडिया से बातचीत करने पर रोक रहेगी। उन्हें पुलिस सुरक्षा में सीधे कब्रिस्तान ले जाने और अंतिम संस्कार के बाद वापस जेल पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। हाईकोर्ट ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई पेशी**

सुनवाई के दौरान अली अहमद को झांसी जेल और उमर अहमद को लखनऊ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के सामने पेश किया गया। अली ने अपने छोटे भाई को अंतिम विदाई देने और परिवार के साथ कुछ समय बिताने की इच्छा जताई। अदालत ने उनकी प्रार्थना को स्वीकार करते हुए आवश्यक शर्तों के साथ पैरोल मंजूर कर दी। अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद की गुरुवार को झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर पूंछ थाना क्षेत्र के पास हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई थी। तेज रफ्तार कार के डिवाइडर से टकराने के बाद अबान और उसके दोस्त सोनू की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए थे। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को अबान का शव प्रयागराज लाया गया। अबान अहमद का अंतिम संस्कार प्रयागराज के चकिया स्थित कसारी-मसारी कब्रिस्तान में किए जाने की तैयारी है। इसी कब्रिस्तान में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ और बेटे असद सहित परिवार के अन्य सदस्यों की कब्रें हैं। अबान के लिए अतीक अहमद की कब्र के पास ही कब्र तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है। अबान का शव फिलहाल परिवार की बुआ परवीन कुरैशी के पुरामुफ्ती क्षेत्र स्थित आवास पर रखा गया है। अंतिम संस्कार को देखते हुए कसारी-मसारी और आसपास के इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन की ओर से भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। अदालत के आदेश के बाद अब परिवार को उम्मीद है कि अली और उमर अपने छोटे भाई अबान को अंतिम विदाई दे सकेंगे। दोनों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

# गोपीगंज पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा, कोर्ट के आदेश पर, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज गोपीगंज।** पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने, जेवरात व नकदी लूटने तथा थाने में जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एससी-एसटी कोर्ट भदोही (ज्ञानपुर) के आदेश पर गोपीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। डुडवा कुकरौंठी निवासी राजू कुमार सरोज ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 13 मई 2026 को इलाज के लिए ले जाते समय मिर्जापुर तिराहे के पास आशीष यादव (निवासी जगदीशपुर, हंडिया, प्रयागराज) उनकी पत्नी मीना देवी को बहला-फुसलाकर ले गया। महिला के साथ करीब 80 हजार रुपये नकद और जेवरात भी थे। राजू का आरोप है कि 30 मई 2026 को आशीष यादव उनकी पत्नी को लेकर गोपीगंज थाने पहुंचा। वहां आरोपी ने गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया। जब वहां भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर गोपीगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137, 87, 115(2), 352, 351(2) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(1)(द) के तहत नामजद आरोपी आशीष यादव और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार की मौत, तीन घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लाईओवर पर पहुंचते समय अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी कार में तेज टकर मार दी, जिससे सभी सवार घायल हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां डॉटरों ने रामचन्द्र यादव को मृत घोषित कर दिया।**

**प्रयागराज गोपीगंज।** किशुनदेवपुर बस स्टैंड के पास राधास्वामी धाम समाधि के निकट फ्लाईओवर पर शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से एक कार सवार की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने मृतक के परिजन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के सरई राजपूतानी निवासी अमृतांशु यादव के पिता रामचन्द्र यादव (लगभग 55 वर्ष) अपने परिचितों अतुल मौर्या (45), गुलाब विश्वकर्मा (55) और भोला नाथ विश्वकर्मा के साथ मैहर धाम के दर्शन के लिए गए थे। पूजा-अर्चना पूरी करने के बाद चारों व्यक्ति कार नंबर UP 66 AP 2740 से घर लौट रहे थे। फ्लाईओवर पर पहुंचते समय अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी कार में तेज टक्कर मार दी, जिससे सभी सवार घायल हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रामचन्द्र यादव को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीन घायलों का इलाज किया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई। अमृतांशु यादव की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार व्यक्ति की तलाश व घटना की जांच शुरू कर दी है।

# शादी में चढ़ावा ले जाते समय हमला, सोने-चांदी के जेवरात और 80 हजार रुपये लूटे जाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के सुजातपुर गांव में शादी समारोह के दौरान मारपीट कर जेवरात और नकदी छीनने की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रयागराज जनपद के उतरांव थाना क्षेत्र के मरदापुर निवासी सुनील कुमार (पुत्र अमरनाथ) ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके भाई सूरज कुमार की शादी 29 मई 2026 को हुई थी।

बारात सुजातपुर निवासी शशिकांत के यहां पहुंची थी। विवाह कार्यक्रम के दौरान 30 मई को करीब तीन बजे अपराह्न सुनील कुमार शादी का चढ़ावा लेकर जनवासे से दूल्हे के ससुराल स्थित घर की ओर जा रहे थे। तभी कुछ लोगों ने लाठी-डंडे और लोहे की सरिया से उन पर हमला कर दिया। मारपीट में उनके सिर व शरीर में चोटें आई




और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। आरोप है कि हमलावरों ने उनके हाथ में मौजूद बैग छीन लिया, जिसमें दुल्हन के सोने-चांदी के आभूषण थे। साथ ही शादी में खर्च के लिए रखे करीब 80 हजार रुपये भी लूट लिए गए। पीड़ित के अनुसार उन्होंने घटना की सूचना 30 मई को ही पुलिस को दी थी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने दोबारा तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हर घर तिरंगा-हर हाथ तिरंगा' अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी नैनी मंडल द्वारा गुरुवार को 'हर घर तिरंगा-हर हाथ तिरंगा' अभियान की सफलता को लेकर मंडल कार्यालय, नैनी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पार्षदों, सेक्टर एवं मोर्चा पदाधिकारियों सहित बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।कार्यक्रम की अध्यक्षता नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे ने की। इस अवसर पर मंडल महामंत्री ओम प्रकाश मिश्रा एवं दिनेश सिंह, नरसिंह जी, ज्ञानेश्वर शुक्ला, राजन शुक्ला, रामलखन रघुवंशी, नामित पार्षद दिलीप केसरवानी, पार्षद राकेश जायसवाल, दिग्विजय सिंह (डब्बू), पार्षदपति मुन्ना प्रधान सहित नैनी मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यशाला में आगामी 'हर घर तिरंगा-हर हाथ तिरंगा' अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।यह जानकारी मीडिया प्रभारी आकाश जायसवाल मीडिया प्रभारी ने दी।

# निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक में जहरीली गैस से दो मजदूरों की मौत, क्षेत्र में मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के गणेशगंज, डेरी नेवादा समोगर में शुक्रवार सुबह एक निर्माणाधीन मकान के सेफ्टी टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र केसरवानी के निर्माणाधीन मकान में नया सेफ्टी टैंक बनाया गया था। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे टैंक की शटरिंग खोलने के लिए दो मजदूर उसके अंदर उतरे। आशंका



है कि टैंक में पहले से जहरीली गैस भरी हुई थी। अंदर उतरते ही दोनों मजदूर गैस की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर पड़े और बाहर नहीं निकल सके।घटना की सूचना मिलते ही एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह, औद्योगिक थाना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान काफी मशक्कत के बाद दोनों मजदूरों को टैंक से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 1 वांछित अभियुत गिरतार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मु0अ0सं0-144/2026 धारा-319(2) /318 (4)/ 338/336(3)/340(2) भा0 न्या0 सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त सन्दीप तिवारी पुत्र दिनेश प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम यशवंत सिंह का पुरा थाना पडरी जनपद मीरजापुर को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-07.08.2026 को थाना हण्डिया से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सन्दीप तिवारी उपरोक्त द्वारा आरोहन फाइनेशियल सर्विसेज



लिमिटेड कम्पनी में काम करते हुए छल करके कूट रचित प्रपत्र तैयार कराकर 21 ग्राहक व सह ग्राहको के मृत्यु प्रमाण पत्रो में जाल साजी करके बीमा दावो से कुल 7,57,500/- रुपये का गबन किये जाने के सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-144/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

सन्दीप तिवारी पुत्र दिनेश प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम यशवंत सिंह का पुरा थाना पडरी जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 26 वर्ष

# बानपुर में दंपति और उनके बच्चों को साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर में पुराने विवाद को लेकर दबंग ने विपक्षी दंपति और उसके बच्चों के साथ गांव में सरेआम गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से असंकित पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कस्बा बानपुर निवासी श्रीमती रचना पत्नी राजेश कुमार ने स्थानीय थाने में शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका पुराना विवाद कस्बे में ही रहने वाले दबंग विपक्षी जितेंद्र पुत्र गोविंद सिंह से चल रहा है, जिस कारण वह उससे रंजिश भी रखता है। बताया गया है कि तीन दिन पूर्व वह अपने पति और बच्चों के साथ अपने घर पर थी, इसी दौरान दबंग विपक्षी जितेंद्र वहां पर आ धमका और उसके और उसके पति तथा बच्चों के साथ सरेआम जमकर गाली गलौज की। इस दौरान जब उसके पति ने विपक्षी की इस हरकत पर विरोध जताया, तो पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। थाना बानपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी विपक्षी के खिलाफ 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# बरौदा डांग के माता मंदिर से घंटे चोरी के मामले में एक सप्ताह बाद भी पुलिस के खाली हाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरौदा डांग में चार दिन पूर्व रात्रि में अज्ञात बदमाशों ने गाँव के माता मंदिर परिसर में सेंधमारी करते हुए वहां लगे हुए करीब आधा दर्जन छोटे-बड़े घंटों पर हाथ साफ कर दिया और वहां से लेकर रफू चक्कर हो गए थे। इस मामले में पुजारी और ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद आज भी पुलिस के हाथ खाली हैं जिससे इलाके के श्रद्धालुओं में आक्रोश पनपता हुआ दिखाई दे रहा है। इलाके के श्रद्धालुओं ने जल्द ही मंदिर में हुई चोरी के कुलसी की मांग उठाई है। क्योंकि निरीक्षण के दौरान



पुलिस ने जल्द ही चोरी के मामले के खुलासा का आश्वासन दिया था मिली जानकारी के अनुसार गत 31 जुलाई 2026 की रात ग्राम बरौदा डांग में उस समय गांव के श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरी चोट पहुंची, जब स्थित प्राचीन माता मंदिर को अज्ञात बदमाशों ने अपना निशाना बनाया और मंदिर परिसर में टंगे हुये छोटे-बड़े करीब आधा दर्जन घंटों को लेकर वहां से रफू चक्कर हो गए। बताया गया है कि अज्ञात बदमाशों ने यहां पर लगा हुआ एक बड़ा घंटा जिसका वजन करीब 11 किलो का बताया जा रहा है चोरी कर लिया इसके साथ ही यहां पर लगे हुए कुछ छोटे और बड़े घंटे भी चोरी कर अपने साथ लेकर वहां से रफू चक्कर हो गए सुबह जब मंदिर के पुजारी और स्थानीय ग्रामीण माता के दर्शनों के लिए पहुंचे तो परिसर में टंगे हुए घंटे गायब होने से हड़कंप जैसी स्थिति रही। इसके बाद यहां पर गांव के सभी श्रद्धालु एकत्रित हुए जिनमें आक्रोश की स्थिति देखी गई, बताया गया है कि मंदिर के पुजारी संदीप शर्मा और अन्य ग्रामीणों ने थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत नजदीकी पारोन पुलिस चौकी जाकर 1 अगस्त को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्यवाही की मांग उठाई थी।

# गाँव में सरेआम गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे में रहने वाले दो ग्रामीणों के बीच उत्पन्न हुए विवाद के दौरान दबंग ने विपक्षी को दबोच पर उसके साथ सरेआम गाली गलौज कर मारपीट की। घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा जखौरा निवासी राहुल पुत्र पप्पू रैकवार में स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि दिनांक 6 अगस्त 2026 को रात्रि 9:00 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान वहां पर मौजूद मंजू कबूतरा पुत्र मारे सिंह से उसकी कहासुनी हो गई थी। इस कहासुनी के दौरान विपक्षी इतना आक्रोशित हो गया कि वह सरेआम गाली गलौज करने लगा। जब उसने विपक्षी की इस हरकत पर विरोध जताया और गालियां देने से मना किया, तो दबंग ने उसे मौके पर दबोच कर उसके साथ लात घूसों से मारपीट की। थाना जखौरा पुलिस में मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी विपक्षी के खिलाफ 115(2), 352 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# 1990 के विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के मामले में 36 साल बाद वारण्टी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना मुठ्ठीगंज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 1990 में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और न्यायालय द्वारा जारी वारंट लंबे समय से लंबित था। करीब 36 वर्ष बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस आयुक्तालय प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुठ्ठीगंज पुलिस टीम को यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार 7 अगस्त 2026 को मुखबिर



से सूचना मिली कि लंबे समय से न्यायालय के वारंट में वांछित अभियुक्त अपने घर पर मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**सुल्तानपुर भावा स्थित घर से हुई गिरफ्तारी**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारण्टी की पहचान अब्दुल्ला पुत्र शमी उल्ला, निवासी 136 सुल्तानपुर भावा, थाना खुल्दाबाद, प्रयागराज, वर्तमान पता 202 अकबरपुर, थाना करैली, प्रयागराज, उम्र करीब 55 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसे सुल्तानपुर भावा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया।

**1990 में दर्ज हुआ था मुकदमा**

पुलिस के मुताबिक अभियुक्त के खिलाफ थाना मुठ्ठीगंज में मु0अ0सं0 8/90 के तहत धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन रहा और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार माननीय न्यायालय ‹ष्ट्वरू16 इलाहाबाद द्वारा केस संख्या 5358/10 में अभियुक्त के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट तथा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई से संबंधित आदेश जारी किया गया था। वारंट लंबे समय से लंबित होने के कारण पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी।

**लंबे समय से फरारी के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा**

पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसी क्रम में मुठ्ठीगंज पुलिस टीम ने पुराने लंबित वारंटों की तामील और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। इसी दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# शिव आराधना से व्यक्ति भवसागर को पार होता है : चंद्रेश्वर गिरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर चल रहे सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में शुक्रवार को श्रद्धालुओ ने 15 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया।अपराह्न में पार्थिव शिवलिंग का महारूद्धाभिषेक किया गया।तत्पश्चात श्री शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए परमपूज्य चंडी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चंद्रेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि जो श्रवण,कीर्तन और मनन - इन तीनों साधनों व अनुष्ठान से भगवान शंकर के लिंग एवं मूर्ति की स्थापना करके नित्य उसकी पूजा करे तो संसार-सागर से पार हो सकता है।अपने सामर्थ्य के शक्ति के अनुसार दान ले जाय और उसे शिवलिंग अथवा शिवमूर्ति की सेवा के लिये अर्पित कर दे। साथ ही निरंतर उस लिंग एवं मूर्ति की पूजा भी करे। उसके लिये भक्तिभाव से मंडप, गोपुर, तीर्थ, मठ एवं क्षेत्र की स्थापना करें तथा उत्सव रचाये । वतस्त्र, गंध, पुष्प, धुप, दीप तथा पूजा और प्रसाद अन्न नैवेद्य के रूप में समर्पित करे । छत्र, ध्वजा, व्यंजन, चामर तथा अन्य अन्गोसहित राजोपचार की भांति सब सामान भगवान शिव के लिंग एवं मूर्ति को चढाये । प्रदक्षिणा, नमस्कार तथा यथाशक्ति जप करे । आवाहन से लेकर विसर्जनत्तक सारा कार्य प्रतिदिन भक्तिभाव से सम्पन्न करे । इस प्रकार शिवलिंग अथवा शिवमूर्ति में भगवान शंकर की पूजा करनेवाला पुरुष श्रवणादि साधनों का अनुष्ठान करे तो भी भगवान शिवकी प्रसन्नता व सिद्धि प्राप्त कर लेता हैं । प्राचीन समय में कई भक्तों ने अपनी भक्ति से शिव को प्रसन्न किया हैं।उन्होंने कहाकि ब्रह्म व सर्वत्र होने के कारण 'निष्कल' (निराकार) कहे गये हैं । रूपवान होनेके कारण उन्हें 'सकल' भी कहा गया हैं । इसलिए वे सकल और निष्कल दोनों हैं ।

# कतरास में भीषण भू-धंसान, एक दर्जन घर जमींदोज

## करीब 12 लोग घायल, दो मंजिला मकान भी जमीन में समाया, इलाके में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद में शुक्रवार को भीषण भू-धंसान से हड़कंप मच गया। अचानक जमीन धंसने से करीब एक दर्जन घर इसकी चपेट में आकर जमींदोज हो गए। इस दौरान एक दो मंजिला मकान भी पूरी तरह जमीन में समा गया। हादसे में करीब 12 लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, भू-धंसान से पहले जमीन में तेज आवाज के साथ दरारें पड़ने लगी थीं। कुछ ही देर में बड़े क्षेत्र में जमीन धंस गई और कई मकान इसकी चपेट में आ गए। आसपास की जमीन पर भी बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने से लोगों में दहशत फैल गई। कई लोग मलबे और धंसी जमीन के बीच फंस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से बाहर निकाला गया।




**20 फीट तक धंसी जमीन**

स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, कुछ स्थानों पर जमीन करीब 20 फीट तक धंस गई। मोहम्मद सज्जाद के परिवार के कई सदस्य भी फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीढ़ी के सहारे सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में हुस्ना बानो नामक महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के कई घरों को खाली कराना शुरू कर दिया। जिला प्रशासन, पुलिस और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की टीमें मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है।

### स्थायी समाधान और पुनर्वास की मांग

भू-धंसान की घटना के बाद स्थानीय लोगों में बीसीसीएल और प्रशासन के प्रति नाराजगी है। लोगों का कहना है कि कोयला खनन क्षेत्र होने के कारण इलाके में लंबे समय से भू-धंसान का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास और सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। प्रभावित परिवारों ने सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास, उचित मुआवजा और भू-धंसान की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों की जान से खिलवाड़ का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद में कई सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन इसलिए किया जा रहा है, ताकि इलाके के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके और उन्हें समय पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। लेकिन जनपद में संचालित आरोग्य मंदिरों में यहां के कर्मचारियों की लचर कार्यप्रणाली के चलते आने वाले मरीजों को एक्सपायरी डेट की दवाएं थमाई जा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया गया है कि बानपुर के आरोग्य मंदिर में एक मरीज को एक्सपायरी डेट की दवा थमा दी गई। गनीमत यह रही कि मरीज ने वह दवाई समय रहते देख ली और काउंटर पर वापस कर इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसमें उसने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले में कार्यवाही की मांग उठाई है। मिली जानकारी के अनुसार बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ोखरा निवासी जहर सिंह की तबीयत खराब होने के कारण वह कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य मंदिर में अपना इलाज करने के लिए गया हुआ था। बताया गया है कि अस्पताल में पहुंचने के बाद उसने वहां तैनात डॉक्टर को दिखाया और उसके बाद अस्पताल के काउंटर से पर्चे में लिखी दवाइयाँ और लगाने वाली ट्यूब (मलहम) मुझे दी गई। इस दौरान मरीज ने जब दवाइयां और मरहम को चेक किया, तो पता चला कि वे सभी 'एक्सपायरी डेट' (समय सीमा समाप्त) की थीं। इस दौरान मरीज की सतर्कता से उसकी जान और त्वचा बच गई। यदि मरीज में इसकी एक्सपायरी डेट पर ध्यान नहीं दिया होता तो हो सकता है, आज उसकी जान चली जाती। इस दौरान मरीज ने यहां पर इसका एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया जिसमें लोगों को यह संदेश दिया गया है कि वह सरकारी अस्पताल से जो भी दवाइयां लेने उसकी एक्सपायरी डेट जरूर जांच कर लें। इसके साथ उसने जनपद स्तरीय अधिकारियों से यह मांग उठाई कि इस काउंटर पर तैनात कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर दिया जाए ताकि अन्य मरीजों की जान बच सके क्योंकि यहां पर लापरवाह कर्मचारियों एक्सपायरी डेट की दवाएं मरीजों को दे रही हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बिना पढ़े-लिखे मैरिज उन्हें बिना जांच ही इसका सेवन कर लेते हैं जिससे उनकी जान पर बन सकती है। अब इस मामले में देखने वाली बात है होगी कि जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है तब जनपद स्तरीय जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई अमल में लाते हैं।

# एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियो/थाना/चौकी प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था सम्बन्धी समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान बताया गया कि स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन हेतु संचालित * 'मिशन सेफ फ्यूचर '* अभियान के अंतर्गत स्कूली वाहनों (बस, ऑटो, ई-रिक्शा आदि) की नियमित चेकिंग कर सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने, वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच करने तथा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए। ई-रिक्शा चालकों के सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया कि थाना/चौकी क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शाओं एवं उनके चालकों का नियमानुसार सत्यापन कराया जाए तथा चालकों के अभिलेखों एवं पहचान संबंधी विवरण की जांच की जाए। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों अथवा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लव-जिहाद से संबंधित गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तथ्यों का सत्यापन कर विधि एवं साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाली भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सूचनाओं पर भी सतर्क निगरानी रखते हुए कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। चेन स्नैचिंग एवं टप्पेबाजी की घटनाओं की रोकथाम हेतु थाना/चौकी क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बैंक/एटीएम एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा पूर्व में घटित घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए घटनाओं की रोकथाम एवं अनावरण हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नियमित वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी हेतु निर्देशित किया गया कि थाना/चौकी क्षेत्रों में नियमित रूप से प्रभावी वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की नियमानुसार चेकिंग/पूछताछ की जाए। तेज आवाज करने वाले साइलेंसर युक्त वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा ऐसे वाहनों से आमजन को होने वाली असुविधा एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



# पिसनारी में पाइपलाइन के लिए खोदी सड़क बनी जी का जंजाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जहां एक ओर शहर के के मोहल्ला पिसनारी बाग़ से निकली नहर के पास बसे मुहल्ले में अमृत योजना-दो के तहत हर घर तक शुद्ध जल पहुंचने के लिए पाइपलाइन डालने हेतु कार्यदाई संस्था द्वारा खोदी गई सड़क और गड्डों को यूं ही खुला छोड़ दिया गया, जिस कारण मोहल्ले वासियों का जीवन दुबर हो गया है। यहां पर खुदी पड़ी सड़क बरसात के कारण दल दल में तब्दील हो गई है, जिससे मुहल्ले बासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खुले पड़े हुए गड्ढे में कई निजी और कमर्शियल वाहन गिरकर क्षतिग्रस्त हुए, तो सवारियां चोटिल हुई। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इस मामले को लेकर मोहल्ले वासियों ने काफी आक्रोश व्यक्त किया और अधिकारियों से यहां की सड़कों की मरम्मत करने के साथ-साथ लापरवाही कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई। जनपद के शहरी इलाके में शासन की मंशा के अनुरूप अमृत योजना दो के तहत कार्य संस्था द्वारा पाइप लाइन डालने का काम किया जा रहा है, ताकि शुद्ध पेयजल हर घर तक पहुंच सके। लेकिन कार्यदाई संस्था के कर्मचारियों द्वारा पाइपलाइन डालने में काफी लापरवाही वर्ती जा रही है, जिस कारण यहां के लोगों का जीवन नरक सा बन चुका है। कई मोहल्लों में सड़कें खुदी पड़ी हैं, काफी गहरे गड्ढे यूँ ही खुले छोड़ दिए गये है, जिनमें वाहन गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और आने-जाने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं। बताया गया है कि शहर के पिसनारी बाग़ मुहल्ले में नहर के आस पास बसी बस्ती में कार्यदाई संस्था द्वारा पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गौ सड़क ब गड्डों को यूं ही खुला छोड़ दिया, जिसमें कई निजी और कमर्शियल वाहन गिर रहे हैं और वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं तथा राहगीर और उसमें बैठी सवारियां भी चोटिल हो रही हैं। इतना ही नहीं बरसात के कारण इस इलाके में कीचड़ के कीचड़ युक्त हो गई है जिसे छोटे-छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और जो बच्चे स्कूल जाते आते हैं तो यहां फसल कर गिरकर चोटिल हो जाते हैं और उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं। मोहल्ले की महिलाएं अपना काम नहीं कर पा रही हैं और उनके घरों में गंदगी मची हुई है। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि इस मामले को लेकर उन्होंने कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने मामला संज्ञान में नहीं लिया, जिस कारण यहां रोज हादसे हो रहे हैं। अधिकारियों और कार्यदाई संस्था की लचर कार्यप्रणाली पर मोहल्ले वासियों ने काफी आक्रोश जताया और अधिकारियों से यहां की सड़क और गड्डो के मरम्मत करवाने की मांग उठाई। मोहल्ले वासियों ने तो यहां तक कहा कि यदि जल्द ही यहां मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया जाता, तो वह कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन अनशन पर बैठेंगे,जिसकी समस्त जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारी कर्मचारियों पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और शिकायत करने के बाद भी सुनवाई न करने का भी आरोप लगाया। हालांकि जिला अधिकारी ने जल्द ही यहां की सड़क की जल्द ही मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया।



# एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, ललितपुर श्री संजीव कुमार बाजपेई द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में सम्मिलित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्रिल, अनुशासन, टर्नआउट, ड्रेस कोड, शारीरिक दक्षता एवं सामूहिक तालमेल का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। परेड के दौरान आवश्यक ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा पुलिस बल को अनुशासन, समय पालन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। परेड निरीक्षण के उपरान्त उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर स्थित क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार एवं स्टोर रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के समुचित रख-रखाव, उपलब्ध संसाधनों की स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात महोदय द्वारा परिवहन शाखा में वाहनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार व्यवस्था, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल सहित अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। साथ ही उपलब्ध उपकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सभी संसाधन सदैव पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में रहें, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सके। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर स्थित जिमनेजियम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिम में उपलब्ध उपकरणों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य, फिटनेस एवं कार्यक्षमता को बेहतर बनाए रखने हेतु नियमित व्यायाम एवं जिम का उपयोग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जिम में उपलब्ध उपकरणों के समुचित रखरखाव, साफ-सफाई एवं उन्हें नियमित रूप से उपयोग योग्य स्थिति में रखने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित भोजनालय का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भोजनालय में रखे अभिलेखों, परिसर की साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित रखरखाव तथा खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया। साथ ही पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पौष्टिकता पर विशेष ध्यान देते हुए भोजन को पौष्टिक, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने तथा भोजनालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# धारा-163 लागू, जिले की सीमा में आने-जाने वालों के लिए प्रशासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जैसा कि आप सभी अवगत है, कि दिनॉक 15 अगस्त 2026 को स्वतन्त्रता दिवस, दिनॉक 26 अगस्त 2026 को ईद-ए-मिलाद/बारावफात, दिनॉक 28 अगस्त 2026 को रक्षावन्धन, दिनॉक 04 सितंबर 2026 श्री कृष्ण जन्माष्टमी तथा दिनॉक 22 सितंबर 2026 को डोल ग्यारस/जल बिहार आदि त्योहार मनाया जाना है, उक्त त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में आसामाजिक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थ हेतु शांति व्यवस्था भंग करने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। उक्त अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक एवं समीचीन है।

अतएव उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दिनांक 07 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक जनपद की सीमान्तर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू किया जाना अपरिहार्य है। अतः मैं, दिनेश कुमार, अपर जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर, धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत निम्नलिखित निषेद्याज्ञायें पारित करता हूॅ। किसी भी स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, पार्टी अथवा संगठन किसी तरह का प्रदर्शन नहीं करेगें। यह कि जनपद की सीमाओं में कोई भी व्यक्ति शादी विवाह आदि कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग नही करेगा और न ही किसी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलेगा। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक/धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक गतिविधियों के लिये नहीं किया जायेगा ओर न ही वहॉ से प्रकार का भाषण, बक्तव्य चाहे वह मौखिक हो या लिखित रूप में, जारी नहीं करेगा, जिससे किसी धर्म, जाति, सम्प्रदाय अथवा व्यक्ति विशेष पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की व जन भावना उद्वेलित होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा और न ही उसका प्रदर्शन करेगा, जिससे जन सामान्य में भय अथवा आक्रोश उत्पन्न होने की सम्भावना हो।

# 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के पंजीकरण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित माय भारत द्वारा 'नशा मुक्त युवा - विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत जनपद के युवाओं के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ नशामुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। जिला युवा अधिकारी, माय भारत, सीतापुर ने बताया कि जनपद के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। अभियान के अंतर्गत लोकगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, कविता/स्लैम पोएट्री, 60 सेकंड की शॉर्ट फिल्म अथवा रील सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में माय भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदन की अंतिम तिथि 09 अगस्त 2026 है । इच्छुक प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर निर्धारित प्रतियोगिता का चयन करें। अधिक जानकारी के लिए जिला युवा अधिकारी कार्यालय, माय भारत, सीतापुर से संपर्क किया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता का वाहक बनाते हुए 'नशा मुक्त भारत - विकसित भारत' के संकल्प को साकार करना है।

# लखनऊ में 537 स्कूल वाहन चालकों पर पॉक्सो से लेकर मर्डर तक के मामले

## मिशन भरोसा में चौंकाने वाला खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर खुलासा सामने आया है। स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत संचालित 'मिशन भरोसा' पोर्टल पर पुलिस वेरिफिकेशन के दौरान 537 ऐसे स्कूल वाहन चालकों की पहचान की गई है, जिनके खिलाफ पॉक्सो (POCSO) एक्ट से लेकर हत्या (मर्डर) तक के गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई चालकों पर सात-आठ धाराओं में मुकदमे चल रहे हैं। मिशन भरोसा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक सिंह ने बताया कि पोर्टल पर राजधानी में संचालित स्कूल वाहनों का ब्योरा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस सत्यापन में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि 537 चालकों पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इससे पहले भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की पहचान कर उनकी डिटेल पुलिस और परिवहन विभाग को दी जा चुकी है। कार्रवाई न होने पर नई रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्र सरकार को भी भेजी गई है।

**पोर्टल पर दर्ज आंकड़े**

- 889 स्कूलों के नाम जहां वाहन सुविधा उपलब्ध है।
- 3301 स्कूली वाहन चालकों का ब्यौरा।
- 6183 स्कूली वाहन पोर्टल पर दर्ज।
- सिर्फ 228 स्कूली वाहनों में सहायक (कंडक्टर/हेल्पर) उपलब्ध।
- 2443 चालकों का वेरिफिकेशन पूरा, जिसमें 1906 का वेरिफिकेशन पॉजिटिव (साफ) पाया गया।

गौरतलब है कि लखनऊ आरटीओ में सिर्फ 1700 से ज्यादा स्कूली वाहन आधिकारिक रूप से दर्ज हैं, जबकि मिशन भरोसा पोर्टल पर 6183 वाहन दर्ज हो चुके हैं। कई वाहन स्कूली मानकों (पीला रंग, सीसीटीवी, लाइव ट्रैकिंग, सेफ्टी रॉड आदि) का पालन नहीं कर रहे हैं। कई चालकों के पते फर्जी पाए गए हैं, जिनके आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए।



**हालिया घटनाएं और चिंता**

पिछले कुछ महीनों में लखनऊ में स्कूल वैन चालकों द्वारा बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के कई मामले सामने आए हैं। जुलाई 2026 में राजजीपुरम और मलिहाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों में चार साल और सात साल की बच्चियों के साथ कथित दुष्कर्म/छेड़छाड़ के मामले दर्ज हुए, जिनमें चालकों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले 2025 में भी इंदिरा नगर में चार साल की बच्ची के साथ स्कूल वैन में दुष्कर्म का मामला सामने आया था। इससे पहले जुलाई 2026 में परिवहन विभाग के आंकड़ों में 2,370 स्कूल वाहन चालकों में से 524 पर प्रतिकूल रिपोर्ट आई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी 527 चालकों की सूची पेश की गई थी, जिसमें आपराधिक पृष्ठभूमि वाले और सत्यापन अधूरे दोनों शामिल थे। कोर्ट ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला चालकों की नियुक्ति पर विचार करने का सुझाव दिया है।

**प्रशासन और अभिभावकों के लिए सलाह**

परिवहन विभाग स्कूलों को नोटिस जारी कर सत्यापन पूरा कराने पर जोर दे रहा है। अभिभावक मिशन भरोसा पोर्टल पर अपने बच्चे के वाहन नंबर और स्कूल का नाम दर्ज कर चालक का वेरिफिकेशन खुद करवा सकते हैं। पोर्टल पर चालक की फोटो, कॉन्टैक्ट नंबर, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, पता और रिश्तेदार की डिटेल उपलब्ध करवाई जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अभिभावकों को सतर्क रहना चाहिए–बच्चों को अकेले न भेजें, ड्राइवर का नंबर-पता रखें, स्कूल को सूचना दें और रोज बच्चों से बात करें। गुड टच-बैड टच की जानकारी दें। मिशन भरोसा 2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना है। इसमें पुलिस वेरिफिकेशन, लाइव ट्रैकिंग और जागरूकता शामिल है। फिर भी, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले चालकों का जारी रहना बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनकर उभरा है। प्रशासन से सख्त और त्वरित कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।